राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

गाजियाबाद, बुधवार 25 फरवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 354, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12



11 वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए...



कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी 26 फरवरी ... 12

# राजकोट में 1489 अवैध मकानों पर गरजा बुलडोजर



**सड़क पर आए 50 साल से रह रहे लोग**

**राजकोट (आरएनएस)।** गुजरात के राजकोट में प्रशासन का बुलडोजर जमकर गरजा। राजकोट नगर निगम ने शहर के जंगलेश्वर इलाके में अवैध कब्जों के खिलाफ एक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासन की इस भारी-भरकम कार्रवाई के तहत इलाके की 1,489 अवैध इमारतों को जमींदोज किया जाएगा। दशकों से बसी इन बस्तियों पर अचानक बुलडोजर चलने से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

**डिप्टी सीएम के आदेश पर शुरू हुआ महाअभियान**

इस बड़ी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में राज्य के शीर्ष नेतृत्व का सख्त रुख है। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, राज्य के डिप्टी सीएम हर्ष सांघवी से सीधे आदेश मिलने के बाद ही राजकोट नगर निगम ने जंगलेश्वर इलाके में इस व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान का खाका तैयार किया और उसे जमीन पर उतारना शुरू कर दिया।

**नदी किनारे और टाउन प्लानिंग रोड से हटेंगे कब्जे**

अभियान की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए म्युनिसिपल कमिश्नर तुषार सुमेरा ने बताया कि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जंगलेश्वर में अजी नदी के किनारे और म्युनिसिपल टाउन प्लानिंग रोड पर बनी सभी 1,489 संपत्तियों को पूरी तरह से हटाया जाएगा। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई से पहले शनिवार से ही लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से उनके घर खाली करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, कंट्रोल रूम से रखी जा रही नजर**

इतनी बड़ी संख्या में मकानों को गिराए जाने के दौरान किसी भी तरह के बवाल से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए हैं। भक्तिनगर सर्कल के पास स्थित सेठ हाई स्कूल में 2,500 से अधिक निगम अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की फौज तैनात की गई है। कमिश्नर सुमेरा ने बताया कि हालात की निगरानी के लिए मौके पर ही एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है और वे खुद पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहे हैं। उनका दावा है कि लोग खुद अपना सामान लेकर शांति से घर खाली कर रहे हैं।

**दशकों से रह रहे लोगों का दर्द, बोले- 'अब सड़क ही हमारा ठिकाना**

एक तरफ प्रशासन इसे नियमों के तहत की गई कार्रवाई बता रहा है, तो दूसरी तरफ अपनी जिंदगी भर की कमाई उजड़ते देख स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और बेबसी है। जंगलेश्वर की गली नंबर तीन में पिछले 43 वर्षों से रह रहे हारुनभाई सुमरा ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि वे और उनकी बहन दोनों दिव्यांग हैं और मजदूरी करके पेट पालते हैं। उन्हें महज दो दिन पहले घर गिराए जाने की सूचना मिली। वहीं, 50 साल से इसी इलाके में रह रहीं हालिनबेन की चिंता भी कम नहीं है। आठ सदस्यों वाले उनके बड़े परिवार को कोई किराए पर मकान नहीं दे रहा है, जिसके चलते अब उनके सामने सड़क पर ही दिन गुजारने की नौबत आ गई है।

## न्यूज डायरी

### केंद्र सरकार ने जारी की भारत की पहली 'एंटी-टेरर पॉलिसी, डार्क वेब से लेकर ड्रोन तक से निपटने का फुलप्रूफ प्लान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को और अभेद्य बनाने के लिए भारत की पहली पूर्ण और व्यापक एंटी-टेरर पॉलिसी 'प्रहार जारी कर दी है। इस महत्वपूर्ण नीति में क्रॉस बॉर्डर आतंकवाद के साथ-साथ क्रिमिनल हैकर्स और साइबर हमलों से देश को मिल रही नई चुनौतियों का विस्तार से खाका खींचा गया है। 'प्रहार पॉलिसी स्पष्ट करती है कि भारत इस समय




जल, थल और नभ तीनों रास्तों से आतंकवादी खतरों का सामना कर रहा है। इसके साथ ही, इस नीति में यह भी साफ संदेश दिया गया है कि भारत आतंकवाद को किसी भी विशेष धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता है।

**डार्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट के बढ़ते इस्तेमाल पर गंभीर चिंता**

गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए इस स्ट्रैटेजी डॉक्यूमेंट में तकनीक के गलत इस्तेमाल पर गहरी चिंता जताई गई है। आतंकी संगठन अब अपनी रसद (लॉजिस्टिक्स) और नई भर्तियों के लिए तेजी से संगठित आपराधिक नेटवर्क का सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा, फंडिंग और ऑपरेशनल दिशा-निर्देशों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लिकेशन, एन्क्रिप्शन टूल, डार्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। खुफिया एजेंसियों के लिए साइबर दुनिया में गुमनाम (एनॉनिमस) रहकर की जा रही ये आतंकी गतिविधियां एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं।

### मिलावटी दूध पीने से बिगड़ी तबीयत, 48 घंटे के अंदर 4 लोगों की मौत, 12 की हालत गंभीर

**राजमुंदरी (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के राजमुंदरी इलाके में पिछले 48 घंटों के भीतर अचानक किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी के चलते चार लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 12 अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जान गंवाने वाले और बीमार पड़े सभी लोग 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

**मिलावटी दूध पीने से बिगड़ी तबीयत**

इस पूरे मामले की जब शुरूआती जांच की गई तो एक बेहद चौंकाने वाली सच्चाई निकलकर सामने आई। स्वास्थ्य अधिकारियों और पुलिस की जांच



में यह पता चला है कि इन सभी पीड़ित बुजुर्गों ने मिलावटी दूध का सेवन किया था। इस कथित 'जहरीले और मिलावटी दूध को पीने के कुछ ही समय बाद इन लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी, जिसने देखते ही देखते चार लोगों की जान ले ली और कई लोगों को अस्पताल के बिस्तर पर पहुंचा दिया।

**पानी के सैंपल निकले सही तो खुला दूध का राज**

इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया था। सबसे पहले प्रभावित इलाकों में पीने के पानी के सैंपल लिए गए और उनकी जांच की गई। जब पानी की रिपोर्ट बिल्कुल सही आई, तो जांच की दिशा बदली गई। बारीकी से छानबीन करने पर सभी पीड़ित परिवारों के बीच एक अहम लिंक सामने आया कि इन सभी ने एक ही वेंडर से दूध खरीदा था। इसी सुराग के बाद से प्रशासन मिलावटी दूध के एंगल से सघन जांच कर रहा है।

आरोपी दूध विक्रेता हिरासत में, अवैध डेयरी सीज मामले का खुलासा होने के बाद जांच कर रहे अधिकारियों ने कोरुकोंडा मंडल के नरसापुरम गांव में छापेमारी की और एक दूध विक्रेता को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान पता चला कि वह अवैध रूप से डेयरी यूनिट चला रहा था, जिसे तुरंत सीज कर दिया गया है।

## सीएम मान का ऐतिहासिक एलान, 'मेरी रसोई योजना के तहत 40 लाख परिवारों को मिलेगा मुफ्त राशन

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में पहली बार व्यापक स्तर पर खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूती देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने आज 'मेरी रसोई योजना की शुरूआत का ऐलान किया, जिसके तहत 40 लाख परिवारों को अप्रैल से तिमाही आधार पर मुफ्त फूड किट (भोजन किट) का वितरण शुरू किया जाएगा



उल्लेखनीय है कि ये फूड किट राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दिए जाने वाले गेहूं से अलग तौर पर प्रदान की जाएंगी।

इस योजना की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार जन कल्याण योजनाओं के लिए संसाधन जुटाना अच्छी तरह जानती है, जो पूरी ईमानदारी और दूरदर्शिता के साथ चलती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर बच्चे के लिए पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करना सिर्फ एक वादा नहीं बल्कि हमारा नैतिक फर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले लोक-हितैषी बजट में भी समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखते हुए लोक भलाई उपायों का दायरा और विस्तृत किया जाएगा।


मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पहल पंजाब के हर परिवार के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में पंजाब के शानदार योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के मेहनती और जुझारू किसानों ने अथक मेहनत से यह सुनिश्चित किया कि देश में कोई भी भूखा न सोए।

## स्नूकर क्लब में 10वीं के छात्र पर 30 सेकंड में 27 बार चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक बेहद खौफनाक और हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक स्नूकर क्लब में 10वीं क्लास के एक छात्र पर दो अन्य नाबालिगों ने महज 30 सेकंड के अंदर 27 बार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने के बाद बेखौफ आरोपियों ने खुद ही घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया, जिसने पूरे शहर में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

**फिल्मी स्टाइल में आए और ताबड़तोड़ कर दिए वार**

वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में इस हमले की भयावहता साफ देखी जा सकती है। वीडियो में दो नाबालिग आरोपी बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में स्नूकर क्लब के अंदर घुसते नजर आते हैं। इसके बाद वे वहां मौजूद 10वीं के छात्र को चारो तरफ से घेर लेते हैं और बिना कोई मौका दिए उस पर चाकू और खंजर से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर देते हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर उतनी ही तेजी से मौके से फरार भी हो जाते हैं जितनी तेजी से वे क्लब में



दाखिल हुए थे।

**शरीर पर अनगिनत गहरे घाव, दो उंगलियां भी कटीं**

इस जानलेवा हमले में पीड़ित छात्र बुरी तरह से घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, उसकी एक कलाई पर 10 से ज्यादा गहरे कट लगे हैं, जबकि बचाव करने के प्रयास में दूसरे हाथ की दो उंगलियां भी कट गई हैं।

## सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा फैसला, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को अब कैश पुरस्कार और कानूनी सुरक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार की 'राह-वीर योजनाइ को राजधानी में भी लागू करने का निर्णय लिया है।

योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायलों की मदद करने वाले नागरिकों को 25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र



सरकार ने इस मानवीय पहल को प्रोत्साहन देने के लिए आर्थिक पुरस्कार की व्यवस्था की है ताकि आम नागरिक बिना किसी भय के दुर्घटना पीड़ितों की सहायता कर सकें और मानवता का परिचय दे सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर के भीतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना है। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का मानना है कि यदि ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आकर मदद करेंगे तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

## डीएम ने सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम किया रद्द, मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कल 26 फरवरी को होने जा रहा 517 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह प्रशासन ने निरस्त कर दिया। पंडाल में फटे व गंदे कपड़ों के इस्तेमाल और घटिया गुणवत्ता के भोजन

- **फर्म ब्लैकलिस्ट,डीएम अभिषेक पांडेय की बड़ी कार्रवाई**
- **सरकारी धन की बबार्दी रोकने को किया कार्यक्रम निरस्त**
- **जिलाधिकारी व सीडीओ ने विवाह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया**

की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया। आपको बता दें,कि उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। जिसमें गरीब परिवारों जोड़ों की शादी कराई जाती है,शादी में प्रति जोड़े पर एक लाख की धनराशि खर्च की जाती है। आगामी 26 जनवरी को उक्त योजना के तहत जोड़ों का विवाह संपन्न होना था।

समाज कल्याण विभाग की ओर से करीब 75 लाख रुपये की लागत से 517 जोड़ों के विवाह का आयोजन प्रस्तावित था। कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने जब व्यवस्थाएं देखीं तो गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। पंडाल में फटे और गंदे कपड़ों का इस्तेमाल,सजावट की निम्न स्तर की सामग्री,भोजन की बेहद खराब गुणवत्ता,साफ-सफाई और बैठने की व्यवस्था में कमी सीडीओ ने मौके पर ही नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी।

डीएम अभिषेक पांडेय ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण में खामियां सही पाए जाने व सरकारी धन की बबार्दी रोकने को विवाह कार्यक्रम निरस्त करने के आदेश दिए,बल्कि संबंधित फर्म मुकुल वेडिंग्स को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट कर दिया।

उन्होंने बताया कि उक्त फर्म को 75 लाख रुपये का टेंडर दिया गया था और उसने प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी योजना के कार्यक्रम आयोजित किए हैं। डीएम ने निदेशालय को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि इस फर्म को अन्य जिलों में भी कार्य न दिया जाए। डीएम ने कहा कि जिन जोड़ों की शादी होनी थी,वह निराश नहीं हो,आगामी दस दिनों में योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित कर विवाह संपन्न कराये जायेंगे।

गौरतलब है,कि कार्यक्रम की तैयारियों में समाज कल्याण विभाग की निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि समय रहते निरीक्षण न होता तो इतने बड़े आयोजन में अव्यवस्था और शर्मनाक स्थिति पैदा हो सकती थी।





**बड़ा बयान** | आरक्षण, लिव-इन और यूसीसी पर रखी बेबाक राय

## अब कटने-बंटने के दिन गए, आरएसएस चीफ मोहन भागवत का बड़ा बयान

**देहरादून (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने देश के बंटवारे, आरक्षण, समान नागरिक संहिता और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बेबाक राय रखी है। देहरादून के हिमालयन कल्चरल सेंटर में 'संघ यात्रा-नये क्षितिज, नये आयाम विषय पर आयोजित एक प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में अब कटने और बंटने के दिन पूरी तरह से जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 के विभाजन जैसी त्रासदी को अब दोबारा किसी भी परिस्थिति में दोहराने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि आज समाज और राष्ट्र दोनों पूरी तरह से जागृत हो चुके हैं और पूरी दुनिया भारत को नेतृत्व की भूमिका में देख रही है।

**जब तक मन में भेदभाव, तब तक जारी रहे आरक्षण**

समाज में समानता और आरक्षण के मुद्दे पर बोलते हुए आरएसएस प्रमुख ने साफ किया कि देश में आरक्षण बराबरी लाने के लिए ही लागू किया गया था। उनका स्पष्ट मानना है कि जब तक लोगों के मन और व्यवहार में सामाजिक विषमता




या भेदभाव बना रहेगा, तब तक समाज में अदृश्य छुआछूत चलती रहेगी। इसलिए, जब तक समाज के मन से यह भेदभाव पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, तब तक आरक्षण व्यवस्था को जारी रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हजारों साल पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान केवल नियम-कानूनों से नहीं, बल्कि सच्चे सामाजिक सद्भाव से ही निकलेगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वर्गीकरण में बंटने के बजाय सभी एकजुट होकर रहें।

**जनसंख्या कानून और महिलाओं के लिए 50 फीसदी कोटे का समर्थन**

जनसंख्या नियंत्रण और समान अधिकारों की वकालत करते हुए डॉ. भागवत ने जनसंख्या कानून की जरूरत पर बल दिया और तीन बच्चों की बात का समर्थन किया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू की गई समान नागरिक संहिता की पहल की जमकर सराहना की और इसे समाज को एकजुट करने वाला बेहतरीन कदम बताते हुए पूरे देश में लागू किए जाने का समर्थन किया। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण पर बड़ा बयान देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी और शक्ति हैं, इसलिए उन्हें केवल 33 प्रतिशत नहीं बल्कि पूरे 50 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार मिलना चाहिए।

**'लिव-इन संस्कृति को बताया अस्वीकार्य, नई पीढ़ी को दी नसीहत**

पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए सरसंघचालक ने 'लिव-इन रिलेशनशिपइ को भारतीय समाज के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बिना विवाह के उपभोग तो सिर्फ जानवरों में होता है, इसलिए आज के युवाओं को विवाह जैसी संस्था की सामाजिक जिम्मेदारी उठानी ही होगी। इसके अलावा, नई पीढ़ी (जेन-जी) और बढ़ती तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के साथ प्रामाणिकता से पेश आना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीक को मानव संस्कारों और मनुष्यता की कीमत पर कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने सभी परिवारों से घरों में अपना स्क्रीन टाइम भी संयमित रखने का खास आह्वान किया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# मातृ-पितृ पूजन में बच्चों ने उतारा श्रद्धा का भाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**सरस्वती शिशु मंदिर में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम, वक्ताओं ने बताए संस्कारों के महत्व**

किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ।
उद्घाटन सत्र में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. नीरज अग्रवाल, व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विद्यालय समिति के वरिष्ठ सदस्य राकेश कुमार गर्ग, प्रधानाचार्य बलबीर सिंह, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या उमा गुप्ता, मुख्य वक्ता ममता गर्ग एवं कार्यक्रम संयोजिका मधु गिरि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्य वक्ता ममता गर्ग ने परिवार और





बच्चों के जीवन में माता-पिता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया।
कार्यक्रम के अंत में पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह ने उपस्थित अभिभावकों से परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने सभी आगंतुकों, समिति के वरिष्ठ सदस्यों, पत्रकार बंधुओं, आचार्य-आचायाओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज और परिवार में अपनी भूमिका को समझकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# बुगरासी में जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे का आरोप: जिलाधिकारी से शिकायत,लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** स्याना तहसील क्षेत्र के जलालपुर गांव के प्रधान पति हामिद अली ने अपनी साढे तीन बीघा जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है।
हामिद अली का आरोप है कि स्थानीय अधिकारियों से शिकायत के बावजूद उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है और उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया गया है।
हामिद अली ने वर्तमान बुगरासी नगर पंचायत अध्यक्ष और स्थानीय लेखपाल पर भूमाफियाओं के साथ



मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है। उनका दावा है कि लेखपाल भूमाफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं और जमीन कब्जाने में उनकी मदद कर रहे हैं स्थानीय प्रशासन से मदद ना मिलने के बाद, हामिद अली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जमीन को भूमाफियाओं से मुक्त कराने की अपील की है।
इससे पहले. प्रधान पति हामिद अली ने तहसील प्रशासन से भी शिकायत की थी., लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने बुगरासी नगर पंचायत के अध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।दूसरी ओर, बुगरासी नगर पंचायत अध्यक्ष ओम दत्त लोधी ने आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की भूमि को कब्जा मृक्त कराकर नाले का निर्माण कराया गया था। लोधी ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई मामला नहीं है।

# हाजी बाबा मिस्कीन शाह की 72 वीं पुण्य तिथि पर रोजा इफ़्तार पार्टी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेखुल मशाइख शाह गुलाम मुस्तफा हुसैनी अल कादरी उर्फ. हाजी बाबा मिस्कीन शाह ताजी की 72 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सोमवार की शाम गौस महल मौहल्ला रिसालदारान में रोजा इफ़्तार पार्टी का भव्य आयोजन मुतवल्ली दरगाह सैयद ताजुद्दीन शाह मिस्कीनी की सरपरस्ती में हुआ। मेहमने खुसीसी डिबाई दरगाह के सज्जादा नशीन हजरत सूफी हन्नान साहब रहे। दरगाह हाजी बाबा मिस्कीन शाह रहम तुल्लाह के सज्जादा नशीन हाफिज सैयद डॉ उमर अहमद शाह मिस्कीनी के नेतृत्व मे



अकीदतमंदों ने बाबा मिस्कीन शाह ताजी रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादर पेश करके गुल पोशी की गई। फातेहा के वक़्त सज्जादा नशीन ने देश में खुशहाली और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। बाद में गौस महल में रोजदारों के लिए शानदार इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के आमजन व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जिनमें कुंवर आफताब कॉंवरा, मास्टर अब्दुल अली, डॉ मुर्शद करीम, सूफी मौ हनीफ, सूफी बाबुद्दीन, सूफी डॉ जहीर अहमद, मास्टर नईम खान, इश्तियाक अहमद, मेंबर ऐजाज अहमद, सैयद हस्नैन, हैदर शाह मिस्कीनी एडवोकेट, उमर अली मिस्कीनी, सुभान अली, सूफी अलीम, सूफी सईद आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

# आवारा गोवंश बचाने की वजह से सेब से भरा ट्रक पलटा, ट्रक क्षतिग्रस्त दोनों चालक घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** मंगलवार अलसुबह 5:00 बजे मेरठ बदायूं हाईवे स्थित शिकारपुर क्षेत्र के गांव दरगाहपुर बासोटी के पास अचानक सड़क पर आवारा गोवंश आने की वजह से बेकाबू होकर सेब से भरा ट्रक पेड़ से टकराकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक के दोनों चालक घायल हो गए। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।जानकारी के अनुसार ट्रक चालक शहाबुद्दीन पुत्र सिकंदर निवासी जनपद कुशीनगर, इसका दूसरा साथी बिजेंदर निवासी जनपद रामपुर यह ट्रक में दिल्ली आजादपुर मंडी से सेब लादकर आसाम को जा रहा था। जैसे ही ट्रक मेरठ बदायूं हाईवे शिकारपुर क्षेत्र के गांव बासोटी पर पहुंचा वसड़क पर




आवारा गोवंश को बचाने की वजह से अनियंत्रित होकर ट्रक पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक का कहना है कि आवारा गोवंश को बचाने की वजह से यह हादसा हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि ट्रक के दोनों चालकों के मामूली चोटे आई हैं। ट्रक में लदा सेब सड़क पर बिखर गया है। वहां पर दो पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए हैं।
जागो राखे साइयां मार सके ना कोई यह कहावत चरितार्थ हो गई
जिस तरीके से सेब से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलटा है, ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसको देख कर लगता है कि कोई बड़ा हादसा हो गया है। लेकिन हादसे के बाद दोनों चालक मामूली रूप से घायल हो गए।

# भाजपा नेता एवं सहारा विकास ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष के घर में घुसकर परिजनों एवं भाजपा नेता के साथ दबंगों ने की मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को देर शाम नगला बंजारा निवासी भाजपा नेता ने गांव के ही दबंग लोगों पर गाली-गलौज करने,जान से मारने की धमकी देने तथा घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुएं थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता फिरोज खान ने तहरीर में बताया कि उसका भाई संतरा उम्र करीब 10 वर्ष मगरिब की नमाज मस्जिद में पढ़कर अपने घर आ रहा था तभी गांव का सोनू पुत्र डिप्टी घर आया और आकर कहने लगा कि छतारी बाजार मेरे साथ चल। भाई ने कहा




कि अभी नमाज पढ़कर आया हूँ पहले खाना खाऊंगा क्योंकि पूरे दिन रमजान रखा है। इतना कहना था कि सोनू आग-बबूला हो गया और भाई के साथ गन्दी-गन्दी गाली देते हुए घर में ही मारपीट करने लगा।

# आरके पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसई बोर्ड से मान्यता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद** । कस्बे के नामचीन आर के पब्लिक स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से इंटरमीडिएट तक की मान्यता प्रदान होने से कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में

- **कस्बे और आसपास के देहात में दौड़ी हर्ष की लहर**
- **बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जताई शिक्षकों एवं प्रबंधन ने प्रतिबद्धता**

अभिभावकों और छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन और



शिक्षक शिक्षिकाओं ने मान्यता प्राप्त होने को विद्यालय के लिए गौरव पूर्ण क्षण बताया और भविष्य में और अधिक बेहतर ढंग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।
विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ नगेन्द्र सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा हमारे विद्यालय को इंटरमीडिएट तक पी सीबी,पीसीएम, कामर्स एवं ह्युमेंनाटिज विषयों की शिक्षा प्रदान करने हेतु मान्यता प्रदान की गई है। उन्होने कहा कि अभी तक क्षेत्र के जिन छात्र छात्राओं को अपना भविष्य उज्वल बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने के लिए दूर शहरों में जाने के लिए विवश होना पड़ता था अब वो गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा इसी विद्यालय में रह कर प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंगे।
प्रबंधक शाहिद अली ने मान्यता हासिल करने के लिए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं तमाम स्टाफ के सफल प्रयासों,लगन मेहनत और समर्पण भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत का परिणाम है। हमारा विद्यालय पिछले बाइस वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। सभी को बधाई देते हुए उन्होने कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी और जवाबदेही और भी ज्यादा बढ गई है। हमें सामूहिक प्रयासों से हर चुनौती पर खरा उतरना है। उन्होने नगर व क्षेत्र भर के अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं और स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# शिकारपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस सेवा शुरू हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** वाहन स्वामियों के लिए एक खुशखबरी है। मेरठ बदायूं




हाईवे स्थित शिकारपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर सीएनजी गैस सेवा शुरू हो गई है। आपको बता दें कि शिकारपुर में सीएनजी गैस सेवा काफी समय से मांग की जा रही थी। इसी को देखते हुए इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के संचालक ने सीएनजी गैस सेवा शुरू की है। अब वाहन स्वामियों को दूसरी जगह जाना नहीं पड़ेगा।
जिस समय और गैस की बचत होगी। वाहन चालक मुकेश सूर्यवंशी ने बताया कि मुझे गाड़ी में गैस भरवाने के लिए बगराई, चिटा, या फिर बुलंदशहर से लेनी पड़ती थी। शिकारपुर मैं सीएनजी की सुविधा से वाहन स्वामियों को लाभ होगा।

# अपने अपने लक्ष्यों के अनुरूप पौधारोपण के लिए स्थल का चयन कर गड्ढा खुदान की कार्यवाही को कर लिया जाए: जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आज जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 2026 झ27 के लिए जनपद बुलंदशहर के लिए शासन से प्राप्त पौधारोपण के लक्ष्यों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने लक्ष्यों के अनुरूप पौधारोपण के लिए स्थल का चयन कर गड्ढा खुदान की कार्यवाही को कर लिया जाए। वर्ष वर्ष 2025झ26 में कराए गए पौधारोपण की जीवितता प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु अंतर्विभागीय जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला गंगा समिति में डॉल्फिन संरक्षण हेतु



पिंगर उपकरण लगाने हेतु डब्लू डब्लू एफ को निर्देशित किया गया। डब्लू डब्लू? फ के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि गंगा नदी में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 500 कछुओं छोड़ने का कार्यक्रम होली के बाद किया जाएगा।
जनपद बुलंदशहर के समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालो से मेडिकल कचरा का उठान नियमित हो इस पर निगरानी समिति के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी हॉस्पिटल का पुनः निरीक्षण कर सुनिश्चित कराया जाए कि मेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल नियमानुसार किया जा रहा है।
नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पताल पर कार्यवाही की जाए। नुमाइश मैदान एवं रेलवे ट्रैक किनारे कूड़ा होने पर उसकी साफ सफाई कराने के लिए ईओ नगर पालिका बुलंदशहर को निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ सुश्री निशा ग्रेवाल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग श्री हरेंद्र सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान सभा ने मांगों को लेकर तहसील में दिया एकदिवसीय धरना, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकरपुर।** किसानों की खतौनियों मे गड़बड़ियों को दूर करने, चक मार्गो, व नालियों से अवैध कब्जे हटाने, चकबंदी मे छोड़े गये चकरोड़ो की नाप कराने, पट्टेधारको के पट्टे संक्रममणि करने आवारा पशुओं से फसलो को बचाने आदि मांगो को लेकर किसान सभा के कार्यकर्ताओ ने एक दिवसीय धरना दिया।
और उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार ने मांगो का ज्ञापन लिया। किसान सभा के क्षेत्रीय मंत्री जयभगवान शर्मा ने कहा की शिकारपुर तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बन गयी है। किसानों की खतौनियों मे बड़े पैमाने पर त्रुटियां है। जिन्हे ठीक करने के लिए किसान तहसील के चक्कर लगाते रहते है। परन्तु तहसील का स्टॉफ उपजिलाधिकारी के आदेश के बावजूद किसानों की भूमि के रिकार्ड को ठीक नही कर रहा है। और किसानों से भूमि रिकार्ड ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। जयभगवान शर्मा ने कहा कि कई स्थानों पर




चकरोड़ो व नालियों पर अवैध कब्जे किये हुए है। और कई स्थानों पर चकबंदी मे छोड़े गये चक मार्गो की पैमाइश तक नही की गयी है। अनेक पट्टाधारकों के पट्टे संक्रमणि नही किये गये हैकिसान सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र लौर ने आवारा पशुओं से किसानों की फसलों की सुरक्षा की मांग की। मांगो का ज्ञापन तहसीलदार शिकारपुर गौरव बिश्नोई ने प्राप्त किया। और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।
धरने मे जयभगवान शर्मा, वीरेंद्र लौर, मूलचंद त्यागी, वीरपाल स्वामी, सरदार अर्जुन सिंह, तुंगल सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, बच्चू सिंह,सुभाष सिंह,आदि ने भी सम्बोधित किया।

**कीमतों में उछाल** | बाजारों में चहल-पहल बढी, खजूर की डिमांड अधिक, जगह-जगह ठेल ढकेल सजी

# रमजान में फलों की कीमत में उछाल,रमजान के पवित्र माह में चल रहा इबादत का दौर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** रमजान के पवित्र माह का आगाज हो चुका है । रमजान में फलों की डिमांड बढ़ जाती है ।
इनमें खजूर प्रमुख है। गर्मी के कारण रमजान में खजूर को अधिक पसंद किया जाता है खजूर पानी की कमी को दूर करता है साथ ही शरीर में ठंडक प्रदान करता है । रोजे बगैर पानी के रखा जाता है शाम को इफ्तार के समय खजूर का सेवन किया जाता है जिससे शरीर को एनर्जी मिलती है। साथ ही मौसमी फलों का प्रयोग किया जाता है खजूर के साथ ही मेवे की डिमांड भी बढ़ गई है ।रमजान के चलते फलों की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है । फलों के थोक व फुटकर भाव में काफी अंतर है जिसका असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। खीरा तरबूज जैसे स्थानीय फल भी रहेंगे कीमत पर बिक रहे हैं । रमजान के पवित्र महीने में इबादत का दौर चल रहा है लेकिन इफ्तारी व.सहरी के सामानों में आई महंगाई की वजह से रोजेदारों को दिक्कत हो रही है।
फलों व खजूर के आसमान छूते दामों में अकीदतमदो मुश्किल बड़ी हुई है। रमजान में महीने में फलों तथा खजूर की मांग एकदम बढ़ जाती है। जगह-जगह थोड़ा और खेलों पर तरह-तरह के खजूर की बिक्री हो रही है। रमजान माह में 120 300, से 800 किलो तक की खजूर बाजार में बिक रही. है। अधिकांश रोजेदार अफतारी मैं खजूर खाकर रोजा खोलते हैं इसलिए रोजाना बड़ी मात्रा में खजूर की



खपत हो रही है। आज से शिकारपुर में रमजान की धूम रहेगी जो की 30 दिनों तक जारी रहेगी।

**कुरान में भी है खजूर से रोजा इफ्तारी करने का जिक्र**

जामा मस्जिद के मौलाना अकील अहमद का कहना है कि रोजेदारों के लिए खजूर का बहुत महत्व है। मान्यता है कि पैगंबर मोहम्मद अपना रोजा खजूर से ही खोला करते थे धर्म की किताबों में भी इसका जिक्र है। खजूर ने हो तो पानी से रोजा खोला जा सकता है। फलों के दामों पर एक नजर, सेव 180,160, किलो, केला 60 रुपये दर्जन, अंगूर 70 किलो, पपीता 50 किलो, संतरा रुपये 150 किलो तरबूज 40 रुपये किलो।

# एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना कोतवाली देहात परिसर में की गयी पीस कमेटी की मीटिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** थाना कोतवाली देहात परिसर में उपजिलाधिकारी



सदर दिनेश चन्द व क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय द्वारा रमजान व आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने हेतु सर्व-समाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे सभी वर्गो के लोगों द्वारा भाग लिया गया। गोष्ठी मे उपस्थित अधिकारीगण द्वारा सभी लोगो से मिलजुल कर रहने तथा त्यौहारो को शान्तिपूर्ण रुप से मनाने एवं आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाये रखने की अपील की गयी जिस पर गोष्ठी मे मौजूद सभी वर्गो के संभ्रान्त लोगो द्वारा मिल जुलकर रहने व शान्ति बनाये रखने का आश्वासन दिया गया।

# विधायक संजीव शर्मा ने जताया केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें विजय नगर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित पैदल ऊपरगामी सेतु (फुट ओवर ब्रिज) के निर्माण हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान किए जाने की सूचना दी गई है।यह पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। आपको ज्ञात ही है कि शहर विधायक संजीव शर्मा काफी समय से इस सेतु के निर्माण को लेकर निरंतर प्रयासरत थे।

उन्होंने इस विषय को लेकर दो बार माननीय केंद्रीय मंत्री जी से मुलाकात कर पुल को अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया था। साथ ही विभिन्न विभागों एवं संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क कर इस महत्वपूर्ण मांग को प्रमुखता से उठाया, ताकि क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके और आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों एवं बुजुर्गों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। दिल्लीझमेरठ एक्सप्रेसवे के निकासी एवं प्रारंभिक कट के चौड़ीकरण के संबंध में भी केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा गया था, जिसकी सहमति मिलने के उपरांत कार्य प्रगति पर है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व विजय नगर निकासी कट पर एक ट्रैफिक सिपाही की तेज रफ्तार कार की टक्कर से दुःखद मृत्यु हो गई थी, जिससे इस स्थान पर सुरक्षित व्यवस्था की आवश्यकता और अधिक स्पष्ट हो गई थी।

# काईट ने भव्य अंदाज में किया मैनिफेस्ट 2026 का अनावरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** काईट मानद विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने प्रमुख प्रबंधन एवं सांस्कृतिक उत्सव मैनिफेस्ट 2026 का भव्य अनावरण परिसर में आयोजित एक ऊजार्वान समारोह में किया। इस आयोजन को पारले एग्रो और गोलिव टेक्नोलॉजीज का सहयोग प्राप्त रहा, जबकि अंतरराष्ट्रीय प्रायोजकों में अपलिफ्ट 3600 और एग्री ले'फर्मियर ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर शामिल रहे।

मीडिया पार्टनर के रूप में बिजनेस स्टैंडर्ड ने साथ दिया। इस भव्य आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से 100 से अधिक विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, गणमान्य अतिथियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दिनेश गौतम, वरिष्ठ टीवी पत्रकार एवं एंकर, टीवी9 भारतवर्ष, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अमित जैन







उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज गोयल के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा और उद्योग-तत्परता पर बल दिया। इसके पश्चात डॉ. आदेश कुमार पांडेय, डायरेक्टर अकादमिक्स, ने मुख्य वक्तव्य देते हुए मैनिफेस्ट 2026 की शैक्षणिक प्रासंगिकता और नेतृत्व, नवाचार एवं उद्यमशीलता के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की डीन डॉ. बिंकी श्रीवास्तव ने भी अपने प्रेरक विचार साझा किए।कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मैनिफेस्ट 2026 का टीजर प्रदर्शन और औपचारिक अनावरण रहा। इसके बाद परिसर विविध गतिविधियों से जीवंत हो उठा, जिनमें ग्लोबल गली (क्षेत्रीय फ्लैश मॉब), ट्रेजर हंट, मिस्ट्री ट्रेल, बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, फाइनेंस फ्लैश एवं रॉयल ऑक्शन, मार्कएज, एक्ट ए केस और सिनर्जी स्प्रिंट शामिल रहे। इन गतिविधियों ने प्रबंधन कौशल, रचनात्मकता, टीमवर्क और मनोरंजन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन जजों और प्रायोजकों के सम्मान, पुरस्कार वितरण तथा प्रोग्राम हेड डॉ. रणचय भाटेजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इसके बाद आरजे रॉकी की विशेष प्रस्तुति ने उत्सव के माहौल को और जीवंत बना दिया।डॉ. अरुणिमा मिश्रा के समन्वय में आयोजित मैनिफेस्ट 2026, काईट की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह आयोजन विद्यार्थियों को कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का सशक्त मंच प्रदान करता है, साथ ही संस्कृति, नवाचार और सहयोग का उत्सव भी मनाता है।

# क्राउड फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट माँ का बुलावा आया: चैत्र नवरात्रि में वैष्णो देवी-कश्मीर दिव्य तीर्थ यात्रा का शुभ अवसर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** चैत्र नवरात्रि की पावन बेला में जब पूरा देश माँ दुर्गा की भक्ति में लीन होता है, उसी शुभ अवसर को सार्थक बनाते हुए क्राउड फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं एवं आदरणीय वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष वैष्णो देवी-कश्मीर आध्यात्मिक तीर्थ यात्रा की घोषणा की है। यह यात्रा केवल दर्शन नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और संस्कार का जीवंत अनुभव प्रदान करेगी। मान्यता है कि माँ का बुलावा आए बिना कोई दरबार नहीं पहुँचता।यह यात्रा उसी दिव्य बुलावे का माध्यम बनेगी, जिसमें भक्तजन पवित्र वैष्णो देवी मंदिर में माता रानी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। जय माता दी्ह के गूंजते उद्घोष, भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि और सामूहिक आरती का आध्यात्मिक वातावरण यात्रियों के हृदय



को भक्ति भाव से भर देगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कश्मीर की अनुपम वादियों का भी दर्शन कराया जाएगा। इसमें श्रीनगर, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे रमणीय स्थलों की यात्रा शामिल है, जहाँ प्रकृति स्वयं ईश्वर की उपस्थिति का अहसास कराती है। क्राउड फाउंडेशन का यह प्रयास केवल यात्रा आयोजन नहीं, बल्कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सेवा का संकल्प है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरामदायक यात्रा और आवास, सात्विक एवं शुद्ध भोजन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था, सहायक स्टाफ तथा पूर्ण मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाएगी, ताकि सभी श्रद्धालु निश्चिंत होकर यात्रा का आनंद ले सकें। ट्रस्ट के ट्रस्टी अरविंद कुमार सिंह ने भावपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है। यदि उनके प्रयास से माता-पिता समान वरिष्ठ नागरिकों को माता रानी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है, तो यही उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और सम्मान के साथ सम्पन्न कराई जाएगी। यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक कारणों से कोई भी श्रद्धालु माँ के दरबार के दर्शन से वंचित न रहे। सीमित सीटों के कारण इच्छुक श्रद्धालुओं से शीघ्र पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया है। श्रद्धालुओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवा, सुरक्षा और सम्मान के साथ विशेष आध्यात्मिक यात्रा-माता के दरबार के दर्शन के साथ कश्मीर की पवित्र वादियों का भी मिलेगा दिव्य अनुभव-क्राउड फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प - श्रद्धा, सेवा और संस्कार का पावन संगम

# रेलवे में भोजन की प्लास्टिक पैकिंग पर देशभर में चर्चा, डॉ.बी.पी. त्यागी ने बताया स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतीय रेलवे में यात्रियों को परोसे जा रहे भोजन की पैकिंग को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर तीखी बहस छिड़ी हुई है। एक वायरल वीडियो में देखा गया कि यात्रियों को दी जा रही रोटियां साधारण पॉलिथीन में पैक कर परोसी जा रही हैं। वीडियो के सामने आते ही यात्रियों, सामाजिक संगठनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी संदर्भ में हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद के चेयरमैन एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.पी. त्यागी ने इस विषय को गंभीर बताते हुए विस्तृत प्रतिक्रिया दी है।डॉ. बी.पी. त्यागी ने कहा कि गर्म भोजन को साधारण प्लास्टिक या पॉलिथीन में पैक करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब गर्म रोटी या अन्य गरम खाद्य पदार्थ सीधे प्लास्टिक के संपर्क में आते हैं तो उच्च तापमान के कारण




प्लास्टिक में मौजूद रासायनिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं। ये सूक्ष्म रसायन भोजन में मिलकर मानव शरीर में प्रवेश करते हैं, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका रहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस प्रकार की लापरवाही पाचन संबंधी विकार, एलर्जी, हार्मोन असंतुलन तथा अन्य आंतरिक बीमारियों का कारण बन सकती है। डॉ. त्यागी ने यह भी कहा कि भारतीय रेलवे प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों को सेवा प्रदान करता है, ऐसे में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित पैकिंग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। सार्वजनिक संस्थानों को खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि रेलवे प्रशासन को प्रमाणित, तापरोधी एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पैकेजिंग सामग्री का उपयोग करना चाहिए, जिससे यात्रियों के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

उन्होंने पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। यदि बड़े स्तर पर प्लास्टिक पैकिंग का उपयोग किया जाता है तो इससे कचरे की समस्या और प्रदूषण भी बढ़ता है। अतः रेलवे को पर्यावरण अनुकूल और जैविक रूप से विघटित होने वाली पैकिंग सामग्री अपनाने पर विचार करना चाहिए।

डॉ. बी.पी. त्यागी ने संबंधित विभागों से अपील की कि वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि कहीं मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और इससे जुड़ी किसी भी व्यवस्था में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।उन्होंने अंत में कहा कि इस मुद्दे को केवल सोशल मीडिया बहस तक सीमित न रखकर ठोस नीति सुधार की दिशा में कदम उठाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो और यात्रियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।

# विकास की गति निरंतर जारी रहेगी : विधायक संजीव शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधायक








संजीव शर्मा ने वार्ड नंबर पटेल नगर द्वितीय में शिव मंदिर से लेकर मकान नंबर इ-412 तक सड़क एवं दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत लगभग 13 लाख 97 हजार रुपये है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इस विकास कार्य की शुरूआत की गई, जिससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास कार्य कराए जाएंगे। जनहित से जुड़े हर कार्य को गंभीरता से लेकर क्षेत्र को बेहतर और सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया की विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा इस अवसर पर महंत विजया गिरी, मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, पार्षद शीतल चौधरी, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, हिमांशु पाराशर, अरुण चौधरी, सुमन जाटव, मोहित ठाकुर, किरण रहेजा, सुनीत शर्मा, शशिकांत, अनिल जिंदल, विनीत त्यागी, सुधीर शर्मा अनिल कश्यप, गजराज सिंह, पी अग्रवाल, राकेश मित्तल आदि उपस्थित रहे ।

# आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कालेज में रीढ़ की जांच एवं उपचार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कालेज में रीढ़ की समस्याओं की






जांच उपचार तथा प्रभावी चिकित्सीय परामर्श विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रीढ़ संबधी रोगों की सही पहचान, उपचार की योजना तथा रोगियों की उचित मार्गदर्शन देने की जानकारी प्रदान करना था। इस संगोष्ठी को संस्थान के वर्ष 2017-19 एम.पी.टी बैच के गौरवशाली पूर्व छात्र डॉ0 राहुल नॉटियाल ने सम्बोधित किया। डॉ0 ! राहुल उत्तराखंड क्रिकेट संघ के स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट तथा इम्पैक्ट फिजियो एण्ड स्पोर्ट्स रिहैब हब के सह-संस्थापक हैं। उन्होने अपनी शैक्षणिक यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आई.टी.एस. फिजियोथेरेपी कालेज से प्राप्त मजबूत आधार और चिकित्सकीय प्रशिक्षण ने उनके व्यावसायिक जीवन को नई दिशा दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी रीढ़ संबधी समस्या में सही जानकारी लेना, सावधानी संकेतों की पहचान करना तथा क्रमबद्ध जॉच करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी समझाया कि उचित व्यायाम और मांसपेशियों को मजबूत करने की कसरतों से रोगी शीर्घ लाभ प्राप्त कर सकता है। आई.टी.एस.-दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चडढा ने अपनी शुभकामनाए देते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों को विशेष ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट बनने के लिए प्रेरित करते है।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और रीढ़ के उपचार, पुनवार्स योजना तथा रोगियों को सही सलाह देने से संबधित प्रश्न पूछे। डॉ0 राहुल नौटियाल ने भी सभी प्रश्नों के सरल एवं स्पष्ट जवाब दिये।

# आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकटस्थित आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज के पेरियोडॉन्टोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की डेन्टल ओ.पी.डी. में आने वाले सभी मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। यह आयोजन दंत चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। ताकि लोग अपने दांतों की उचित देखभाल के तरीके के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें। साथ ही सभी मरीजों को टूथपेस्ट एवं माउथवॉश के निःशुल्क सैम्पल भी वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। ब्रेकडाउन टू रिजेनरेशन रिबिल्डिंग स्माईल विषय पर कोलाज मैकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने मसूड़ों की बीमारियों से लेकर पुनर्निर्माण तक की प्रक्रिया को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त बैटल अगेंस्ट बॉयोफिल्म विषय पर मैड-एड प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. छात्रों द्वारा वीडियो रील्स तैयार की गई। इन रील्स के माध्यम से पेरियोडॉन्टल स्वास्थ्य एवं बायोफिल्म के विरूद्ध जागरूकता संदेश दिया गया। साथ ही एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों के ज्ञान का परीक्षण करना एवं स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत पेरियोडोन्टोलॉजी, ओरल सर्जरी और प्रोस्थोडोन्टिक्स विभाग के एम.डी.एस. विद्यार्थियों के लिये सर्वश्रेष्ठ क्लीनिकल केस प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसका उद्देश्य उन्नत पेरियोडोंटल और इम्प्लांट प्रक्रियाओं के लिये उनके क्लीनिकल कौशल को बेहतर बनाना था।





# काईट ने भव्य अंदाज में किया मैनिफेस्ट 2026 का अनावरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** काईट मानद विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने प्रमुख प्रबंधन एवं सांस्कृतिक उत्सव मैनिफेस्ट 2026 का भव्य अनावरण किया। इस आयोजन को पारले एग्रो और गोलिव टेक्नोलॉजीज का सहयोग प्राप्त रहा, जबकि अंतरराष्ट्रीय प्रायोजकों में अपलिफ्ट 3600 और एग्री ले'फर्मियर ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर शामिल रहे। इस भव्य आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से 100 से अधिक विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, गणमान्य अतिथियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश गौतम, वरिष्ठ टीवी पत्रकार एवं एंकर, टीवी9 भारतवर्ष, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अमित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्विद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. मनोज गोयल के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा और उद्योग-तत्परता पर बल दिया। इसके पश्चात डॉ. आदेश कुमार पांडेय, डायरेक्टर अकादमिक्स, ने मुख्य वक्तव्य देते हुए मैनिफेस्ट 2026 की शैक्षणिक प्रासंगिकता और नेतृत्व, नवाचार एवं उद्यमशीलता के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की डीन डॉ. बिंकी श्रीवास्तव ने भी अपने प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मैनिफेस्ट 2026 का टीजर प्रदर्शन और औपचारिक अनावरण रहा। इसके बाद परिसर विविध गतिविधियों से जीवंत हो उठा, जिनमें ग्लोबल गली (क्षेत्रीय फ्लैश मॉब), ट्रेजर हंट, मिस्ट्री ट्रेल, बिजनेस प्लान प्रतियोगिता, फाइनेंस फ्लैश एवं रॉयल






ऑक्शन, मार्कएज, एक्ट ए केस और सिनर्जी स्प्रिंट शामिल रहे। इन गतिविधियों ने प्रबंधन कौशल, रचनात्मकता, टीमवर्क और मनोरंजन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का समापन जजों और प्रायोजकों के सम्मान, पुरस्कार वितरण तथा प्रोग्राम हेड डॉ. रणचय भाटेजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इसके बाद आरजे रॉकी की विशेष प्रस्तुति ने उत्सव के माहौल को और जीवंत बना दिया। डॉ. अरुणिमा मिश्रा के समन्वय में आयोजित मैनिफेस्ट 2026, काईट की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह आयोजन विद्यार्थियों को कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने का सशक्त मंच प्रदान करता है, साथ ही संस्कृति, नवाचार और सहयोग का उत्सव भी मनाता है।

**जागरूकता सेमिनार** — बच्चों को दी सुरक्षा व स्वास्थ्य की जानकारी

# स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व जागरूकता सेमिनार आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित चैतन्य टेक्नो स्कूल में गणेश हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिराज फाउंडेशन तथा उज्जवल भारत मिशन के संयुक्त संयोजन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान गणेश हॉस्पिटल की सीईओ डॉ मोनिशा शर्मा एवं उज्जवल भारत मिशन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पल्लवी भारद्वाज ने बच्चों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, संतुलित खानपान तथा सोशल मीडिया के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने इन महत्वपूर्ण विषयों को गंभीरता से सुना और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी






प्राप्त किया। साथ ही हॉस्पिटल की मेडिकल टीम द्वारा सभी बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

बिराज फाउंडेशन की ओर से डॉ निशा ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया और जीवन में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रिंसिपल प्रीति तिवारी ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

बिराज फाउंडेशन के संस्थापक एवं गणेश हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ बिराज ने कहा कि उनकी संस्था सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी। वहीं उज्जवल भारत मिशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, बाल अधिकार एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।

इस अवसर पर उज्जवल भारत मिशन के संस्थापक अध्यक्ष उमेश शर्मा, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी दिलीप जी सहित स्कूल प्रबंधन, समस्त स्टाफ, गणेश हॉस्पिटल की मेडिकल टीम और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा।

# सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से कार टकराने से युवक की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गभाना के हाईवे स्थित भरतरी पर 24 फरवरी की तड़के चार बजे के करीब



सड़क किनारे खराब खडे. ट्रोला ट्रक से कार टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि महिला घायल हो गई। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार एटा के कोतवाली नगर अंतर्गत सुनहरी नगर निवासी 40 वर्षीय वैभव यादव पुत्र श्याम सिंह यादव क्रेटा कार से अपने दोस्त अनूप की पत्नी किरन के साथ बीमार अनूप के पिता को देखने दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वे मंगलवार की सुबह 4 बजे हाईवे स्थित भरतरी के पास पहुंचे कि सड़क किनारे खराब खडे ट्रोला ट्रक से कार पीछे से टकरा गई। हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर चिकित्सकों ने वैभव यादव को मृत घोषित कर दिया। घायल किरन को सूचना पर पहुंचे परिजन निजी अस्पताल ले गए।

# त्योहारों पर कानून व्यवस्था चाक, चौबंद प्रशासन 24 घंटे अलर्ट मोड पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आगामी होली, नवरात्रि एवं ईद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन एवं प्रभारी जिलाधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों की पहचान, सुरक्षा तैयारियों और थाना स्तर पर आयोजित शांति समिति बैठकों की जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं आपसी भाईचारे के साथ ही मनाए जाएंगे, किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजे संचालकों को आवश्यक नोटिस जारी कर दिए गए हैं, जबकि शराब की दुकानों की सघन चेकिंग एवं पाबंदी की कार्रवाई भी जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी को निर्देश दिए गए कि जिला अस्पताल, सीएचसी एवं पीएचसी पर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और एंबुलेंस रेडी पोजीशन में रहें। उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रीय भ्रमण करेंगे और ड्यूटी चार्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। त्योहारों के दौरान मीट की खुले में बिक्री पर रोक रहेगी। शराब की दुकानों के बाहर जागरूकता फ्लेक्स लगाए जाएंगे और सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे निरंतर क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रभारी जिलाधिकारी ने नगर निगम, पंचायतीराज विभाग एवं अधिशासी अधिकारियों



को विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। सहायक नगर आयुक्त तपस्या यादव ने बताया कि नगर स्तर पर ड्यूटी निर्धारण कर दिया गया है और टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। विद्युत विभाग को झूलते तारों को तत्काल दुरुस्त करने और होलिका दहन स्थलों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों की विशेष जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनसहयोग और आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन सतर्क है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एसपी ट्रैफिक प्रवीण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी डी0के0 गुप्ता, मुख्य अभियंता नगर निगम, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी लोनिवि, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, रोडवेज सहित एसपीओ एवं होली आयोजकगण उपस्थित रहे।

# एएमयू के शोधकर्ता ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में विट्गेंश्टाइन, रहस्यवाद और इस्लामी दर्शन पर व्याख्यान दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. आमिर रियाज ने यूनीवर्सिटी ऑफ लखनऊ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान प्रस्तुत किया। ‟भाषा का दर्शनः भारतीय और पाश्चात्य दृष्टिकोण" विषय पर बोलते हुए डॉ. रियाज ने दार्शनिक लुडविग विट्गेंश्टाइन के रहस्यवाद संबंधी विचारों का विश्लेषण किया। उन्होंने विशेष रूप से उनकी कृतियों ट्रेक्टेटस लोजिको-फिलोसफिकस और नोटबुक्स 1914-1916 में प्रस्तुत अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. रियाज ने विट्गेंश्टाइन के चिंतन और इस्लामी दार्शनिकों की सूफी व्याख्याओं के बीच समानताओं को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से इब्न अल अरबी द्वारा प्रतिपादित ‟वहदत-उल-वजूद" के सिद्धांत का उल्लेख किया। इसके साथ ही अहमद सर हिंदी और शाह वलीउल्लाह के विचारों पर भी चर्चा की।

दार्शनिक अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने मिर्जा गालिब के उर्दू शेरों का उदाहरण दिया, जिनमें वहदत-उल-वजूद और फना जैसे विचारों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति मिलती है। संगोष्ठी के दूसरे दिन डॉ. रियाज ने एक सत्र की अध्यक्षता भी की, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वानों द्वारा बीस से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए।

# टी.आर. कॉलेज में पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ के रेंजर समिति द्वारा 24 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रशिक्षक श्री सागर, रेंजर प्रभारी प्रो सीमा अग्रवाल, सह प्रभारी प्रो शैली शर्मा एवं डॉ जगवती द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण एवं स्वर्गीय लाल श्री टीकाराम जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। प्राचार्या द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। प्रो सीमा अग्रवाल ने स्काउट गाइड नियमों तथा प्रतिज्ञा संबंधी जानकारी दी।



शिविर के पहले दिन प्रशिक्षक श्री सागर शर्मा ने ध्वज शिष्टाचार कराया। इसके अतिरिक्त खोज के चिन्ह, सीटी के संकेत, गाइड की यूनिफॉर्म, रेंजर्स को ध्वजा रोहण संबंधी नियम, रेंजर्स प्रार्थना, झण्डा गीत की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने रोवर्स और रेंजर के इतिहास संबंधी विभिन्न आवश्यक बिंदुओं को भी लिखवाया। शिविर में लगभग 24 प्रवेश एवं निपुण रेंजर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर रेंजर प्रभारी प्रो सीमा अग्रवाल, रेंजर सह प्रभारी प्रो शैली शर्मा एवं डॉ जगवती का विशेष योगदान रहा।

# आग में जिंदा जला प्रेमी युगल,प्रेमी की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को कोतवाली उपर कोट इलाके के तुर्कमान गेट पर एक मकान के अंदर प्रेमी युगल संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी हुई अवस्था में मिले। दोनों को गंभीर अवस्था में जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत नाजुक देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तुर्कमान गेट के हार्डवेयर कारोबारी वसीम के कारखाने में पड़ोस का ही 26 वर्षीय फरमान काम करता था। इसी बीच कारखाने से घर आने-जाने के दौरान फरमान के वसीम की पत्नी के साथ प्रेम संबंध हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे।

23 फरवरी देर शाम वसीम के मकान की छत पर अचानक फरमान और महिला के आग में संदिग्ध अवस्था में झुलसने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने फरमान को मृत घोषित कर दिया, जबकि महिला की हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली भेजा गया है।

प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। अभी तक इस मामले में किसी प्रकार की कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है।

सीओ नगर प्रथम मंयक पाठक ने बताया कि थाना कोतवाली नगर अंतर्गत 23 फरवरी को शाम सात बजे चौकी तुर्कमान गेट से वसीम के घर से दो व्यक्तियों फरमान तथा नाजरीन पत्नि वसीम के झुलसने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फरमान को अस्तपाल के लिए भेजा, जहां उसकी मृत्यु हो गई। नाजरीन को उपचार के लिए दिल्ली रेफर कर दिया गया। प्रथम दृष्टया मौके पर अन्य तीसरे व्यक्ति के मौके पर होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। फील्ड यूनिट मौके से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई कर रही है।

# दक्ष 2026 का भव्य शुभारंभ, विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिलेगा नया मंच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्व विद्यालय परिसर में मंगलवार को बहुप्रतीक्षित अकादमिक वार्षिकोत्सव दक्ष 2026 का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना, राष्ट्रगान तथा दक्ष गीत की प्रस्तुति ने पूरे प्रांगण को उत्साह से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव एवं डीन अकादमिक का विधिवत अभिनंदन किया गया। अतिथियों का स्वागत डा. पूनम रानी एवं प्रो. दीपशिखा सक्सेना ने किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात विभिन्न साहित्यिक एवं अकादमिक प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दक्ष जैसे आयोजन युवा शक्ति को अपनी क्षमताओं को पहचानने, संवारने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि दक्ष का शुभारंभ इस उद्देश्य से किया गया है कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी प्रविष्टि कराई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसए ने अश्लील फोटो वायरल, होने पर शिक्षक किया निलंबित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अध्यापक के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया है। वायरल फोटो में अध्यापक एक महिला और दो बच्चियों के साथ आपत्तिजनक हालत में दिखाई दे रहा है। मुकेश पर कुमार, अश्लील राहायक फोटो अध्यापक, वायरल पूर्व मध्यमिक विद्यालय फमोई विकास खण्ड लोधा के सोशल छवि भूमिल हो रही हो रहे है,जिसके कारण शिक्षक समाज एवं शिक्षा विभाग की कर अध्यापक आचरण है। नियमावली उक्तानुसार भी मुकेश कुमार के द्वारा अल्यन्त निन्दनीय एवं घृणित कार्य के विरुद्ध कार्य करने में प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के आरोप में कठोर कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की गयी है। लोपा को अतः खण्ड श्री शिक्षा मुकेश अधिकारी कुमार, सहायक अध्यापक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय फगोई विकास खण्ड लोधा की जाँच आख्या संस्तुति के आधार पर उक्त आरोपों में विद्यालय तत्काल प्रभाव मोई से निलम्बित किया जाता है।



### डिजिटल दुनिया मे मे कैद होता बचपन नन्ही दुनियाँ पब्लिक स्कूल छर्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**छर्रा ।** नन्ही दुनियाँ पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बताती है कि बच्चों के हाथ मे मोबाइल नहीं उनके स्पने साकार होने चाहिए वच्चो को मोबाइल नहीं माता पिता का समय और मार्ग दर्शन चाहिए। बच्चों को मोबाइल क्यों नहीं देना चाहिए आज फोन बच्चों की जिन्दगी का हिस्सा बनता जा रहा है बधाई गेम मनोरंजन के लिए मोबाइल का उपयोग बढ़ रहा है लेकिन काम उम्र मे बच्चों को मोबाइल देना उनके सा रीरिक. मानसिक समाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है इस लिए यह समझना जरूरी है कि बच्चों को फोन क्यों नहीं देना चाहिए, इसलिए कुछ फायदे भी है जैसे शिक्षा मे शहायता ऑन लाइन क्लास शैक्षिक वीडियो और तकनीकी सिखानें मे मदद करते है जानकारी का श्रोत मोबाइल से बच्चो को नई नई जानकारी जल्दी प्राप्त हो सकटी है तकनीकी ज्ञान कम उम्र मे ही तकनीकी विकसित हो जाती है जो भविष्य मे उपयोगी साबित होती है सक्षरता मे ब्रद्धि ड्राइइंग गेम्स सोच मे स्कर्टमकाता लाती है लत बार बार मोबाइल का उपयोग करने से बच्चों को आदत पड़ जाती है जब न मिले तो बिना मोबाइल के परेशान हो जाते है व्यवहार मे बदलाव ज्यादा फोन उपयोग से बच्चे चि ड़चिड़े हो जाते है नींद की समस्या रात मे देर तक फोन देखने से नींद पूरी न होने के कारण दिन मे थकान कमजोरी रहतीं है परिवार से दूरी मोबाइल फोन बच्चों का ध्यान परिवार और रिस्तो से हट कर स्कीन पर ज्यादा जाता है।




### जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं एप्लीकेशन विभाग द्वारा को जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चरः सतत और सुदृढ़ समाजों के लिए डिजिटल अवसंरचना की सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता आईटी सर्विस मैनेजमेंट के एसोसिएट डायरेक्टर मनीष कुमार शर्मा ने जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में पारंपरिक सुरक्षा मॉडल पर्याप्त नहीं हैं। साइबर खतरों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए सुरक्षा ढांचा अपनाना आवश्यक हो गया है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और आईटी सर्विस मैनेजमेंट के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं से भी अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डा. लव मित्तल ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है।

# अलीगढ़ के युवक की अबोहर में संदिग्ध अवस्था मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के युवक फाजिल्का जिले में अबोहर के गांव वरियामखेड़ा में एक शादी



समारोह में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीगढ़ निवासी 29 वर्षीय अमित कुमार पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमित अपनी मौसी के घर मुक्तसर में रहता था और एक निजी बीमा- लोन कंपनी में कार्य था। दो दिन पहले वह अपने दोस्त राहुल के साथ एक परिचित के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव वरियामखेड़ा आया था। बताया गया है कि अमित को पहले से मिर्गी के दौरे पड़ने की शिकायत थी। बीती रात अचानक उसे मिर्गी का दौरा पड़ा, जिससे वह घर में बनी पानी की डिग्गी में गिर गया। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद परिजनों ने अमित को अचेत अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने मांग की है कि पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित तरीके से सौंपा जाए, ताकि उसे उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ ले जाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# अलीगढ़ः इग्नू केन्द्र 2024 से शिखर पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र 2024 से शिर पर है। यहीं कारण है कि इस विद्यालय में लगातार नामंकनों में वृद्धि होती चली जा रही है, इसका श्रेय इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र क्षेत्रीय निदेशक डॉ अजय वर्धन आचार्य को जाता है। डॉ. वर्धन ने साल 2024 में अलीगढ़ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र में क्षेत्रीय निदेशक का पदभार ग्रहण किया था। तब से अब तक विश्वविद्यालय में छात्रों की वृद्धि हो रही है।



डॉ अजय वर्धन आचार्य जोधपुर में दो बार क्षेत्रीय निदेशक इग्नू के पद पर रहे और जयपुर में सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू मुंबई भी रहे। डॉ अजय वर्धन ने 12 वर्षों में विभिन्न महाविद्यालय में प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के द्वारा 19 नवंबर 2020 को केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं संसदीय मंत्री भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बेस्ट क्षेत्रीय केंद्र पुरस्कार शिक्षा क्षेत्र में मिला।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री एवं संसदीय मंत्री भारत सरकार के द्वारा 19 नवंबर 2020 16 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय लेख विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र पत्रिकाओं में 120 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में प्रतिभाग एवं पेपर अभी भाषण और इग्नू क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ़ के प्रथम न्यूज लेटर का हिंदी में प्रकाशन भी शामिल है।

**निर्देश** डग्गेमार वाहनों पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने के निर्देश सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए हैं

# ऑनलाइन सट्टा-गेमिंग, जुआ एवं अवैध खनन और पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त अलीगढ़ मंडल श्रीमती संगीता सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज श्री प्रभाकर चौधरी द्वारा मंडल के चारों जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने ऑनलाइन सट्टेबाजी-गेमिंग, जुआ एवं डग्गेमार वाहनों पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने के निर्देश सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए हैं।

आयुक्त ने आमजन एवं भोलेभाले लोगों की गाढ़ी कमाई को सट्टेबाजी से मुक्त रखने के उद्देश्य से कहा कि अभी वर्तमान में टी-20 क्रिकेट विश्वकप संचालित है। जिसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी की संभावना बनी रहती है। उन्होंने पुलिस एवं आईटी सेल को निर्देशित किया कि गैरकानूनी मोबाइल एप्स एवं वेबसाइट के माध्यम चलने वाली ऑनलाइन सट्टेबाजी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि होली के अवसर पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सट्टा-जुआ के संगठित नेटवर्क पर सतत अभियान चलाते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सूचना तंत्र को सक्रिय कर ऐसे तत्वों की पहचान कर तत्काल प्रभाव से निरुद्ध किया जाए। उन्होंने अवैध खनन और ओवरलोडिंग को राजस्व हानि एवं जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभाकर चौधरी ने निर्देशित किया कि होली के दृष्टिगत सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। सक्रिय




अपराधियों, ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर आमजन विशेषकर युवाओं को आर्थिक शोषण, साइबर अपराध एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बना रहे। दोनों अधिकारियों ने यह भी निर्देशित किया है कि प्रत्येक थाना आमजन के लिए भरोसे का केंद्र बने। थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना जाए और उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। प्रशासन और पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सख्त एवं समन्वित कार्रवाई के माध्यम से मंडल में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

# सीएम योगी का उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने किया आभार व्यक्त,मुख्यमंत्री के नाम भाजपा सदर विधायक को सौंपा पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**योगी सरकार ने शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाकर किया 18 हजार**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करने पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के नाम भाजपा सदर विधायक विजय पाल आढ़ती को पत्र सौंपा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में शिक्षा मित्रों ने मानदेय बढने से शिक्षा मित्र व उनके परिवार में खुशी का माहौल है,सरकार के इस निर्णय का उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ आभार व्यक्त करता है। साथ ही आशा करता है,कि



कहा कि जनपद हापुड़ में 619 शिक्षा मित्र पिछले लंबे समय से आर्थिक व मानसिक परेशान थे,सीएम योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों का स्वैच्छिक स्थानान्तरण व पांच लाख रुपये का कैशलैस उपचार के साथ मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह लागू कर शिक्षा मित्रों को नवजीवन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में भी शिक्षा मित्रों के हित में निर्णय लेगी और शिक्षा मित्रों समस्याएं रह गयी है,सरकार उनकी भी निस्तारण करेंगी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार शर्मा,जिला मंत्री राकेश कुमार,जिला कोषाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा,तनवीर अहमद,संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# कल बीएसए कार्यालय पर शिक्षक टीईटी थोपे जाने के विरोध में करेंगे धरना प्रदर्शनः नीरज चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011 से पूर्व शिक्षकों पर टीईटी थोपे जाने के विरोध में टीचर फैडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर दूसरे दिन भी जनपद में

- **दूसरे दिन भी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य**
- **2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की प्रमुखता से उठाई मांग**

परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया। कल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशौदिया व जिला मंत्री नीरज चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि परिषदीय विद्यालयों शिक्षक 24 ओर 25 फरवरी को भी बांह पर काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य करेंगे एवं







दिनांक 26 फरवरी गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में रैली आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांग है,कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व के शिक्षकों को जब तक टीईटी अनिवार्यता से छूट प्रदान नहीं की जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संदीप सिरोही ने मांग करते हुए कहा कि सरकार को इस निर्णय को वापिस लेकर शिक्षकों को उचित सम्मान देना होगा, अन्यथा विरोध चलता रहेगा। इस अवसर पर शिक्षक योगेश सैनी, प्रवेश सैनी,संजय कुमार, जफर,अंकुर त्यागी, अमित कुमार, अमरजीत, आबिद अली, कंचन,सुधा यादव, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# ब्रजघाट टोल हटाने की मांग का लेकर गरजी भारतीय किसान यूनियन टिकैत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने प्रदर्शन करते हुए ब्रजघाट टोल हटाने की मांग उठाई। जिसके उपरांत युवा प्रदेश महासचिव आमिर चौधरी एवं जिला अध्यक्ष अमित

**केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के नाम टोल के जीएम को सौंपा ज्ञापन**

त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने टोल जीएम पीतम एवं वरिष्ठ पदाधिकारी संजय को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे ज्ञापन में अवगत कराया कि ब्रजघाट टोल प्लाजा पिछले 15 वर्षों से अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है,जिसको 2012 में भारत के राजपत्र में गलत अधिसूचना जारी कर ब्रजघाट को गांव दिखाकर एवं नगर पालिका से 3.9 किलोमीटर दूर दिखाकर स्थापित कर दिया गया जबकि बृजघाट गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका का उप कार्यालय है एवं गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका की 1261 वह 1262 खसरा नंबर में टोल स्थापित कर दिया क्या था जो की अब 15 साल बाद समाजसेवी पंकज लोधी द्वारा आरटीआई की सूचनाओं में सारा कच्चा चि्ा खुलकर सामने आया। जिससे समस्त क्षेत्र की जनता में



आक्रोश उत्पन्न हो गया। उन्होंने बताया कि ब्रजघाट टोल हटाने को लेकर जिसको गत 22 दिसंबर 2026से 27 दिन का समाज सेवी पंकज लोधी एवं सहयोगियों ने कड़कड़ाती ठंड में गढ़ तहसील प्रांगण में धरना दिया गया एवं जिलाधिकारी हापुड़ के आमंत्रण पर गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद कुमार से हापुड़ एडीएम के समक्ष वार्ता की गई जिसमें समाजसेवी पंकज लोधी के किसी भी बिंदु का प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद कुमार संतुष्टीकरण जवाब नहीं दे पाए एवं नगर पालिका सीमा में यदि टोल लगा है तो गलत है पूर्व में भी गलत टोल प्लाजा हटाए गए हैं,यह कहकर 30 दिन का समय पी डी ने हटाए जाने संबंधित मांगा गया। जिसमें सर्वसम्मति से समाजसेवी पंकज लोधी द्वारा 30 दिन का समय दिया गया एवं साथ ही घोषणा की गई यदि 30 दिन में टोल प्लाजा का संतुष्टीकरण नहीं किया जाता तो वह जनहित में अन्न जल का त्याग कर देंगे।

उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारण घोषणा के अनुसार समाजसेवी पंकज द्वारा 30 दिन 20 फरवरी को होने के उपरांत 27 फरवरी से अन जल छोडने की घोषणा की पत्रावली दिल्ली लखनऊ एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को भेज दी गई। साथ ही चेतावनी भी दी गई यदि किसी भी प्रकार से अन्न जल छोडने में या किसी भी प्रकार का अनशन करने वालों के साथ किसी भी दबाव में बाधा उत्पन्न की गई तो बड़ा आंदोलन समस्त संगठन एवं जनता मिलकर करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी गढ़मुक्तेश्वर ब्रजघाट टोल प्लाजा के सभी संबंधितों की होगी।

इस मौके पर अमित चौधरी,अमित त्यागी,रानी अनुज शर्मा,सलीम चौधरी,वसीम चौधरी,उस्मान,हर शरण प्रजापति,एडवोकेट बबलू सहगल,शिव त्यागी, शाहनवाज,आशीष शर्मा,पिंटू जाटव,शाहिद आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# हरिपुर आवासीय योजना....योजना की डीपीआर,ड्राइंग तैयार करने को फर्म के चयन को तकनीकी प्रस्तुति आयोजित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा निविदा प्रक्रिया के तहत हरिपुर आवासीय योजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट(डीपीआर) व अवसांचना सेवाओं के विस्तृत ले आउट,डिजाइन एवं ड्राइंग तैयार

**हरिपुर आवासीय योजना ग्राम चक्रसैनपुर में 30 हेक्टेअर में विकसित की जायेगी**

कराने के लिए परामर्शदाता फर्म चयन के संबंध में तकनीकी प्रस्तुति एचपीडीए उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ व प्रभारी सचिव अमित कादियान के समक्ष आयोजित की।

आपको बता दें, कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना में हापुड़ तहसील क्षेत्र के गांव बाबूगढ़ चक्रसैनपुर में 30 हेक्टेअर में विकसित की जायेगी,जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा किसानों से प्राधिकरण के पक्ष में रजिस्ट्री भी करा ली गयी है। जिसे शीघ्र विकसित करने के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है।



मंगलवार को हरिपुर आवासीय योजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट(डीपीआर) व अवसांचना सेवाओं के विस्तृत ले आउट,डिजाइन एवं ड्राइंग तैयार कराने के लिए परामर्शदाता फर्म चयन के संबंध में तकनीकी प्रस्तुति एचपीडीए उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ व प्रभारी सचिव अमित कादियान के समक्ष आयोजित की गई।

प्रस्तुति चरण में तीन प्रतिष्ठित परामर्शदाता फर्मों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी तकनीकी प्रस्तुतियां मूल्यांकन समिति के समक्ष दी। फर्मों द्वारा प्रस्तुतियों में प्रस्तावित कार्य पद्ि्त,योजना दृष्टिद्दकोण, डिजाइन क्षमता, तथा हरिपुर आवासीय योजना हेतु डीपीआर तैयार करने की समय सीमा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ ने कहा कि हरिपुर आवासीय योजना विकसित होने से क्षेत्र में सुनियोजित शहरी विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आवासीय पहल है। तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन निर्धारित निविदा प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा,प्राधिकरण चयन प्रक्रिया के आगामी चरणों को निर्धारित दिशा निदेर्शों के अनुरूप आगे बढ़ायेगा।

# ग्रामीण सड़कों के कायाकल्प की शुरूआत, करोड़ों की योजना का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय से






जर्जर पड़ी सड़कों के सुधार का कार्य अब धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। करीब 1.13 करोड़ रुपये की लागत से दो प्रमुख मार्गों के विशेष मरम्मत एवं सुद्दढ़ीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सांसद अतुल गर्ग की संस्तुति से स्वीकृत योजना के तहत कुल 7.40 किलोमीटर सड़क को मजबूत किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी। परियोजना में समाना जारचा मार्ग कलां वाया कपूरपुर के हिस्से तथा डीडीजी मार्ग से दहीरपुर रज्जाकपुर वाया नरैना तक के मार्ग का पुनर्निर्माण शामिल है।

कार्यों के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि ग्रामीण अंचल की बुनियादी सुविधाओं को सुद्दढ़ करना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाग्य बदल जाता है जब बजरंगी बाला का मिले आशीर्वाद : गुरु नरेश भगवान महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** नरेश भगवान महाराज ने गोयल परिवार नान वालो द्वारा आयोजित भव्य संकीर्तन में महादेव, राम और हनुमान के भजनों से सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया

- **कस्बे के गोयल परिवार ने कराया विशाल संकीर्तन**
- **आयोजित भंडारे में भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर विक्रम बजरंगी की जय जय कार की**

। आयोजित भव्य सा कीर्तन में बाबा की भक्ति से कीर्तन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन पिलखुवा रोड स्थित वशिष्ठ चौक के निकट गोयल सदन में किया गया । संकीर्तन में श्री नरेश महाराज भगवान ने भगवान राम, कृष्ण, शिव आदि के मधुर भजनों से वातावरण कोभक्ति मय बना दिया । संकीर्तन में गुरु जी






ने सांसों की माला पर सिमरन बाबा तेरा नाम और दुनिया चले ना श्री राम जी के बिना, लहर लहर लहराए झंडा बजरंग बली का आदि भजनों में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये । कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे । कार्यक्रम आयोजन में मुख्य सहयोग यजमान हरिओम गोयल, पुष्पा गोयल, विकास गोयल, निकिता गोयल, आकाश गोयल, अभिषेक गोयल, आशीष गोयल, अक्षय गोयल, अनुज गोयल, अंजली गोयल, नरेश गर्ग, कपिल गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, सविता, गीता, सहित बड़ी संख्या में कस्बे के लोग मौजूद रहे । प्रसाद वितरण आकाश गोयल के सहयोग से किया गया । जिसमें भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया ।

**विरोध** 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय चितौली हापुड़ पर होगा धरना प्रदर्शनः देवेन्द्र शिशोदिया

# टीईटी परीक्षा को लेकर धौलाना ब्लाक के शिक्षकों ने किया दूसरे दिन भी विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय स्तरीय संगठन टीएफआई के बैनर तले 23 फरवरी सोमवार से धौलाना ब्लॉक क्षेत्र के शिक्षकों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के निर्णय के खिलाफ विरोध

**अध्यापक हित में आर पार की लड़ाई का आह्वान**

व्यक्त किया था ।

ये विरोध मंगलवार को भी जारी रहा । ब्लाक क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने इस निर्णय को अनुचित बताते हुए वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने तक विरोध जारी रहेगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शिशोदिया ने कहा कि सरकार को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवाएं दे









रहे शिक्षकों पर नई शर्तें थोपना न्यायसंगत नहीं है। कहा कि 24 और 25 फरवरी को भी शिक्षक हाथ में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य, बीएलओ ड्यूटी और बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी करेंगे।

इसके बाद 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय चित्तौली हापुड़ पर धरना प्रदर्शन और जिला मुख्यालय पर पीएम, सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में अध्यापक ने विरोध जताया।

# तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ के निर्देश पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस बल की



मौजूदगी में बुलडोजर से गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में चार स्थानों पर 54500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण के प्रभारी प्रवर्तन,अवर अभियंताओं ने पुलिस बल की मौजूदगी में गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में स्याना रोड पर अर्जुनदास व घनश्यामदास द्वारा 16000 वर्ग मीटर,स्याना रोड पर ही जितेन्द्र यादव व हरवीर यादव द्वारा 16000 वर्ग मीटर, मोहल्ला इन्द्रानगर घोड़ा फार्म मौ.शाहिद द्वारा 20000 वर्ग मीटर व बदरखा ओवर ब्रिज के निकट योगेश त्यागी द्वारा 2500 वर्ग मीटर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया।

उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

- **54500 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त**
- **प्राधिकरण की कार्यवाही से कालोनाइजरों में मचा हैं,हड़कंप**
- **जनता से अपील, मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें:प्रभारी सचिव**

प्रभारी सचिव ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा फरवरी माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग को ध्वस्तीकरण किया जायेगा।

इस अभियान में प्रवर्तन प्रभारी राज सिंह,अवर अभियंता जितेन्द्र नाथ दूबे व प्राधिकरण का सचल दस्ता भी मौजूद रहा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# कमान शृंखला को लेकर प्रश्न



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने लद्दाख क्षेत्र में 2020 में हुई घटनाओं के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की कथित रूप से अप्रकाशित किताब कैसे छपे रूप में और उसकी पीडीएफ कॉपियां आम लोगों तक पहुंच गईं, यह प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के लिए अहम मसला हो सकती है, लेकिन देशवासियों के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने 2020 में भारतीय सीमा के अंदर चीन की पैठ बनने और उसी क्रम में कैलाश रेंज में हुई घटना के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। चूंकि उससे सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आया है, तो कुछ दूसरे हलकों से जनरल नरावणे के कर्त्तव्य निर्वाह के रिकॉर्ड पर निशाने साधे गए हैं। पूछा गया है कि जब मई- जून 2020 से चीनी सेना ने लद्दाख क्षेत्र में भारतीय इलाके में घुसपैठ की, तो उसे रोकने में भारतीय सेना क्यों नाकाम रही? उस दौरान खुद जनरल नरावणे के दिए कुछ बयानों का उद्धरण देते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने चीनी कार्रवाइयों की गंभीरता की या तो उपेक्षा की अथवा उन्होंने उससे देश को नावाकिफ रखा। उधर जनरल नरावणे की किताब से संकेत मिलता है कि सेना को 'टॉपइ से बिना अनुमति के फायरिंग ना करने का निर्देश था। इसी बीच एक संकटपूर्ण मौका आया और तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने दिशा-निर्देश मांगा, तो राजनीतिक नेतृत्व ने पहले तो लेट-लतीफी की और फिर उन पर डाल दिया गया कि जो उचित लगे उसे वे करें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में युद्ध संबंधी टैक्टिकल, ऑपरेशनल, एवं स्ट्रेटेजिक निर्णय प्रक्रिया घालमेल का शिकार हो गई लगती है। चूंकि ये बात बहुचर्चित हुई है, तो भारत के 'दुश्मनों ने भी उस पर गौर किया होगा। इसलिए असल सवाल ऐसी कमजोरियों को तुरंत दूर करने का है। जरूरी यह है कि इस पर समग्र चर्चा हो और जवाबदेही की शृंखला तय की जाए। इसके विपरीत किताब कैसे सार्वजनिक हो गई, जैसे मुद्दे को योजनाबद्ध ढंग से तरजीह दी जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकाशक के साथ-साथ पुस्तक लेखक भी इसमें सहयोगी बन गए हैं।




# अमेरिका-भारत व्यापार समझौता किसानों के अस्तित्व पर सीधा हमला

अमेरिका और भारत के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता देश के करोड़ों किसानों के भविष्य पर गहरा संकट बनकर उभर रहा है। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) स्पष्ट रूप से यह कहना चाहती है कि यह समझौता भारतीय कृषि व्यवस्था, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी ) प्रणाली और गांव आधारित अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह केवल व्यापार का विषय नहीं है, बल्कि यह देश के अन्नदाता के अस्तित्व की लड़ाई है। यदि विदेशी कृषि उत्पाद बिना पर्याप्त सुरक्षा के भारतीय बाजार में प्रवेश करेंगे, तो देश का छोटा और मध्यम किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। अमेरिकी कृषि को भारी सब्सिडी और तकनीकी समर्थन मिलता है, जबकि भारतीय किसान पहले से ही लागत, कर्ज और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहा है ।

आज हालात ऐसे हैं कि देश के किसान को यह चतुर्दिक संघर्ष स्वयं लड़ना पड़ेगा ।केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों से,दिखावटी विपक्ष से,मुख्यधारा के मीडिया से,और बड़े कॉरपोरेट घरानों से।दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश का विपक्ष भी किसानों की भलाई का केवल दिखावटी प्रदर्शन कर रहा है। वास्तविकता यह है कि अमेरिका से दोस्ती



रविन्द्र त्यागी
प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) उत्तर प्रदेश


और व्यापारिक समझौते की इच्छा सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष भी रखता है। ऐसे में किसानों को भ्रम में रहने की आवश्यकता नहीं है। यह समझौता किसानों के हितों की अनदेखी कर लागू किया गया, तो यह देश को आर्थिक गुलामी की ओर ले जाने वाला कदम सिद्ध होगा। आज देश को गुलामी से बचाने की जिम्मेदारी केवल और केवल किसानों के हाथ में है।किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। यदि किसान कमजोर होगा तो देश की संप्रभुता भी कमजोर होगी।

रविन्द्र त्यागी का कहना है कि किसी भी व्यापार समझौते से पहले किसानों और किसान संगठनों से व्यापक चर्चा हो।भारतीय कृषि बाजार और एमसपी व्यवस्था को किसी भी हालत में कमजोर न किया जाए।विदेशी कृषि उत्पादों पर उचित सुरक्षा शुल्क (सेफगार्ड ड्यूटी ) सुनिश्चित किया जाए।छोटे और मध्यम किसानों की आय सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाए जाएं।

भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) देशभर के किसानों से आह्वान करती है कि वे संगठित हों, जागरूक रहें और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष के लिए तैयार रहें।

यह समय इतिहास लिखने का है। यदि किसान जागा, तो देश बचेगा। यदि किसान चुप रहा, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

# अंदर का आदमी: मनुष्य के वास्तविक स्वरूप की खोज



डॉ विजय गर्ग

मनुष्य केवल शरीर और बाहरी व्यक्तित्व का नाम नहीं है। उसके भीतर एक और संसार बसता है – विचारों, भावनाओं, मूल्यों और अंतरात्मा का संसार। यही अंदर का आदमी व्यक्ति की वास्तविक पहचान बनाता है। बाहरी रूप, पद या संपत्ति क्षणिक हो सकते हैं, परंतु भीतर का चरित्र ही स्थायी होता है।

### अंदर का आदमी क्या है?

अंदर का आदमी हमारे मन, विवेक, नैतिकता और आत्मा का प्रतीक है। यह वह आंतरिक आवाज है जो सही और गलत के बीच अंतर बताती है। जब कोई हमें देख नहीं रहा होता, तब हम जो निर्णय लेते हैं, वही हमारे भीतर के व्यक्ति का परिचय देते हैं।

### बाहरी और आंतरिक व्यक्तित्व में अंतर

बाहरी व्यक्तित्व - पहनावा, भाषा, सामाजिक छवि, पद और प्रतिष्ठा।

आंतरिक व्यक्तित्व - ईमानदारी, करुणा, संवेदनशीलता, धैर्य और नैतिक मूल्य।

बाहरी व्यक्तित्व दूसरों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन आंतरिक व्यक्तित्व लोगों के हृदय में स्थान बनाता है।

### अंतरात्मा की आवाज

हर व्यक्ति के भीतर एक नैतिक मार्गदर्शक होता है। जब हम गलत कार्य करने जाते हैं, तो भीतर से एक आवाज हमें रोकती है। यदि हम उस आवाज को सुनते हैं, तो जीवन सही दिशा में चलता है; यदि उसे अनसुना करते हैं, तो पश्चाताप जन्म लेता है।

### अंदर का आदमी क्यों महत्वपूर्ण है?

1. चरित्र निर्माण का आधार - व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके चरित्र से होती है।
2. विश्वास अर्जित करता है - ईमानदार और संवेदनशील व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं।
3. मानसिक शांति देता है - सही कार्य करने से आत्मसंतोष मिलता है।
4. समाज को बेहतर बनाता है - नैतिक व्यक्तियों से समाज में सद्भाव बढ़ता है।

### अंदर के आदमी को मजबूत कैसे करें?

1. आत्मचिंतन करें
प्रतिदिन अपने व्यवहार और निर्णयों पर विचार करें।
2. सत्य और ईमानदारी अपनाएँ
छोटी परिस्थितियों में भी सत्य का साथ देना चरित्र को मजबूत करता है।
3. करुणा और सहानुभूति विकसित करें
दूसरों के दुःख को समझना हमें मानवीय बनाता है।
4. क्रोध और अहंकार पर नियंत्रण
संयम आंतरिक शक्ति का परिचायक है।
5. अच्छे साहित्य और विचारों का अध्ययन
प्रेरणादायक पुस्तकों और महान व्यक्तियों के विचारों से मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### आधुनिक जीवन और आंतरिक संघर्ष

आज का जीवन प्रतिस्पर्धा, दिखावे और भौतिक सफलता की दौड़ से भरा है। इस दौड़ में कई बार व्यक्ति अपने भीतर की आवाज को दबा देता है। सफलता के साथ यदि नैतिकता न हो, तो उपलब्धियाँ भी अधूरी लगती हैं।

### निष्कर्ष

अंदर का आदमी ही हमारी सच्ची पहचान है। वही हमारे निर्णयों को दिशा देता है और जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है।

बाहरी सफलता से अधिक महत्वपूर्ण है आंतरिक ईमानदारी और मानवता।

जब मनुष्य अपने भीतर के व्यक्ति को समझ लेता है, उसे मजबूत बनाता है और उसके अनुसार जीवन जीता है, तभी वह सच्चे अर्थों में सफल और संतुष्ट जीवन जी सकता है।

मनुष्य की महानता उसके बाहरी रूप में नहीं, बल्कि उसके अंदर बसे चरित्र और मानवता में होती है।

## सुनिश्चित है

जो अहम के वशीभूत हो ठूठ बने रह गए,
उनका एक न दिन तो पतन सुनिश्चित है,
जो ढलना भूल कर उम्र भर अकड़े रह गए,
उनका एक न दिन तो गिरना सुनिश्चित है ।

जो सुपरिवर्तन को सहज स्वीकार न सके,
उनकी एक न दिन तो अवनति सुनिश्चित है,
जो कमियों में सुधार का शिल्प न गढ़ सके,
उनकी एक न दिन तो गिरावट सुनिश्चित है ।

जो आचरण को सुव्यवस्थित न कर सके,
उनकी एक न दिन तो पराजय सुनिश्चित है,
जो समय की कीमत समय रहते न समझ सकें,
उनकी एक न दिन तो दुर्गति सुनिश्चित है ।

जो विनम्रता को व्यहवार में न उतार सके,
उनका एक न दिन तो ह्रास सुनिश्चित है,
जो ऊँच-नीच की दीवार को न गिरा सके,
उनका एक न दिन तो विषाद सुनिश्चित है।

जो कड़वाहट को मन से सहज न निकाल सके,
उनकी एक न दिन तो अस्वस्थता सुनिश्चित है,
जो सत्यता के "आनंद" को न अपना सके,
उनकी एक न दिन तो शिकस्त सुनिश्चित है ।



मोनिका डागा आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – कुछ मीठा का स्वाद लेंगे, चांदी, स्वर्ण व्यवसाय लाभ देगा, लेपटॉप, वाशिंग मशीन, टीवी, मिक्सी मेकेनिक के दे सकते हैं।

**वृषभ** – बैठे बिठाए काम बनेगा पैसे कमाएगे,सौंदर्य का सामान कपड़े खरीद सकते हैं, जीवन साथी भी नौकरी अप्लाई करके हाथ बटा सकता है,छोटी-छोटी बातों का मसला ना बनाये। भाग्य प्रतिशत-57

**मिथुन** – होटल में रुकना सम्भव हैं, घूमने के समय स्काई डाइविंग अन्य खतरे के कार्य से बचें,स्कूल,कालिज में सीवी डाल सकते हैं, ट्रांसफर लेटर भी मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – बड़ा पैसा प्राप्त होगा, डेटा एनालिस्ट, शोध कार्य, पैथोलॉजी, कार्य उन्नति देगा, व्यवसायी हैं तो टैक्स चोरी ना करें, संस्कृत,योग जैसे विषय पर सीखेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**सिंह** – नौकरी में अप-डाउन करना मुश्किल लगेगा, वाहन ठीक करने में पैसे लग सकते हैं, व्यवसाय में अच्छी आय बढ़ेगी, मांसाहार, चटपटा भोजन, मदिरापान की तरफ जा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-55

**कन्या** – मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे, नौकरी बदलने के लिए विचार करेंगे, प्रेम समबन्ध में सहयोग मिलेगा, कुछ लोग साईड बिजनैस शुरू कर सकते हैं शिक्षा परीक्षा में मुश्किल लगेगी।

**तुला** – विवाह करने की डेट फाइनल हो सकती है, करियर में इंट्रेस्ट बदल सकता है, फोटोग्राफी, कन्टेन्ट बनाना, डीजे की बुकिंग मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक** – मन की खुशी तलाशेंगे, किसी समारोह में भी जाना सम्भव हैं, साईनस, त्वचा सम्बन्धी रोग परेशान करेगा, मीटिंग में अच्छी तरह से प्रेजेंटेशन देंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**धनु** – नौकरी में तरक्की, वेतन बढ़ना सम्भव हैं, दान पुण्य भी करेंगे, लोगों के बीच पहचान मिलेगी, ट्रैवल कार्य में बुकिंग मिलेगी।

**मकर** – मानसिक सुकून चाहेंगे, आय से संतुष्ट रहेंगे,अविवाहित है तो विवाह के लिए बात चल सकती है, फूड कॉर्नर, जूस की दुकान, चांदी, आयुर्वेदिक दवा व्यवसाय चलेगा।

**कुंभ** – घर में खुशी होगी, मन अच्छा रहेगा, काम करने का उत्साह रहेगा, नई नौकरी मिलने से आय शुरू हो सकती हैं, फैशन, बुटीक, ब्यूटीशियन,साड़ी व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**मीन** – खुद को अकेला अनुभव करेंगे, मित्र से अच्छी सलाह मिलेगी, पूजा पाठ में धन खर्च करेंगे, यात्रा का भी योग है, कोई दवा शुरू करेंगे फायदा होगा। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# अब सवाल और बड़े हो गए हैं?



जुनैद मलिक अत्तारी

भारत में एप्सटीन फाइल्स के नये खुलासे के बाद अब सवाल और बड़े हो गए हैं?नए खुलासों में दावा किया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमानी पुरी की कंपनी रियलम पार्टनर एलएलसी को जेफ्री एप्सटीन के करीबी रॉबर्ट मिलर्ड के जरिए करीब 28 करोड़ डॉलर (लगभग 2400 करोड़ रुपये) की फंडिंग मिली।बताया जा रहा है कि 2015 के आसपास कंपनी ने हजारों करोड़ की कुल फंडिंग भी जुटाई। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब कहा जा रहा है कि मंत्री की एप्सटीन से सिर्फ औपचारिक/प्रोफेशनल मुलाकात थी, तो फिर उसी नेटवर्क से जुड़ा व्यक्ति उनकी बेटी की कंपनी में इतनी बड़ी रकम क्यों निवेश कर रहा था? जनता जानना चाहती है? निवेश किन शर्तों पर हुआ? पैसा किस स्रोत से आया?क्या इसकी किसी एजेंसी से जांच होगी?यह आरोप है! और सच क्या है, यह साफ होना ही चाहिए।लोकतंत्र में सवाल पूछना गलत नहीं होता, बल्कि जरूरी होता है।अब देखना है!क्या इस पर पारदर्शी जांच होगी या मामला बयानबाजी में दब जाएगा? गौरतलब है कि जेफ्री एप्सटीन ने करीब साढ़े छह साल पहले 66 साल की उम्र में न्यूयॉर्क की एक जेल में कथित तौर पर खुदकुशी कर ली थी। उसके घरों से जब्त पत्रों, तस्वीरों, लॉग और कागजात की वजह से वह अब भी खबरों में है। जितनी रहस्यमय जिंदगी, उतनी ही रहस्यमय मौत। कोई नहीं जानता कि उसने दौलत कैसे बनाई। इतना जरूर पता है कि उसपर सैकड़ों बच्चों के यौन शोषण का आरोप है, 500 से ज्यादा पीड़ितों की पहचान हो चुकी है जिनकी ट्रैफिकिंग की गई। 30 जनवरी 2026 को अमेरिका में नए कागजात जारी किए गए जिनमें कई भारतीयों का जिक्र है। इनमें दो तो खास हैं। बदनाम एपस्टीन फाइल्स में भारत और भारतीयों का जिक्र भले हलचल मचा रहा हो, मजे की बात है कि ये जिक्र 2014 से शुरू होते हैं, जिस साल बीजेपी सांसद कंगना रनौत के मुताबिक भारत आजाद हुआ था। 2014 के बाद एपस्टीन की भारत और भारतीयों में दिलचस्पी की क्या वजह थी, इसकी जांच बाकी है।अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी मेल और कागजों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और उद्योगपति अनिल अंबानी का जिक्र मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से कुछ दिन पहले शुरू हुआ। 16 मई 2014 को नतीजे आने से कुछ दिन पहले एपस्टीन ने एक ईमेल में भारत आने की इच्छा जताई थी और अरुण जेटली और मोदी का जिक्र किया था। साफ नहीं है कि वह इन दोनों को जानता था या नहीं। जवाब में उसे बताया गया कि उसे भारत आना रास नहीं आएगा और गर्मियों में नहीं आने की सलाह दी गई थी।हरदीप पुरी की एपस्टीन के साथ बातचीत जून 2014 में शुरू हुई थी, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के कुछ ही दिनों बाद और रिटायर्ड राजनयिक पुरी के जनवरी 2014 में बीजेपी में शामिल होने के छह महीने बाद। फाइलों से पता चलता है कि पुरी और एपस्टीन 5 जून से 9 जून 2014 के बीच चार बार मिले थे। उसी साल 26 मई को मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। अब तक जितनी बातें सामने आई हैं, उससे ऐसा लगता है कि सितंबर 2017 में मोदी कैबिनेट में मंत्री बनने के बाद पुरी का नाम फाइलों में नहीं है।अपने व्यवहार का जोरदार बचाव करते हुए पुरी ने कहा है कि वह एक देशभक्त, दूर की सोचने वाले भारतीय के तौर पर एपस्टीन से मिल रहे थे, ताकि भारत में निवेश लाने में मदद मांग सकें। उनका दावा है कि 2014 में अपने मेल में उन्होंने डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया का जिक्र किया। गौरतलब है कि ये स्कीम 2015 और 2016 में शुरू की गई थीं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सितंबर 2017 में मंत्री बनने के बाद एपस्टीन के साथ उनकी बातचीत क्यों बंद हो गई। उनकी कोशिशों का कैबिनेट को क्या नतीजा मिला? एक निजी नागरिक के तौर पर उनकी कोशिशों और एपस्टीन के जरिये कौन से निवेश आए?पुरी ने सितंबर 2014 में एपस्टीन के ईमेल का जिक्र किया, जिसमें उन्हें लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन से मिलवाया गया था। रीड, हरदीप भारत में आपके आदमी हैंह्व। अक्तूबर में, एपस्टीन बैठक का नतीजा जानना चाहता है। पुरी जवाब देते हैं कि उन्हें सैन फ्रांसिस्को में हॉफमैन से मिलना है। पुरी पूछते हैं, मेरे दोस्त, तुम काम करवा देते हो। कोई सलाह? हॉफमैन से बैठक के बाद भारत में डिजिटल पहल पर एक विस्तृत नोट भेजा, जिसमें हॉफमैन और एपस्टीन दोनों को मार्क किया गया था।पवन खेड़ा ने पूछा है, तब पुरी एक पूर्व राजनयिक थे। वह किस हैसियत से हॉफमैन का भारत दौरा आयोजित कर रहे थे? क्या भारतीय दूतावास बंद हो गया था? क्या भारतीय राजदूत वहां नहीं थे? क्या विदेश मंत्री सुषमा स्वराज नहीं थीं? नरेन्द्र मोदी को हरदीप पुरी की सेवाओं की जरूरत क्यों पड़ी? मोदी को रीड हॉफमैन की यात्रा के लिए एपस्टीन की जरूरत क्यों पड़ी?पब्लिक डोमेन में ऐसा कुछ भी नहीं जिससे पता चले कि एपस्टीन कभी भारत आया था। अगर वह आता तो भारत और अमेरिका के इमिग्रेशन अधिकारियों को पता होता। अगर वह प्राइवेट जेट से आता तो सिविल एविएशन अधिकारियों को भी पता होता। न ही पब्लिक डोमेन में ऐसा कुछ है जिससे पता चले कि एपस्टीन ने कभी भारत में निवेश किया हो या यहां किसी के साथ गठजोड़ किया हो। इसके उलट, जब अनिल अंबानी ने लंदन कोर्ट में खुद को दिवालिया घोषित करने के बाद 7 करोड़ जुटाने में उससे मदद मांगी, तो एपस्टीन ने जवाब दिया कि लोन मिलना मुश्किल होगा और उनके शेयर शायद अच्छे नहीं थे।अब तक 35 लाख कागजात जारी किए गए हैं और 30 लाख जारी किए जाने हैं। फिर भी, अब तक के पेपर में भारत और भारतीयों के जिक्र ने हलचल मचा रखी है और तमाम असहज करने वाले सवाल उठ रहे हैं। राजनीतिक रूप से सबसे अहम संकेत तब आया जब एपस्टीन ने दावा किया कि उसने मोदी के आदमी को बताया कि 2017 में भारतीय पीएम के पहले इसराइल दौरे के दौरान क्या करना है।




एपस्टीन ने दावा किया कि उसने भारतीय पीएम को सुझाव दिया कि इसराइल में रहने के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के पक्ष में जमकर बातें करें और इसके बारे में यह भी लिखा- यह काम कर गया। ये रहस्यमय संदेश तमाम सवाल खड़े करते हैं जिनका जवाब मिलना अभी बाकी है। जैसे, मोदी के इसराइल दौरे में एपस्टीन की क्या दिलचस्पी थी? वह किसके कहने पर भारत में नेताओं पर नजर रख रहा था? सीआईए और मोसाद के पूर्व अधिकारियों जैसे भरोसेमंद स्रोतों ने यह आरोप लगाए हैं कि वह अमेरिका और इसराइल दोनों में डीप स्टेट का हिस्सा था, लेकिन इसकी पुष्टि जल्द होने की उम्मीद नहीं। एक और ईमेल बातचीत में, एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट का जिक्र किया और कहा कि वह वहां के घटनाक्रम से खुश नहीं। बेशक संदर्भ अभी रहस्य बना हुआ है, लेकिन यह भी हैरान करने वाला है कि उसने अनिल अंबानी के साथ ऐसी बात क्यों की। इसकी शायद यही सही व्याख्या है कि वह चाहता था कि अनिल अंबानी उसके विचारों को भारतीय नेतृत्व तक पहुंचाएं।

एपस्टीन को लगता था कि अंबानी भारतीय नेतृत्व के करीब थे और वह उस समय स्टीव बैनन जैसे राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी लोगों से मिलने की कोशिश उनके कहने पर ही कर रहे थे। अनिल अंबानी ने शायद यह दावा करके भारत में राजनीतिक सत्ता से अपनी नजदीकी दिखाने की कोशिश की होगी कि नेतृत्वह्व ने उन्हें पीएम मोदी के वाशिंगटन डीसी और व्हाइट हाउस दौरे को आसान बनाने और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर से मिलने के लिए कहा है।हरदीप पुरी के बेगुनाही के बड़े-बड़े दावों और टीवी चैनलों पर राहुल गांधी को बुरा-भला कहने और सच सामने लाने की कोशिशों ने उनकी छवि खराब कर दी है। चिड़चिड़े पुरी ने एक इंटरव्यू में सवाल किया, आतंकवादियों के संपर्क में रहने से क्या मैं आतंकवादी बन जाता हूं? इसका क्या मतलब? उनपर किसी ने बच्चों के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप तो लगाया नहीं है।सरकार के चुप कराने से पहले, पुरी ने खुद को उलझन में डालने का अच्छा इंतजाम कर लिया था- उन्हें नहीं पता था कि एपस्टीन कौन है, उन्हें नहीं पता था कि वह किससे मिलने जा रहे हैं। इंटरनेशनल पीस इंस्टीट्यूट में उनके बॉस ने उन्हें एपस्टीन के पास भेजा था। वह एक डेलीगेशन का हिस्सा थे। वह एपस्टीन से सिर्फ तीन-चार बार मिले थे भारत में इन्वेस्टमेंट के लिए पिचिंग और डिजिटल इंडिया को प्रमोट करने के लिए। एपस्टीन का मैनहटन टाउन हाउस उनके बगल में था और वह आठ साल से न्यूयॉर्क में रह रहे थे। यह सब प्रोफेशनल था। एपस्टीन पर सिर्फ एक कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करने का आरोप था। इनकार के बावजूद ईमेल से पता चल जाता है कि मंत्री जी कितनी जान-पहचान रखते हैं, जिसे मानने या समझाने को तैयार नहीं हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# बच्चों पर पड़ रही मौसम की मार निमोनिया के साथ डायरिया का अटैक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जनपद में बदलते मौसम का असर बच्चों की सेहत पर जरूर पड़ा है, यही कारण है कि जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में निमोनिया व डायरिया रोग से पीड़ित बच्चा रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। राहत की बात यह है कि समय पर इलाज और अभिभावकों की सतर्कता से बच्चे स्वस्थ हो रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अधिकतर बच्चे इलाज के बाद जल्द ठीक हो रहे हैं। जनपद में मौसम का मिजाज निरंतर बदल रहा है। मौसम के बदलते मिजाज का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, और बच्चे बीमार हो रहे हैं। शहर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद सरताज के अनुसार मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण बच्चों में ये समस्याएं सामने आ रही हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। सही समय पर डॉक्टर से परामर्श, साफ-सफाई और खान-पान का ध्यान रखने से इन बीमारियों से बचाव संभव है। डॉक्टरों की सलाह मानकर और थोड़ी सी सावधानी बरतकर अभिभावक अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। यही वजह है कि अस्पतालों में इलाज के बाद बच्चों की सेहत में लगातार सुधार देखा जा रहा है।

**डॉक्टर की सलाह--**

बदलते मौसम में बच्चों को ठंडी हवाओं से बचाकर रखें। खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ या दस्त शुरू होते ही डॉक्टर को दिखाएं, देरी न करें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा न दें। बच्चों का टीकाकरण समय पर जरूर कराएं, इससे निमोनिया का खतरा कम होता है।

# सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर रैंक खराब,डीएम ने जताई नाराजगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम जनपद में हो रहे 50

> ▶▶ सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परख योजनाओं का पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाए
>
> ▶▶ जिले में 50 लाख व उससे अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा कर,जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की परियोजना जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर मे वृजघाट का निर्माण,आई टी आई की समीक्षा के दौरान आईटीआई को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया। उन्होंने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेस्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

जिला अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर अमल में लाएं। कार्य गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए इसके



अलावा संबंधित कार्यदाई संस्था तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है उसमें पात्र व्यक्ति को लाभ जरूर दिया जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक डीएम में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा मे विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंक सी0 डी0 ई0 की श्रेणी में है उनको निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो।

बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग/विद्युत/ जल निगम/ सिंचाई सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजेश कुमार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर के मोहल्ला सैमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्थ हॉस्पिटल के डॉ. वीरेश कुमार एवं राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह पाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में अभिभावक, अतिथि एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम के साक्षी बने।

कार्यक्रम का आरंभ छात्राओं काजल, वैष्णवी, नित्या और तान्या द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद नर्सरी के नन्हे बच्चों ने मेरे पापा गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।








सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कक्षा तीन के विद्यार्थियों ध्रुव, भानु और काव्या ने ह्यतारे जमीन पर पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से दशार्या। एलकेजी के बच्चों ने ह्यबम-बम भोले पर आकर्षक नृत्य कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कक्षा छह की छात्राओं किरन और दिव्या ने ह्यबरसाने की छोटी पर मनोहारी प्रस्तुति दी, जबकि कक्षा आठ की छात्राओं कनिष्का, आरोही और रिया ने छोटा बच्चा जान के गीत पर ऊजार्वान प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इसके अतिरिक्त पुष्पा, राधिका, प्रियांशी, माहिरा, महक और वेदांश सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने हम वक्त बदल देंगे गीत पर प्रेरणादायक प्रस्तुति देकर आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। अंश और संध्या ने राम आएंगे गीत पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। अध्यापिकाओं जाह्नवी और मीरा द्वारा प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर नाट्य मंचन ने देशभक्ति और वीरता की भावना को सजीव कर दिया, जिसे दर्शकों ने विशेष रूप से सराहा।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापिकाओं जाह्नवी और मीरा ने सुव्यवस्थित ढंग से किया।

मुख्य अतिथि डॉ. वीरेश कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन की आधारशिला है और एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह पाल ने विद्यालय को बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र बताते हुए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को अनुशासन एवं संस्कारों के प्रति जागरूक करने तथा मोबाइल के अनावश्यक उपयोग से दूर रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रबंधक एस.के. सक्सैना, वर्षा गर्ग, अलका सक्सैना, प्रियंका गुप्ता, अनमोल, ज्योति शर्मा, आरती वार्ष्णेय, नंदिनी, संध्या, बेबी, साक्षी, मीरा कुमारी, पुनीत गर्ग, वाई.के. शर्मा, ममता, अलका, राजीव कुमार, ममता मौर्य, पूर्वी गर्ग, डिंपल, राधिका, आरती सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।


# त्योहारों की आहट से बाजारों में बढ़ी रौनक,खरीदारी को उमड़ी भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर के बाजारों में इन दिनों जबरदस्त भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। सुबह से देर रात तक मुख्य बाजारों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और फुटपाथ दुकानों पर खरीदारों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। कपड़ा, मिठाई, सजावटी सामान, रंग-गुलाल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और गिफ्ट आइटम की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लग रही हैं।









व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों का सीजन शुरू होते ही बिक्री में तेजी आई है। रेडीमेड वस्त्र, बच्चों के परिधान, पारंपरिक परिधान और पूजा सामग्री की सबसे अधिक मांग है। वहीं मिठाई की दुकानों पर भीड़ के चलते अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है। कई दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी शुरू किए हैं।

शाम के समय बाजारों में सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस को प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है ताकि जाम की स्थिति न बने।

नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहारों को देखते हुए बाजारों में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा गश्त बढ़ा दी गई है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

ग्राहकों का कहना है कि त्योहारों की खरीदारी का अलग ही उत्साह होता है। परिवार के साथ बाजार आकर खरीदारी करने में आनंद आता है। हालांकि भीड़ के कारण असुविधा भी हो रही है, लेकिन त्योहार की खुशी के आगे यह परेशानी छोटी लगती है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से अपील की है कि भीड़ को देखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कुल मिलाकर त्योहारों की दस्तक के साथ बाजारों की रौनक चरम पर है और शहर का व्यापारिक माहौल उत्साह से भरा नजर आ रहा है।

# इंडस्ट्रियल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** राजकीय आईटीआई मुजफ्फरनगर कैम्पस में स्थित सभागार में कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदृष्टि सोच/मंशा के अनुरूप एवं निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में उद्योग-आईटीआई साझेदारी को मजबूत करने के लिये मेधा फाउन्डैशन के सहयोग से मण्डल स्तरीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन का आयोजन आईटीआई के सभागार में किया गया।मुख्य अतिथि जगमोहन गोयल अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मुजफ्फरनगर एवं विशिष्ट अतिथि अमित जैन अध्यक्ष आई०आई०ए० मुजफ्फरनगर,बीरेन्द्र बहादुर सिंह संयुक्त निदेशक (प्रशि०/शिक्षु०) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर, निधि एचआर आई०आई०ए० गाजियाबाद,कमलजीत सिंह महरूक, सीएसटीआई हैड,एलएण्ड टी एवं मेरठ व सहारनपुर मण्डल के समस्त राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्यो व लगभग 21 प्रतिष्ठित उद्योगो के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।उद्योग-आईटीआई साझेदारी को मजबूत करने के लिये गोलमेज सम्मेलन में आये समस्त पदाधिकारियों / अतिथियो द्वारा खुले मंच के माध्यम से अपने-अपने विचार साझा किये गये।

# बिना सरकारी मोहर के कांटे-बांटों पर होगी कार्रवाई,आज-कल ही लगवा लें मोहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान अनूपशहर गुलाब सिंह ने क्षेत्र के समस्त व्यापारियों को सूचित करते हुए बताया है कि जिन व्यापारियों ने वर्ष 2026 के लिए अपने कांटे व बांटों पर अभी तक सरकारी मोहर नहीं लगवाई है, वे आज और कल अनिवार्य रूप से मोहर लगवा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके बाद वर्ष 2026 में कोई भी सरकारी कैंप आयोजित नहीं किया जाएगा। मोहर न लगवाने की स्थिति में संबंधित व्यापारी स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा सरकारी मोहर लगाने हेतु कैंप लाल कुआं के पास स्थित बालमुकुंद की धर्मशाला में लगाया गया है। विभाग ने व्यापारियों से अपील की है कि उपभोक्ताओं के हित एवं नियमों के पालन हेतु समय रहते अपने कांटे-बांटों का सत्यापन करवा लें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

# खतौली रैली से पश्चिमांचल में चुनावी शंखनाद करेगी भागीदारी पार्टी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** जानसठ स्थित डाक बंगले में आयोजित प्रेस वार्ता में भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री डा० महेश चंद्र प्रजापति ने कहा कि 26 फरवरी को खतौली के जानसठ रोड स्थित श्रीराम गार्डन (लाडपुर) में पार्टी के पांचवें स्थापना दिवस एवं महात्मा संतराम बीए की जयंती पर वंचित-शोषित एकता रैली आयोजित की जाएगी।रैली की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद्र प्रजापति करेंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज मंत्री एवं ओमप्रकाश राजभर उपस्थित रहेंगे।डा० प्रजापति ने कहा कि भागीदारी पार्टी कुम्हार समाज के महापुरुषों के इतिहास को सामने लाने का कार्य कर रही है और पश्चिमांचल में तेजी से संगठन विस्तार कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी 2026 के क्षेत्र पंचायत चुनाव को सेमीफाइनल मानते हुए 1000 प्रधान बीडीसी और 200 जिला पंचायत सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।उन्होंने दावा किया कि खतौली,मीरापुर और सदर विधानसभा क्षेत्रों में कुम्हार समाज की बड़ी संख्या है और अब समाज जागरूक होकर अपने नेतृत्व के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ों, अति दलितों और अल्पसंख्यकों को जो दल उचित हिस्सेदारी देगा वही प्रदेश की सत्ता में आएगा।डा० प्रजापति ने पश्चिम में सपा,राष्ट्रीय लोक दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भागीदारी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में 125 सीटों पर मजबूती से तैयारी कर रही है और पूर्वांचल व बुंदेलखंड के बाद अब पश्चिमांचल में पूरी ताकत झोंक रही है।इस दौरान पश्चिमांचल प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रजापति, राजकुमार प्रजापति,संजीव प्रजापति,अनिल प्रजापति, मांगेराम प्रजापति,सौरभ प्रजापति,घनश्याम प्रजापति, विशाल प्रजापति, पवन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बाल विकास परियोजना में ड्राई फूड का घोटाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बाल विकास परियोजना जवां के गोदाम में स्टॉक में प्रिंट के 14 नवंबर बैग दलिया, 50 बैग दाल, 50 बैग रिफाइन्ड के लगभग 150 बैग मिले जो कालाबाजारी करने के उद्देश्य से गोदाम में रखे थे। गरीब बच्चों का पेट काटकर बाल विकास परियोजना जवाँ समेत जिले के विभाग से जुडें सभी अधिकारी भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे है।

जवां गोदाम में सोमवार को 14 नवंबर 2025 तिथि के 50 बैग दलिया, 50 बैग दाल, 50 बैग रिफाइन्ड के जवां की प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को हर माह प्रति बच्चे के अनुसार ड्राई फूड राशन वितरण के लिए प्रत्येक गाँव के लिए दिया जाता है। जवां ब्लॉक में लगभग 250 आंगनबाडी कार्यरत है। प्रत्येक आंगनबाड़ी से हर माह परियोजना प्रभारी बाल विकास पुष्टाहार जवों द्वारा धमकाकर अवैध तरीके से कुल राशन में से कुछ राशन प्रत्येक माह बचा लिया जाता है। इसी तरीके से हर माह भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जात है। इसके अलावा बाल विकास परियोजना प्रभारी द्वारा ड्राई फूड राशन वितरण प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री से एक हजार रुपए प्रति माह की जबरिया अवैध वसूली की जाती है। जिससे पात्रों को पूर्णरूप से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अन्न प्रासन (गोद भराई) के लिए आने वाली राशि की अवैध वसूली की जा रही है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक आँगनबाड़ी के खाते में प्रत्येक गाँव में बने आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 3000 रुपए रंगाई-पुताई के लिए आंवटित किए गए है जो कि ब्लॉक जवां में किसी भी आँगनबाड़ी केन्द्र की रंगाई-पुताई नहीं कराई गई है।




जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी बाल विकास पुष्टाहार, ब्लॉक जवाँ गायत्री गौड़ द्वारा 1500 रू की अवैध उगाही की गयी है। हाल ही में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक आँगनबाडी केन्द्रों के लिए सहायिकाओं के चयन हेतु भर्ती निकाली गई है जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं विभाग के अन्य अधिकारी द्वारा बिना चयन समिति गठित किए बिना अभ्यर्थियों पर फोन कॉल करके अवैध वसूली की जा रही है। बाल विकास परियोजनाधिकारी जवाँ द्वारा ड्राई फूड राशन मनमाने ढंग से बाँटा जा रहा है। जिसमें डीआई पर हस्ताक्षर ही नहीं है। समूह अध्यक्ष व आँगनबाड़ी और स्टोर इंचार्ज एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के हस्ताक्षर के बिना ही राशन उठान अवैध रूप से किया जा रहा है। जनवरी 2026 माह से प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री से 9 माह का चावल, गर्भवती व धात्री महिलाओं, गरीब बच्चे जो पंजीकृत लाभार्थी है। जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 15 कुन्टल चावल उठान की ऐवज में 5000 रुपए दिये है उन्हें पूरा चावल दिया गया। जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 5000 रुपए बाल विकास पुष्टाहार प्रभारी जवाँ को नहीं दिए उन्हें पूरा चावल नहीं दिया गया। पंचायतों पर तैनात राशन डीलर को सीधा सम्पर्क कर मंडियों में चावल की बिक्री करवा दी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ें के लिए ब्लॉक जवाँ में कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 15000 रुपए जलपान के लिए स्वीकृत किया गया था। जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी को एक-एक समोसा खिलाकर कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। महोदय इस कार्यक्रम में हुए खर्चे के बिल वाउचर की जाँच कराई जाये। बाल विकास परियोजना प्रभारी जवाँ गायत्री गौड़ द्वारा साढ़े तीन वर्ष के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के निरीक्षण रजिस्टर पर आज तक हस्ताक्षर नहीं है।

# जिला कारागार में विधिक लगा जागरूकता शिविर, 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कैलेंडर के अनुसार जनपद में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 (द्वितीय शनिवार) को किया जाएगा।यह आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर,बाह्य न्यायालय बुढ़ाना,ग्राम न्यायालय जानसठ,ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलेक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में होगा।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीरेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में सिविल जज (सीडी)/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा० सत्येन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण कर पाकशाला, अस्पताल एवं बैरकों का जायजा लिया गया। इस दौरान दोषसिद्ध बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर उन्हें संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

**छापेमारी**

## 32,500 लीटर तेल सीज,नेपाल से मंगवाकर अपने ब्रांड की पैकिंग की आंशका

# लखनऊ की टीमों ने जिले में चार तेल मिलों पर की ताबातोड छापेमारी,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जनपद में लखनऊ से आई खाद्य विभाग की टीमों ने जिले में चार नामचीन तेल प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान 53.62 लाख रुपये का 32,500 लीटर खाद्य तेल सीज किया गया

> **बोतल बंद पानी की बोतलों में मिलावट के बीच अब तेल में भी मिलावट का शक,नमूने भरे**

और जांच के लिए 14 नमूने लिए गए। टीम को नेपाल से तेल मंगवाकर अपने ब्रांड की पैकिंग करने की भी आंशका जताई है। इस कार्यवाही से खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। सहायक आयुक्त प्रशासन रेखा सिंह ने बताया कि धौलाना मसूरी रोड स्थित वान्या पाम ऑयल पर जांच में 5180 लीटर खाद्य तेल में मिलावट का संदेह पाया गया। इस खाद्य तेल को टीम ने सीज किया। जिसकी अनुमानित कीमत 6.68 लाख रुपये है। यहां से टीम ने तीन नमूने लिये। वहीं यूपीएसआईडीसी केएल ऑयल से सात नमूने और 32.22 लाख कीमत का 15345 लीटर खाद्य तेल सीज किया। टीम द्वारा हापुड़ के मोहल्ला किशनगंज स्थित जेएन ऑयल पर भी टीम ने छापा मारा, यहां से तेल के चार नमूने लिए। इसके अलावा 14.71 लाख की कीमत के 11975 लीटर तेल में मिलावट का संदेह होने पर सीज किया गया। उधर गढ़ रोड स्थित रविंद्र ऑयल मिल पर भी टीम ने छापा मारा। जहां से नौ नमूने भरे गये।





उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि कुछ प्रतिष्ठानों में नेपाल से तेल मंगवाकर उसे अपने ब्रांड के नाम से पैक कर बाजार में बेचा जा रहा था। दो तेल इकाइयों में गंदगी,कर्मचारियों द्वारा मास्क और कैप न पहनने जैसी लापरवाही भी सामने आई। इसके अलावा, तेल खरीद और आपूर्ति का स्टॉक रजिस्टर भी ठीक से नहीं रखा गया था, जिसके लिए दोनों इकाइयों को नोटिस जारी किया गया है।

हापुड़ के सहायक आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि जिले में किसी भी तरह नकली खाद्य सामग्री बिकने नहीं दी जायेगी। जनपद में मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।


# अफवाहों पर न दे ध्यान सही समय सही तारीख पर मनायें होली का पर्व: शोभित शास्त्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश कुमार)।** राष्ट्रीय पुरोहित परिषद ने सर्वसम्मति से होलिका पूजन 2 मार्च को संध्या समय तथा होलिका दहन 3 मार्च को ब्रह्म मुहूर्त में करने का निर्णय लिया है।
गौरी सहाय मंदिर कोट पूर्वी में राष्ट्रीय पुरोहित

**होलिका पूजन 2 मार्च, एवं दहन 3 मार्च को ब्रह्म मुहूर्त में होगा**

परिषद की बैठक संपन्न हुई जिसमें नगर एवं क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य, पंडित, पुजारी एवं पुरोहितों ने हिस्सा लेकर सर्वसम्मति से 2 मार्च सोमवार को होलिका पूजन संध्या समय में तथा 3 मार्च मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में होलिका दहन करने का निर्णय लिया। इस बार पूर्णिमा को चंद्र ग्रहण होने से होलिका पूजन, दहन एवं रंग उत्सव मनाने का असमंजस था। जिसे साफ करते हुए तथा बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के



महामंत्री पंडित शोभित शास्त्री ने कहा कि 2 मार्च सोमवार को शाम 7:56 से देर रात्रि तक होलिका पूजन होगा। अगले दिन 3 मार्च मंगलवार को प्रातः बेला में 5:00 बजे से पूर्व किसी भी समय होलिका दहन किया जाना श्रेष्ठ है। उपाध्यक्ष पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि 3 मार्च मंगलवार को रंग उत्सव मनाया जाएगा। परंतु चंद्र ग्रहण के कारण 3 मार्च को कुछ खाना खिलाना अर्थात स्वागत अभिनंदन में जलपान,भोजन वर्जित रहेगा।
ऐसे में परस्पर एक दूसरे के घर जाकर गुजिया मिष्ठान आदि खाने खिलाने की परंपरा 4 मार्च बुधवार को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रंग गुलाल खेलने या चौपाई आदि निकालना एक परंपरा है। इसे पूजा या अनुष्ठान नहीं कहा जाता। इसलिए चंद्र ग्रहण में रंग खेलने को निषेध नहीं माना जा सकता। पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित जयदेव कौशिक, पंडित उमेश शर्मा, पंडित पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, पंडित विशाल शर्मा, पंडित विनीत शर्मा, पंडित राजू शुक्ला, पंडित अजय कुमार शर्मा आदि ने सर्वसम्मति से विभिन्न पंचांगों का अध्ययन कर-के उपरोक्त निर्णय लिया। जिसके अनुसार रंग एकादशी शोक उठनी एकादशी 27 फरवरी शुक्रवार को मनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय पुरोहित परिषद के अध्यक्ष पंडित अजय शुक्ला ने की तथा संचालन पंडित सुंदरलाल तिवारी ने किया।

# डीएम-एसपी द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थित में होली, ईद एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाये रखने तथा उक्त अवसर पर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था एवं कार्यवाही की समीक्षा हेतु पीस कमेटी की बैठक होलिका सुरक्षा समिति व होली बारात, जुलूस आयोजकों एवं पीस कमेटी के पदाधिकारियों, संभ्रांत नागरिकों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। डीएम एसपी द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई। डीएम-एसएसपी ने संभ्रांत नागरिकों से उनकी समस्याएं एवं सुझाव प्राप्त करते उन्हें साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया।डीएम ने कहा कि जिले के लोग गंगा-जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए आपस में मेल-मिलाप, प्रेम-सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सड़कों कहीं पर भी गड्ढे न हो। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता एवं सौहार्द के प्रतीक हैं, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। त्यौहारों के अवसर



पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर पूर्ण रोक लगायी जाए। आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए अच्छे से त्योहारों को मनाएं। सभी संभ्रांत लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्वक रूप से मनाने में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्रदान करें।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि इंटरनेट एवं सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक पोस्ट ना डाली जाए और ना ही उसे फॉरवर्ड किया जाए। उन्होंने किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों को मनाने में किसी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं है। जनपद वासी शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि डीजे पर बजने वाले गाने भी ऐसे न हो की किसी अन्य की भावनाएं आहत हो। उन्होंने सभी थाना अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से ही संबंधित क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेकर समय रहते कमियों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर होलिका स्थापना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्थान सुरक्षित हो।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, समस्त उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष के साथ विभागीय अधिकारी सहित पीस कमेटी के सदस्य, समाज के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# होली व रमजान को लेकर व्यापार मंडल ने प्रशासन से की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक सीता रोड स्थित कृष्णा फर्नीचर पर आयोजित की गई। बैठक में रमजान माह और होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन से पांच प्रमुख मांगें रखी गईं।



व्यापारियों ने होली से पूर्व और पर्व के दौरान नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाने तथा अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की मांग की। मुख्य बाजारों और चौराहों पर जाम की स्थिति से बचाव के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल व महिला पुलिस की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी, शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन और बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। साथ ही होली के दौरान पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए टैंकर और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के टैंक लगाने की बात कही गई। व्यापारियों ने आपसी सामाजिक भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की। बैठक की अध्यक्षता प्रेम ग्रोवर ने तथा संचालन प्रभात कृष्ण ने किया। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, उमेश वाष्णेय, सौरभ अग्रवाल, मोहित सक्सेना, अविनाश रस्तोगी, सचिन शर्मा, दीपक कुमार सहित अन्य व्यापारी मौजूद ।

# जायंट्स ग्रुप चंदौसी सखी सहेली ने दिलाई शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप चंदौसी सखी सहेली की ओर से मयूर विहार स्थित अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर के आवास पर जल संरक्षण विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर किया।



वक्ताओं ने जल बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिक पौधारोपण, वर्षा जल संचयन और पानी का दुरुपयोग रोकने की अपील की। प्रशासनिक निदेशक राजेश्वरी श्रीवास्तव ने कहा कि पानी बचाना ही जीवन बचाना है। वित्त निदेशक कंचन वाला ने जल की कमी से होने वाले नुकसान बताए।
अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर ने दैनिक जीवन में पानी फालतू न बहाने का आह्वान किया। अंत में सभी सदस्यों ने जल संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में कई सदस्य उपस्थित रहीं।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शहबाजपुर डोर पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 66वें दिन में प्रवेश कर गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (डा.महताब अमरोहवी)।** अमरोहा जिले के गजरौला क्षेत्र में रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट के कारण भूजल गंभीर रूप से दूषित हो गया है। नाईपुरा गांव समेत आसपास के इलाकों में किसानों को सांस की बीमारियां, एलर्जी, कैंसर जैसी घातक बीमारियां और फसलों की बबार्दी का सामना करना पड़ रहा है।भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शहबाजपुर डोर पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 66वें दिन में प्रवेश कर गया। किसान नेताओं ने बताया कि प्रदूषण ने सामान्य जीवन को बेहद महंगा और कठिन बना दिया है। नाईपुरा के किसान हर माह सैकड़ों रुपये दवाइयों, एयर प्यूरीफायर, मास्क, नेबुलाइजर और ऑक्सीजन किट पर खर्च कर रहे हैं, क्योंकि हवा और पानी अब जहर बन चुके हैं।



किसानों का कहना है कि कथित विकास के नाम पर मूलभूत संसाधन जैसे शुद्ध हवा और पानी भी बाजार में बिकने लगे हैं। परिवारों में अस्थमा, फेफड़ों की संक्रमण, पीलिया और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ गई हैं। सीमित साधनों वाले परिवारों के लिए चिकित्सा और सुरक्षित संसाधनों पर खर्च बोझ बन गया है।
किसान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि फैक्ट्रियों से अपशिष्ट का उचित निपटान हो, भूजल की सफाई हो और प्रभावितों को मुआवजा मिले। धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी, मीडिया प्रभारी जयकरण सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष एहसान अली,ओमप्रकाश सैनी,होमपाल सिंह,ओमप्रकाश सिंह,आजम चौधरी, शमशाद चौधरी,बाबू अली,शमसुद्दीन चौधरी,असद अली,गंगाराम समेत प्रभावित गांवों के तमाम किसान मौजूद रहे।

# शुरू हो गया त्योहार पर मिलावटी मिठाईयों का दौर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (मुईनुद्दीन हसन)।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य एवं पेय पदार्थ में मिलावट पर प्रभावी

**संबंधित धिकारियों ने कसी कमर, छापेमारी शुरू**
**225 किलो सफेद रसगुल्लों को खाद्य विभाग ने कराये नष्ट**

कार्रवाई हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है. इस क्रम में मंगलवार को ग्राम मोहम्मदपुर मालिनी थाना हजरतनगर



गढ़ी स्थित आसिम पुत्र नोशे खान व इलियास पुत्र नन्हे खान तथा ग्राम मंगनपुर स्थित शान ए आलम की रसगुल्ला निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया।
मौके पर खाद्य पदार्थ सफेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छकर एवं अस्वस्थकर दशाओं में पाए जाने के कारण 225 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराया गया। साथ ही 3 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।
त्योहार पर मिलावटी मिठाईयों का दौर हमेशा से चलता आया है और साथ ही साथ कार्रवाइयां भी होती रही है, सफेद रसगुल्ले, मावा, पनीर, दही, तथा अन्य मिठाईयों मिलावट करके आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है संबंधित अधिकारी लगातार कार्रवाई भी कर रहे है फिर भी मिलावटखोरों के होंसले बुंलद है। विभागीय टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य), राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल और ब्रिटिश इंटर कॉलेज अमरोहा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** स्थानीय नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल और ब्रिटिश इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्थान के संस्थापक शाहनवाज अंदाज अमरोहवी का जन्मदिवस रहा, जिसे स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने मिलकर स्कूल व कॉलेज के फाउंडर्स डे के रूप में एक उत्सव के रूप में मनाया।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक शाहनवाज अंदाज अमरोहवी द्वारा स्टाफ के साथ केक काटकर किया गया। इस भावुक क्षण पर अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा मेरे जीवन का मकसद हर इक हाथ में इल्म की शमा देकर, जमाने को जीने के अंदाज देना' है। इस मिशन में मुझे आप सभी का सहयोग चाहिए, और यही मेरे लिए सबसे अनमोल उपहार होगा। इस विशेष




अवसर पर अंदाज अमरोहवी द्वारा रचित प्रेरणादायक गीत इल्म की दुआ का विधिवत विमोचन किया गया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इस गीत को इतनी रूहानियत और सुरीले अंदाज में गाया कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने अपने मार्गदर्शक अंदाज अमरोहवी का भव्य स्वागत किया और उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेशमा नवाज ने की जबकि मंच का कुशल संचालन मुहम्मद सहीम द्वारा किया गया।इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल फज़िलत निसा, स्कूल की प्रिंसिपल आसिफा नकवी, अरीबा, अफसर,शाह फहद,इंशा,लाईबा,निदा, कायनात सहित विद्यालय का समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई।

# 27 फरवरी को वृहद रोजगार मेला, 50 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ एवं समन्वय कौशल विकास मिशन के सहयोग से 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र की लगभग 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर साक्षात्कार/चयन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक एवं कौशल विकास डिप्लोमा निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 27 फरवरी 2026 को प्रातः 09:00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ में अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा (कम से कम 05 प्रतियां) एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

# चौकी प्रभारी ने ईद व होली के त्योहार को लेकर प्रधान एव गांव के संभ्रांत लोगों के साथ की मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)** । मंगलवार को आटा चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने त्योहार को लेकर चौकी पर एक मीटिंग रखी इस मीटिंग चौकी



क्षेत्र के वर्तमान प्रधान, पूर्व प्रधान व पुलिस मित्र के साथ साथ संभ्रांत लोगों को बुलाया गया।
चौकी प्रभारी ने सभी लोगों से आग्रह किया की गांव में रोशनी की व्यवस्था बहुत कम है उन्होंने कहा

**पैसा और जेवरात को बैंक में रखने की सलाह दी व गांव में रोशन की व्यवस्था करने के लिए किया आग्रह**

आप लोग मिलकर रोशनी की व्यवस्था जरुर करे, उन्होंने कहां आप लोग पुलिस का साथ दे और गांव में किसी भी प्रकार का अवैध कार्य हो रहा हो या कहीं गलत तरीके से शराब की बिक्री या फिर कोई गलत कार्य को अंजाम दे रहा हो हम उस पर अवश्य कार्रवाई करेंगे।
चौकी प्रभारी ने कहा कि त्योहार पर आपसी सौहार्द्र बनाये रखना सूखे रंगो को ही इस्तेमाल करें त्योहार पर शराब का सेवन न करें प्रेम पूर्वक ही त्योहार मनाते और कानून व्यवस्था बनाए रखे जिससे त्योहार पर किसी भी प्रकार का विवाद न हो, पुलिस हमेशा जनता के साथ है।

बैठक

## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक सम्पन्न

# 105.16 करोड़ के पुनरीक्षित व मूल बजट की सर्वसम्मत्ति से हुई स्वीकृति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिला पंचायत बदायूँ बोर्ड की बैठक जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह की अध्यक्षता में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के सदस्यगण की मौजूदगी में सम्पन्न हुई।
बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन (पर्यवेक्षक) अरुण कुमार व जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रस्ताव सं0-01 गत बैठक की पुष्टि सदन द्वारा सर्वसम्मत्ति से की गयी। प्रस्ताव सं०-02 पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 अंकन रुपए 52 करोड़ 56 लाख एवं मूल बजट वर्ष 2026-2027 अंकन रुपए 52 करोड़ 60 लाख की स्वीकृति पर चर्चा की गयी, जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मत्ति से स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रस्ताव सं०-03 आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सड़कों की मांग के आवेदनों की स्वीकृति पर विचार हेतु सदन के समक्ष रखा गया, जिस पर सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि प्राप्त मार्गों का सर्वे कराकर जनहित की उपयोगी सड़कों को सम्बन्धित सदस्यों से प्रस्ताव लेकर आगामी कार्ययोजना में रखा जाये। प्रस्ताव सं0-04 जनपद के विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से चर्चा के दौरान सदस्यगणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन के समक्ष रखा गया, सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही सम्बन्धित समस्या का निस्तारण किया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से जिला पंचायत की कुवंरगाव स्थित भूगि गाटा सं0-1064 को गौशाला निर्माण हेतु नगर पंचायत कुंवरगाँव को शासनादेश व जिला पचांयत नियमावली में निहित व्यवस्था के अनुसार दिये जाने का प्रस्ताव अपर मुख्य अधिकारी द्वारा सदन में रखा गया। जिस पर सदन द्वारा



सर्वसम्मत्ति से शासनादेश व जिला पचांयत नियमावली में निहित व्यवस्था के अनुसार दिये जाने की अनुमति/स्वीकृति प्रदान की है। सदस्य द्वारा जिला पंचायत सभागार का आवंटन शुल्क कम है जिससे सभागार की सफाई एवं अन्य व्यवस्था के लिए बढ़ाये जाने का प्रस्ताव रखा जिसको अकंन 2500 रूपए से बढाकर अकंन 5000 रुपए किये जाने पर सदन द्वारा सर्वसम्मत्ति से स्वीकार किया गया। सभी सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा की।
अन्त में अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में उपस्थित जिला पंचायत के सदस्यगणों, प्रमुखगणों एवं अधिकारियों का आभार प्रकट किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# यूजीसी पर इस्तीफा देने वाले सिटी मजिस्ट्रेट ने बनाई राजनीतिक पार्टी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** यूजीसी नियमों के विरोध में पद छोड़कर सुर्खियों में आए बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने आखिरकार राजनीति के मैदान में खुला दांव चल दिया। सोमवार को उन्होंने अपने नए राजनीतिक दल राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (राम) के गठन का ऐलान करते ही सियासी गलियारों में चर्चा गर्म कर दी।
अलंकार अग्निहोत्री के इस्तीफे के बाद से ही शहर में यह चर्चा जोरों पर थी कि वह चुप नहीं बैठेंगे। लाल फाटक स्थित परशुराम धाम में सवर्ण समाज के प्रमुख लोगों के साथ उनकी बैठक ने इन अटकलों को और हवा दे दी थी। तब उन्होंने संकेत दिए थे कि कुछ बड़ा होने वाला है। अब उसी संकेत को उन्होंने पार्टी बनाकर हकीकत में बदल दिया।

**सवर्णों और शोषितों को साथ लाने का दावा**

पार्टी की घोषणा करते हुए अग्निहोत्री ने साफ कहा कि उनका मंच किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने सवर्ण समाज के अधिकारों की बात उठाते हुए यह भी जोड़ा कि शोषित और उपेक्षित वर्गों की आवाज को भी मजबूती दी जाएगी। उनका कहना है कि नई पार्टी समाज में संतुलन और सम्मान की राजनीति को आगे बढ़ाएगी।

**सनातन और समरसता पर होगा फोकस**

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का झंडा और चुनाव चिह्न जारी करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की नींव सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर टिकी होगी। उन्होंने समर्थकों से इसे एक व्यापक जनांदोलन बनाने की अपील भी की। पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट का यह कदम आने वाले चुनावी परिदृश्य को किस दिशा में ले जाएगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि बरेली की राजनीति में एक नया मोर्चा खुल गया है और पुराने समीकरणों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# नौजवान जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित खेड़ा ने चेयरपर्सन के अधिकार सीज करने की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** नौजवान जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित खेड़ा ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए उसे पूरी तरह विफल बताया है।जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था बदहाल है और आमजन को मूलभूत सुविधाएं तक सही ढंग से नहीं मिल पा रही हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका की वर्तमान चेयरपर्सन विकास कार्यों को लेकर गंभीर नहीं हैं और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा कराए गए कार्यों का श्रेय स्वयं ले रही हैं।खेड़ा ने कहा कि गवर्नमेंट मैदान व



डीएम आवास के सामने हुए विकास कार्य एमडीए द्वारा कराए गए हैं लेकिन उन्हें नगर पालिका के कार्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।सुमित खेड़ा ने पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल को बेहतर बताते हुए कहा कि उन्हें काम नहीं करने दिया गया जबकि वर्तमान नेतृत्व काम करने की इच्छाशक्ति नहीं दिखा रहा है।उन्होंने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं से दूरी बना लेते हैं।खेड़ा ने कहा कि उन्होंने लंबे समय से नगरपालिका के खिलाफ संघर्ष किया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।उन्होंने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर चेयरपर्सन के अधिकार अपने हाथ में लेकर शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की मांग की, ताकि जनता द्वारा दिए जा रहे हाउस टैक्स के अनुरूप विकास कार्य हो सकें।नुमाइश कैंप क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि जहां सड़क पूरी तरह सही है वहां केवल कमीशन के लिए नई सड़क बनाई जा रही है।

# एमआईटी में युवा महोत्सव मृदंग-2026 में रॉकिंग परफॉर्मेंस, बैटल ऑफ बैंड की धुन से सांस्कृतिक संध्या सुरमई बनी


**मेरठ (आरएनएस )।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में वार्षिकोत्सव मृदंग-2026 का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय युवा महोत्सव मृदंग का उद्घाटन चीफ गेस्ट कर्नल सी.के शर्मा कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी मेरठ,चेयरमैन विष्णु शरण,निदेशक डॉ केएलए खान, प्राचार्य डॉ हिमांशु शर्मा,डीन

**युवा-महोत्सव मृदंग-2026 में फैशन का तड़का**

एकेडमिक्स डॉ गौरव शर्मा,डॉ नीरज कांत शर्मा, डॉ संजय माथुर,अजय चौधरी ने संयुक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना, गणेश पूजा और विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से मृदंग को नए आयाम पर पहुंचा दिया। छात्र-छात्राओं ने उत्तर प्रदेश की विभिन्न सांस्कृतिक वेशभूषा, खानपान





आदि के बारे में नृत्य की मदद से प्रस्तुत किया। युवा महोत्सव के अंतर्गत ह्यआत्मनिर्भर भारत अभियानह्न के तहत ह्यटॉयकाथॉन-2026ह्न का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, प्राचीन वेदों और पारंपरिक खेलों पर आधारित खिलौने तैयार किए। इस पहल का उद्देश्य देश में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ विलुप्त हो रहे भारतीय खेलों को पुनर्जीवित करना था। दोपहर में कार्यक्रम बैटल ऑफ बैंड प्रतियोगिता रहा। जिसमें विभिन्न कॉलेजों से 05 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बैंड्स ने एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंस देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी ने अपने-अपने बैंड बजाकर सुरों की महफिल का जादू बिखेरा, बैंड की धुन पर छात्र-छात्राओं ने घंटों डांस किया। शाम में सहज बैंड की विशेष परफॉर्मेंस ने बॉलीवुड गीतों पर धमाकेदार प्रदर्शन किया। बैंड की धुन में छात्र-छात्राओं ने खूब मस्ती की और बार-बार तालियां बजाकर बैंड का उत्साह भी बढ़ाया।

शाम को आयोजित फैशन शो महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। फैशन शो में महिला सशक्तिकरण थीम्स – इंडो-वेस्टर्न, विभिन्न राज्यों के दुल्हन परिधान और अन्य आकर्षक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने जब रैंप पर कदम रखा, तो पूरा कॉलेज तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

रैंप वॉक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव के पहले दिन के समापन में डीजे नाइट में छात्रों ने जमकर डांस किया ।

# किदवई नगर अग्निकांड: हजारों गमजदा लोगों के बीच एक साथ उठे चार जनाजे, मची हाहाकार

**मेरठ (आरएनएस )।** रविवार की रात किदवई नगर में कारोबारी के घर हुए भीषण अग्निकांड के बाद देर रात ही दो जुड़वा बच्चों के शवों का दफीना कर दिया गया। तीन बच्चों और एक महिला का जनाजा मंगलवार की सुबह एक साथ घर से उठा तो हर तरफ हाहाकर मच गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में बाले मियां कब्रिस्तान में शवों को दफन किया गया तो लोगों की आंखें भर आईं। क्षेत्रीय निवासियों ने हादसे के लिए जिम्मेदार विभागों पर कार्यवाही की मांग उठाई है।

बताते चलें कि किदवई नगर सुराही वाली मस्जिद के पास रहने वाले इकबाल अंसारी अपने छह बेटों के साथ घर के ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों पर कढ़ाई का कारखाना चलाते हैं। रविवार की रात शॉर्ट सर्किट से घर में भीषण आग लग गई। जिसके चलते इकबाल की पुत्रवधू रुखसार पत्नी आसिम और 12 साल की पोती महविश पुत्री फारूख, 4 साल के पोते हम्माद पुत्र फारूख, 3 साल के पोते अकदश पुत्र आसिम और आसिम के 6 साल के दो जुड़वां बच्चों इनायत और अनालिया की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई।



परिजनों द्वारा शवों के पोस्टमार्टम से इनकार करने के बाद देर रात लगभग तीन बजे अनालिया और इनायत के शवों का दफीना कर दिया गया। सोमवार की सुबह रुखसार, महविश, हम्माद और अकदश के जनाजे एक साथ घर से उठे। इस दौरान हजारों लोगों की गमजदा भीड़ मौजूद रही। बाले मियां कब्रिस्तान में चारों शवों को एक साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया तो हर किसी की आंखें भर आईं।

रमजान के महीने में परिवार पर टूटे कहर को लेकर हर कोई गमजदा देखा गया। इलाके के घरों में रोजा तो रखा गया। मगर, किसी ने सहरी में भी कुछ नहीं खाया। इलाके के लोगों ने हादसे के लिए फायर ब्रिगेड विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। इसी के साथ पूरे मामले में जांच की मांग उठाई है। उधर, घटनास्थल को सील करते हुए पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम पर ज्ञानवर्धक जागरूकता सत्र का आयोजन

बुलन्द संदेश बयूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ एक ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विषय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं भावी शिक्षकों को समकालीन शिक्षक शिक्षा सुधारों के संदर्भ में की संरचना, उद्देश्यों और महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय,

**शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर पॉडकास्ट का आयोजन**

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की सहायक आचार्या डॉ. रूपम जैन द्वारा हार्दिक स्वागत भाषण के साथ हुआ। उन्होंने अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के आदरणीय डीन एवं प्राचार्यों को माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन हेतु आमंत्रित किया, जिसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और उत्साह को और बढ़ा दिया। उद्घाटन के उपरान्त डॉ. रूपम जैन ने शिक्षा संकाय के डीन लेफ्टिनेंट प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार को कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया। अपने संबोधन में उन्होंने एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की दृष्टि एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला, विशेष रूप से बी.एससी. बी.एड. कार्यक्रम पर। उन्होंने बताया कि यह एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम पाठ्यक्रम विषय ज्ञान की मजबूत नींव के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षण दक्षताओं का विकास करता है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति एन ई पी 2020 के अनुरूप है। उन्होंने यह भी बल दिया कि चार वर्षीय समेकित कार्यक्रम में प्रारम्भ से ही शिक्षण प्रशिक्षण एवं विद्यालयी इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाता है। इसके पश्चात शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. डॉ. इंदिरा सिंह ने एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। उन्होंने कार्यक्रम की अवधि, पात्रता मानदंड एवं प्रवेश आवश्यकताओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पारंपरिक दो वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम और चार वर्षीय के मध्य मुख्य अंतर भी स्पष्ट किए। उन्होंने बताया कि जहाँ पारंपरिक बी.एड. स्नातक के पश्चात किया जाता





है, वहीं में प्रारम्भ से ही विषय अध्ययन एवं शिक्षक प्रशिक्षण को एकीकृत किया जाता है, जिससे भावी शिक्षकों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने पाठ्यक्रम संरचना पर भी चर्चा की, जिसमें बहुविषयी अध्ययन, व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास एवं शोध अभिमुखता शामिल है। इसके बाद शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय, एस.वी.एस.यू. की सह आचार्या डॉ. मुमताज शेख ने एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम के विभिन्न घटकों की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की।

**साथ ही एक और विशेष कार्यकर्म में शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर पॉडकास्ट का आयोजन किया गया**

गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल के अंतर्गत सुभारती डायरीज श्रृंखला के तहत शैक्षणिक संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर एक जागरूकता आधारित एवं विचारोत्तेजक पॉडकास्ट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य शैक्षणिक वातावरण में लैंगिक समानता, समावेशिता तथा सम्मानजनक वातावरण के निर्माण हेतु सार्थक संवाद को बढ़ावा देना था। पॉडकास्ट का संचालन बीएजेएमसी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियांशी भाटिया ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जेंडर सेंसिटाइजेशन के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इसका अर्थ सभी जेंडर के व्यक्तियों के प्रति समानता, सम्मान और समझ का भाव विकसित करना है, ताकि विद्यालयों और महाविद्यालयों में लैंगिक आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सारिका अभय, चेयरपर्सन, जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय उपस्थित रहीं। उन्होंने जेंडर सेंसिटाइजेशन की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थान प्रारंभिक स्तर से ही समानता, गरिमा और आपसी सम्मान के मूल्यों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. अभय ने शैक्षणिक संस्थानों में देखे जाने वाले विभिन्न प्रकार के लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव—जैसे रूढ़िवादी सोच, अवसरों में असमानता तथा व्यवहारिक पक्षपात—पर भी चर्चा की। उन्होंने सुरक्षित एवं सहयोगात्मक परिसर वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया, जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित महसूस कर सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जेंडर सेंसिटाइजेशन केवल महिलाओं से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह सभी जेंडर के लिए समान अधिकार, जिम्मेदारियाँ और अवसर सुनिश्चित करने की सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे व्यक्तिगत स्तर पर रूढ़ियों को चुनौती दें और सम्मानजनक व्यवहार को अपनाएँ। कार्यक्रम का समन्वयन असिस्टेंट प्रोफेसर शैली शर्मा द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर राम प्रकाश तिवारी की भी कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही और उन्होंने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# उद्योग-आईटीआई साझेदारी को नई मजबूती के लिए मंडल स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में प्रशिक्षण व प्लेसमेंट योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा0 एम.ए.तोमर)।** उद्योग और आईटीआई के बीच समन्वय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर परिसर में मंडल

**मेधा फाउंडेशन के सहयोग से 20 सहमति पत्रों पर हुए हस्ताक्षर**

स्तरीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन व्यावसायिक शिक्षा,कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग,उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार मेधा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगमोहन गोयल अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मुजफ्फरनगर तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में आईआईए मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष अमित जैन,संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिक्षुता) सहारनपुर मंडल बीरेन्द्र बहादुर सिंह,आईआईए गाजियाबाद की एचआर प्रतिनिधि निधि, एलएंडटी के सीएसटीआई हेड कमलजीत सिंह महरूक सहित मेरठ व सहारनपुर मंडल के राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं करीब 21 प्रतिष्ठित उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।गोलमेज सम्मेलन में डीएसटी, ओजेटी,शिक्षुता प्रशिक्षण, प्लेसमेंट,उद्योग भ्रमण व उद्योग टॉक



जैसी विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।उद्योगों और आईटीआई के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए मेधा फाउंडेशन की ओर से मध्यस्थ की भूमिका पर बल दिया गया।इस दौरान उद्योगों एवं आईटीआई के बीच लगभग 20 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर भी कराए गए। अंत में नोडल प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को उद्योग-आईटीआई साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रमजान के महीने में एक साथ एक ही परिवार के चार शव उठाए गए, जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

**मेरठ (आरएनएस )।** कपड़ा कारोबारी इकबाल के मकान में आग लगने की घटना में दो जुड़वां बच्चियों के शव रात को ही दफना दिए गए। रुखसार और तीन बच्चों के शवों को मंगलवार को दफनाया गया। रमजान के महीने में एक साथ एक ही परिवार के चार शव उठाए गए। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। चार शव एक साथ देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं और महिलाओं के आंसू छलक गए।

लोगों ने बताया कि हादसे के वक्त इकबाल अहमद और उनके दोनों बेटे आसिम व फारूक तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गए हुए थे। इसके अलावा मोहल्ले के भी अधिकांश पुरुष नमाज पढ़ने गए थे। इकबाल के घर पर इकबाल की पत्नी अमीर बानो, बेटा आसिम, उसकी पत्नी रुखसार, उनका 3 वर्षीय बेटा अकदस, 6 माह की जुड़वां बेटियां नबिया व इनायत और फारूक की बेटी महविश व बेटा हम्माद मौजूद थे। रात करीब 8:15 बजे अचानक घर में आग लग गई। देखते ही देखते लपटें विकराल हो गईं और पूरी इमारत धुएं के गुबार से भर गई।

**पड़ोसियों के साहस से बची परिवार के अन्य सदस्यों की जान**

हादसे के दौरान फारूक और उनके भाई डॉ. अरशद की पत्नी नजमा व उनके बच्चे भी मकान में फंस गए थे। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी एकत्रित हुए। उन्होंने नाजिश, नजमा और उनके बच्चे शहरीश आदि को सामने रहने वाले पड़ोसी की छत के रास्ते जाकर बचा लिया।

# एसएसपी ऑफिस पर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ मां ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मेरठ (आरएनएस )।** मंगलवार की दोपहर एसएसपी ऑफिस पर उस समय हड़कंप मच गया। जब दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने आरोपी जीजा पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने पीड़िता और उसकी मां को हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाने भेजा। अधिकारियों के मुताबिक मामले में कार्यवाही की जा रही है।

भावनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी नाबालिग बेटी और कई ग्रामीणों को साथ लेकर मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। एसएसपी कार्यालय परिसर में पहुंचते ही महिला और उसकी बेटी ने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगाने की कोशिश की। जिसके चलते पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने दोनों से



केरोसिन की बोतल छीन कर दोनों को पकड़ लिया। इस दौरान जमकर धक्का-मुक्की हुई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सगे जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

इस मामले में जेल से रिहा होने के बाद पीड़िता की बहन और जीजा मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं। जिसके चलते पीड़िता और उसके परिवार पर झूठे मुकदमे दर्ज करा रहे हैं। 10 दिन पहले पीड़िता की बहन ने घर पहुंच कर उसके अपहरण का प्रयास किया। इस मामले में भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। काफी देर चले हंगामे के बाद अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही का आश्वासन देते हुए हंगामा शांत किया। फिलहाल आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला और उसकी बेटी को सिविल लाइन पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# कक्षा सात की दो छात्राओं ने स्कूल में निगल लिया सल्फास

**लावड़ (मेरठ)(आरएनएस )।** इंचौली थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित स्कूल की कक्षा सात की दो छात्राओं ने सल्फास निगल लिया। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। इंचौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्राएं गांव के ही एक स्कूल में पढ़ती है। दोनों ही पड़ोसी हैं। मंगलवार को दोनों स्कूल आई थीं। अचानक दोनों छात्राओं की हालत बिगड़ी तो स्कूल अध्यापकों ने स्वजन को सूचना दी। जिसके बाद स्वजन स्कूल पहुंचे और दोनों नाबालिग छात्राओं को लेकर एसडीएस ग्लोबल अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती कराया।

स्कूल अध्यापकों और स्वजन ने बताया कि छात्राऐं सुबह स्कूल आई थीं और किसी तरह का कोई तनाव नहीं था। न स्वजन और न ही किसी अध्यापक ने कुछ कहा। दोनों ही छात्राऐं पढ़ने में होनहार हैं। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

इंचौली एसओ जितेंद्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी अभी तक किसी भी कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस स्वजन और स्कूल अध्यापकों से पूछताछ कर रही है।

**समझौता** बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा पर मोटोजीपी और ए.आर.आर.सी की शुरूआत के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी हुई; उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल स्पोर्टिंग इवेंट्स के केंद्र

# राज्य में विश्व-स्तर की मोटरसाइकिल रेसिंग शुरू करने के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश सरकार और ए.वी.डब्लू ग्लोबल के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रीमियम ऑटोमोटिव और मोटरस्पोर्ट कंसल्टेंसी, ए.वी.डब्लू ग्लोबल, जो पहले मोटोजीपी राइडर, कारेल अब्राहम द्वारा शुरू की गई थी, ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (टङ्कव) पर हस्ताक्षर किए, जिसके अंतर्गत राज्य में एक विश्वस्तर के मोटरसाइकिल रेसिंग परिवेश का विकास किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण पहल में ए.वी.डब्लू ग्लोबल और उत्तर प्रदेश सरकार मोटोजीपी और एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (ए.आर.आर.सी) जैसी प्रीमियर इंटरनेशनल चैंपियनशिप का आयोजन संभव बनाएंगे। इस साझेदारी का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को रेसिंग के लिए ग्लोबल हब बनाना है। साथ ही, यह मोटरस्पोर्ट परिवेश के लिए एक महत्वपूर्ण पहल भी है।

ए.वी.डब्लू ग्लोबल पूर्व मोटोजीपी राइडर कारेल अब्राहम द्वारा शुरू की गई थी। यह रिसर्च, मोटरस्पोर्ट इवेंट एक्ज़िक्यूशन और स्ट्रेटेजिक प्लानिंग जैसी एंड-टू-एंड एडवाइजरी सेवाएं प्रदान करती है। अब्राहम ब्रनो सर्किट (चेक रिपब्लिक) के पूर्व मालिक हैं, और उन्हें इसके ऑपरेटर के रूप में काम करने का अनुभव है, इसलिए उनका सहयोग मोटरस्पोर्ट ऑपरेशन और दीर्घकालिक इवेंट डेवलपमेंट का एक विश्वस्तर का एवं व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सी.ई.ओ, श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा, ह्लए.वी.डब्लू ग्लोबल की मदद से उत्तर प्रदेश देश में प्रोफेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग वापस लाने में समर्थ बनेगा। राज्य और पूरे देश के फैन जबरदस्त मोटरसाइकिल्स को ट्रैक पर दौड़ते देखने के लिए उत्सुक हैं। उत्तर प्रदेश राज्य मोटरस्पोर्ट के विकास और युवाओं को इस क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में बहुत जल्द हाई-ऑक्टेन रेसिंग शुरू होने वाली है। हम विश्व स्तर की रेसिंग सुविधा, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट की पूरी क्षमता का उपयोग करने और इसके आस-पास




एक सस्टेनेबल इकोसिस्टम का विकास करने के लिए दृढ़ निश्चित हैं।

टू व्हील्स मोटर रेसिंग के प्रमोशन डायरेक्टर, रॉन हॉग ने कहा: हमें खुशी है कि भारत में हमारा प्रतिनिधित्व ए.वी.डब्लू ग्लोबल कर रहा है। भारत एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहाँ के फैन बहुत जोशीले हैं, और हम जुलाई-अगस्त 2026 में यहाँ पर रेसिंग शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। ए.वी.डब्लू ग्लोबल के फाउंडर, कैरल अब्राहम ने बताया, ह्लमुझे मोटोजीपी में रेस करने और विश्व-स्तर का सर्किट चलाने के बाद अच्छी तरह से मालूम है कि एक सफल मोटरस्पोर्ट इकोसिस्टम के विकास के लिए क्या जरूरी है। भारत दुनिया में मोटरसाइकिल का सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए यहाँ पर विश्व स्तर की रेसिंग भी होनी चाहिए। ए.वी.डब्लू ग्लोबल यहां प्रोफेशनल रेसिंग की शुरूआत के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी हर पहल फैंस पर केंद्रित होती है। यह पहल बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट (बी.आई.सी) पर केंद्रित होगी। विश्व स्तर पर सबसे तकनीकी रूप से उन्नत रेसिंग सुविधाओं में से एक के रूप में प्रसिद्ध, इस सर्किट को दुनिया में सबसे अधिक टेक्निकली एडवांस्ड रेसिंग सर्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है और इसे ग्लोबल स्पोर्टिंग इवेंट्स के लिए एक मुख्य स्थान बनाया जाएगा। बी.आई.सी का विश्व-स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश को "मोटरस्पोर्ट कैपिटल" के रूप में उभरने में मदद करेगा, जिससे ग्लोबल एथलीट, टीमें और इन्वेस्टर राज्य की ओर आकर्षित होंगे। यह साझेदारी उत्तर प्रदेश सरकार और अंतरराष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट विशेषज्ञों के बीच एक समन्वित प्रयास का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य एक स्थायी खेल विरासत का निर्माण करना है। राज्य की रणनीतिक कनेक्टिविटी और विश्व स्तरीय सुविधाओं का लाभ उठाते हुए, इस पहल का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय आयोजनों और औद्योगिक निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाना है। मोटोजीपी और ए.आर.आर.सी जैसी इवेंट्स में टूरिज्म, इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट, रोजगार और मोटरस्पोर्ट इंडस्ट्री का विकास करने तथा ग्लोबल रेसिंग कैलेंडर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने की क्षमता है।

# भूमि पर कब्जा करने की नीयत से हदद्दा उखाड़ने की शिकायत पर डीएम द्वारा चकबंदी एवं राजस्व की गठित टीम एसडीएम के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची और पैमाइश का काम शुरू किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नगर के पास भूमि पर कब्जा करने की नीयत से सी हदद्दा उखाड़ने की

**पीड़ित ने गाटा संख्या 227 की सीमा का निर्धारण पुनः कराने, हददा उखाडकर ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

शिकायत पर डीएम द्वारा चकबंदी एवं राजस्व की गठित टीम एसडीएम संत दास पवार के नेतृत्व में मंगलवार को दोपहर घटनास्थल पर पहुंची और पैमाइश का काम शुरू किया' नगर निवासी शमसुलहक पुत्र सिराजुल हक का आरोप था की नगर में भूड़ मंदिर के सामने शरद चांडक अन्य द्वारा प्लाटिंग की जा रही है जिसके पास गाटा संख्या 227 में सी हददा लगा हुआ था उसे विपक्षी गणों ने उखाड़ कर फेंक दिया और उसमें रास्ता बनाने का प्रयास शुरू कर दिया तीन गांव की सीमा को निर्धारित करने के लिए लगाया गया हददा उखाड़ने की शिकायत उन्होंने पूर्व में की थी। जिस पर अक्टूबर माह में तहसीलदार एवं क्षेत्रिय लेखपालों द्वारा पैमाइश करने के उपरांत हददा लगवाया गया लेकिन विपक्षी गणों ने उसे दोवारा उखाड़ कर फेंक दिया और अवैध रास्ता निकालने का



प्रयास किया। विरोध करने पर विपक्षी गण फौजदारी आमादा हो गए। पीड़ित ने जिला अधिकारी से गाटा संख्या 227 की सीमा का निर्धारण पुनः कराने की मांग उठाई, हददा उखाडकर ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई और कहा कि नक्शानजरी मौके के अनुसार जो दर्शाई गई है वह गलत है उसको दुरुस्त किया जाए ।
जिलाधिकारी ने इस मामले में चकबंदी और राजस्व विभाग की टीम गठित कर पैमाइश करने के निर्देश दिए। आज गठित टीम मौके पर पैमाइश करने के लिए पहुंची एसडीएम संत दास पवार ने भी मौके पर जाकर पूरे मामले का निरीक्षण किया और निष्पक्ष पैमाइश किए जाने के निर्देश दिए। खबर लिखे जाने तक टीम द्वारा पैमाइश की जा रही थी।

# बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को 21 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। नगर एवं तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर मंगलवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई ' पहली पारी में हाई स्कूल कृषि वनस्पति विज्ञान का पेपर था इसमें तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, दूसरा पेपर कृषि अर्थशास्त्र का था इसमें सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे' दूसरी पारी में इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र का पेपर था इसमें 407 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 389 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 18 अनुपस्थित रहे , दोनों पारियों में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे '




नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने देर शाम "बुलवद संदेश" को बताया कि मंगलवार को दोनों पारियों में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# भूमि घोटाले की रिपोर्ट" राजस्व परिषद बोर्ड को प्रेषित की गई"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। धीमरी जमीन घोटाले के मामले में शासन के बाद प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद बोर्ड को रिपोर्ट भेजी गई। इस मामले में तहसीलदार का स्पष्टीकरण बोर्ड को भेजा जाएगा। इस मामले में लेखपाल और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ जिला प्रशासन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।धीमरी स्थित 13 बीघा सरकारी जमीन घोटाले के मामले में लेखपाल ने अमरजीत के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि अमरजीत ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से खतौनी में नाम चढ़वाया था। इसके बाद ग्राम समाज की सरकारी जमीन को पांच लोगों को बेच दिया था। इस मामले में डीएम ने विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने प्रमुख सचिव के बाद प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद बोर्ड को रिपोर्ट भेज दिया। अब तहसीलदार का स्पष्टीकरण लेकर उसे बोर्ड को शीघ्र भेजा जाएगा। बोर्ड इस मामले में निर्णय लेगा। डीएम अनुज सिंह का कहना है कि घोटाले के घेरे में आए लेखपाल और अन्य कर्मचारियों पर स्थानीय स्तर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चकबंदी का फीडबैक लेने के लिए "गांवों में लगाई जा रही चौपाल"

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। चकबंदी का फीडबैक लेने के लिए विभाग के अधिकारी अब गांवों में चौपाल लगा रहे हैं। ग्राम चंदनपुर ईशापुर में चौपाल लगाई गई। आज ग्राम चटकाली में चौपाल आयोजित की गई। 27 फरवरी की दोपहर तीन बजे ग्राम बढेरा में उप संचालक चकबंदी की उपस्थित में ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी। ग्राम रहटामाफी ऐहतमाली और ग्राम रफातपुर में 26 को चकबंदी अधिकारी प्रथम की उपस्थिति में ग्राम चौपाल आयोजित होगी। इसके साथ ही ग्राम कोहनकू और 28 फरवरी को सुबह 11 बजे से चकबंदी अधिकारी मुरादाबाद द्वितीय ग्राम चौपाल में मौजूद रहेंगे।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में हजारों शिक्षकों ने लगातार दूसरे दिन "हाथ पर काली पट्टी बांध कर जताया रोष"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। वर्ष 2011 से पूर्व










नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा थोपे जाने के विरोध में शिक्षकों का गुस्सा फूट पड़ा है। राष्ट्रीय स्तर के संगठन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले हजारों शिक्षकों ने आज दूसरे दिन मंगलवार को हाथों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के इस निर्णय के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि सरकार का पुराने शिक्षकों पर टीईटी थोपना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर शिक्षकों को शिक्षकों राहत देनी प्रदान करनी चाहिए। जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहा कि 26 फरवरी को ऐतिहासिक धरना कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रांगण में होगा।शिक्षकों का तर्क है कि जो शिक्षक एक दशक से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, उन पर इस तरह की परीक्षाएं थोपना उनके अनुभव का अपमान है।

# होली पर बढ़ती भीड़ के मुद्दे नजरः मुंबई-काठगोदाम व साबरमती-हरिद्वार के बीच चलेगी ट्रेनः आज से 26 मार्च तक होगा ट्रेन का संचालन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई।** होली पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो और स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। यह ट्रेनें मुंबई-काठगोदाम और साबरमती-हरिद्वार के बीच चलेंगी। इससे मुरादाबाद के यात्रियों को लाभ होगा। इन ट्रेनों में एसी, स्लीपर और जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। (09075/76) मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट स्पेशल मुंबई से हर बुधवार को चलेगी। वापसी में काठगोदाम से बृहस्पतिवार को चलेगी।
25 फरवरी से 26 मार्च तक ट्रेन का संचालन होगा। दोनों दिशाओं में यह ट्रेन पांच-पांच फेरे लगाएगी।बरेली से मुंबई जाने वालों के लिए बेहतर विकल्प होगा। दूसरी ट्रेन (09425/26) साबरमती-हरिद्वार-साबरमती स्पेशल एक्सप्रेस साबरमती से प्रत्येक सोमवार को चलेगी। वापसी में हरिद्वार से प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह ट्रेन भी दोनों दिशाओं में पांच-पांच फेरे लगाएगी।

# चार माह में ही उखड़ने लगी कपूर कंपनी पुल मुरादाबाद की सड़कः निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे हैं सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। कपूर कंपनी पुल मुरादाबाद का निर्माण हुए अभी चार माह बीते हैं और इसकी सड़क उखड़ने लगी है। इससे निर्माण



की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। पुल से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं।पुराने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से दिल्ली रोड की फैक्टरियों में आने वाले लोग, लाइनपार से सिविल लाइंस के स्कूलों में जाने वाले बच्चों से लेकर लाखों की आबादी पुल पर निर्भर है।
पुराना पुल करीब 26 साल चला लेकिन सड़क इस तरह उखड़ी नहीं। पुराना पुल दिसंबर 2022 में बंद किया गया था। इसके बाद नया पुल बनाना में रेलवे ने ढाई साल लगा दिए। नए पुल को 7.10 करोड़ रुपये से बनाया गया है।अक्तूबर 2025 में दशहरे के दिन पुल को आवागमन के लिए खोल दिया गया। इतने रुपये खर्च कर बने कपूर कंपनी पुल की सड़क ने चार माह में ही दम तोड़ना शुरू कर दिया है। पुल की ऊपरी सतह कई जगह से उखड़ने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो सड़क पूरी तरह उखड़ जाएगी। इस मामले में सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि पुल की सड़क उखड़ने की जानकारी नहीं थी। इंजीनियरिंग विभाग को इससे अवगत करा मरम्मत कराई जाएगी।

# हिंदू-मुस्लिम एक दूसरे के लिए खड़े हैं दीवार बनकर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)**। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मंगलवार को अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि आज जब नफरत की आवाजें तेज हैं, कुछ लोग उम्मीद बनकर खड़े हैं। कोटद्वार में मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान पर हमले के दौरान मोहम्मद दीपक दीवार बनकर खड़े हुए यह इंसानियत की जीत थी। लखनऊ विश्वविद्यालय में वर्षों से जिस जगह नमाज अदा होती रही, वहां ताला जड़ दिया गया। छात्र बाहर नमाज पढ़ने लगे और उनकी सुरक्षा में हिंदू छात्र घेरा बनाकर खड़े रहे। साथ रोजा इफ़्तार किया। एक और घटना राजस्थान में बीजेपी नेता ने मुस्लिम महिलाओ को कंबल देने से मना किया, तो भेदभाव के विरोध में हिंदू बहनों ने कंबल लौटाकर इंसानियत चुनी। यही वह भारत है जिसका सपना महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देखा था। नफरत फैलाने वाले जितनी मेहनत वे समाज को तोड़ने में लगाते हैं, उसका आधा भी रोजगार, रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा पर लगाएं, तो देश की तस्वीर बदल जाए। सांसद की इस पोस्ट पर तमाम लोग अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए कह रहे हैं कि मुहब्बत जिंदा है, हिंदू-मुस्लिम, सिख - ईसाई आपस में हैं सब भाई। इंसानियत अभी जिंदा है, धर्म से हटकर सबसे पहले इंसानियत है। नफरत की दीवार जल्द समाप्त होनी चाहिए।

# योगी सरकार का सामाजिक सरोकार, ओबीसी और दिव्यांग योजनाओं में रिकॉर्ड बजट वृद्धि,छात्रवृत्ति व्यवस्था में बदलाव,अब कोई पात्र छात्र नहीं रहेगा वंचित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को अपने मंत्री आवास, 11 एनडीएमआर विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में विभागीय उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट के संबंध में विस्तृत प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार तथा

- **आय सीमा बढ़ने से लाखों छात्रों को मिलेगा छात्रवृत्ति का लाभ**
- **शादी अनुदान योजना का विस्तार, अधिक परिवारों तक पहुंचेगी सरकारी मदद**
- **ओबीसी छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार अलग बजट प्रावधान**
- **दिव्यांग पेंशन 1500 रुपये होगी, योगी सरकार का बड़ा सामाजिक सुरक्षा कदम**
- **18 मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सेवाएं होंगी सुलभ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री कश्यप ने कहा कि वर्ष 2026-27 के सामान्य बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को ऐतिहासिक बढ़ोतरी दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट इस वर्ष 3402 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है, जबकि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ रुपये कर दिया गया है।
मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से प्रदेश में एक भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहा है। यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति वितरण 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होता था, लेकिन योगी सरकार ने व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए वर्ष 2025 में 25 सितंबर से ही




छात्रवृत्ति वितरण प्रारंभ कर दिया। अब तक लगभग 20 लाख छात्र-छात्राओं को समयपूर्व छात्रवृत्ति वितरित की जा चुकी है।
उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से छात्रवृत्ति हेतु अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। पूर्वदशम छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये किए जाने की भी घोषणा की गई है। वर्ष 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है। मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग की गरीब बेटियों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना के तहत वर्ष 2026-27 में 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पूर्व में यह योजना केवल बीपीएल आय सीमा (ग्रामीण 46,000 और शहरी 56,000 रुपये) तक सीमित थी, जिसे बढ़ाकर अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 1 लाख रुपये वार्षिक आय तक कर दिया गया है। इससे अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सकेगा।प्रदेश में संचालित 102 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, ताकि छात्रावासों में आधारभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त ट्रिपल सी एवं ह्यओह्ल लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है, जिससे ओबीसी वर्ग के युवा सरकारी नौकरियों के लिए सक्षम बन सकें।
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व यह राशि मात्र 300 रुपये थी, जिसे योगी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर अब पांच गुना तक पहुंचा दिया है। पेंशन मद में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था की गई है।
प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र (डीआरसी) स्थापित करने का निर्णय भी कैबिनेट द्वारा लिया गया है, जिसके लिए 7 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान, उपचार एवं उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुदृढ़ होगी।
दिव्यांग छात्राओं की सुविधा के लिए 60 करोड़ रुपये की नई योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत उन्हें ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण योजनाएं पूर्ववत संचालित रहेंगी।मंत्री कश्यप ने बताया कि चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 500 करोड़ रुपये है, अब राज्य सरकार के अधीन आ चुका है। इससे प्रदेश में दिव्यांगजनों की उच्च शिक्षा एवं बौद्धिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

# मुरादाबाद के लोगों को "स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी सौगात"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। जनपद के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। सिविल लाइन्स में डीआईजी दफ्तर वाले रोड पर 300 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनेगा। छह मंजिला अत्याधुनिक हास्पिटल 34.67 करोड़ की

**300 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनेगा,छह मंजिला अत्याधुनिक हास्पिटल 34.67 करोड़ की लागत से बनेगा**

लागत से बनेगा। इसका विधिवत भूमि पूजन किया गया।नगर विधायक रितेश गुप्ता के साथ जिलाधिकारी अनुज सिंह, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, सीएमओ डा. कुलदीप सिंह की मौजूदगी में भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया गया।माना जा रहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक बेहतर ढंग से प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। हर जरूरतमंद को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित किया जा सकेगा। सीएमओ ने बताया कि



मुरादाबाद को आगामी 18 महीनों में 100 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल मिल जाएगा। नगर विधायक ने कहा कि केंद्रीय मद से इस अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इससे मुरादाबाद वासियों को काफी सहूलियत मिलेंगी। 3 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण किया जाएगा।इन सुविधाओं से लैस होगा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल 'मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि इस क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल में ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी, डायग्नोस्टिक, रेड एवं येलो जोन वार्ड, प्रथम तल पर मातृत्व सेवाएं, न्यूबॉर्न क्रिटिकल केयर, वन स्टॉप सेंटर, द्वितीय तल पर डायलिसिस यूनिट, आइसोलेशन रूम्स, तृतीय तल पर आइसोलेशन वार्ड, चौथे तल पर हाई डिपेंडेंसी यूनिट, पांचवे तल पर आईसीयू और छठे तल पर ऑपरेशन थियेटर और रिकवरी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

**दौरा** सिंगापुर के साथ यूपी की बड़ी रणनीतिक साझेदारी, इन्वेस्ट यूपी व एससीई के बीच एमओयू

# सीएम योगी के सिंगापुर दौरे का दूसरा दिन (एमओयू-2)

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिंगापुर/लखनऊ।**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की

- **सीएम योगी के नेतृत्व में सिंगापुर में मिली बड़ी सफलता, सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज (एससीई) के साथ हुआ करार**
- **संस्थागत क्षमता, नीतिगत ढांचे और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर साथ मिलकर करेंगे काम**

निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और सिंगापुर सरकार के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज (एससीई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता उत्तर प्रदेश में संस्थागत क्षमता व नीतिगत ढांचे को सुदृढ़ बनाने और इकोसिस्टम के विकास के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

**सतत विकास और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा पर फोकस**

एमओयू के तहत दोनों पक्ष विषयगत ज्ञान के आदान-प्रदान, तकनीकी सहयोग और परामर्श सेवाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश में सतत आर्थिक विकास, औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और आधुनिक अवसंरचना के विकास को गति देने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। इन क्षेत्रों में होगा सहयोग समझौते के



अनुसार, दोनों पक्ष न सिर्फ स्टडी विजिट्स व लीडरशिप डेलिगेशन का आयोजन करेंगे, बल्कि ट्रेनिंग व कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रमों का खाका तैयार कर उसे लागू भी कराएंगे। इससे लोगों की कार्यक्षमता व कौशल, दोनों को बेहतर किया जा सकेगा। इसके अलावा सलाह व मार्गदर्शन उपलब्ध कराना, साथ मिलकर तकनीकी सहयोग की परियोजनाएं तैयार करना और उन्हें लागू करना, सरकारी व निजी क्षेत्र से जुड़े संबंधित लोगों व संस्थाओं का सहयोग हासिल करना भी एमओयू के प्रावधानों में शामिल है। आवश्यकता पड़ने पर विशिष्ट परियोजनाओं के लिए अलग से लिखित समझौते किए जाएंगे, जिनमें कार्यक्षेत्र, समयसीमा और वित्तीय प्रावधान स्पष्ट किए जाएंगे। दो माह के भीतर विस्तृत परियोजना समझौतों पर बातचीत शुरू की जाएगी और छह माह के भीतर उन्हें अंतिम रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

**वैश्विक अनुभव का मिलेगा लाभ**

इस साझेदारी से उत्तर प्रदेश को सिंगापुर के प्रशासनिक अनुभव, शहरी नियोजन, औद्योगिक क्लस्टर विकास, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में अनुभव का लाभ मिलेगा। इस समझौते को उत्तर प्रदेश की वैश्विक सहभागिता और लॉन्ग टर्म विजन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# बिना रेडियोलाजिस्ट चल रहे निदान अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** जिला अस्पताल के बराबर स्थित मार्किट में संचालित निदान अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंटर को सील कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान पाया कि केंद्र पर रेडियोलाजिस्ट की अनुपस्थिति में ही अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 37 अल्ट्रासाउंड किए जाने की पुष्टि हुई, जिससे नियमों की खुली अनदेखी सामने आई। सिटी मजिस्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान टीम ने रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जांच की। मौके पर रेडियोलाजिस्ट मौजूद नहीं थे। जानकारी करने पर सेंटर संचालक फैसल ने बताया कि डाक्टर अभी कुछ देर पहले ही निकले हैं। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित डाक्टर से फोन पर बात की। डाक्टर ने बताया कि वह बुलंदशहर जा रहे थे, लेकिन सूचना मिलने पर वापस लौट रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ने करीब एक घंटे तक डाक्टर के पहुंचने का इंतजार किया, लेकिन एक घन्टा बीतने के बाद भी वह मौके पर नहीं पहुंचे। जांच में यह भी सामने आया कि रेडियोलाजिस्ट की गैरमौजूदगी में ही लगातार मरीजों की जांच की जा रही थी। नियमों के अनुसार अल्ट्रासाउंड केवल अधिकृत रेडियोलाजिस्ट की उपस्थिति में ही किया जा सकता है। इसके बावजूद दो घंटे में 37 जांच होना लापरवाही माना गया। कार्रवाई के दौरान सेंटर पर 12 लोग अल्ट्रासाउंड के लिए बैठे मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी को उनके जमा किए गए रुपये वापस कराए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए सेंटर को सील कर दिया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# वन पीस में दिशा पाटनी ने दिए लाजवाब पोज


बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दिशा पाटनी का नाम जरूर शामिल होगा। दिशा पाटनी वो बी टाउन एक्ट्रेस हैं, जो आए दिन अपनी शानदार तस्वीरों के जरिए महफिल लूटती हुईं नजर आती हैं।अभिनेत्री दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता हैं कि उन्होंने वन पीस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है मेरी सबसे प्यारी तस्वीर। दिशा की तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा आप हमेशा से खूबसूरत हैं। एक दूसरे यूजर ने उन्हें एशिया क्वीन बताया हैं। हाल ही में दिशा तमिल फिल्म कंगुवा में नजर आई थी। अगली बार वह फिल्म आवारपन 2 और वेलकम टू द जंगल में आने वाली हैं। वह तमिल-अंग्रेजी फिल्म हिलेरियस गाड्र्स सांगा का भी हिस्सा होंगी।

अक्सर देखा गया है कि दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर शेयर करती हैं, वो चंद मिनटों में फैंस के बीच चर्चा का विषय बन जाती है।

आलम ये है कि हमेशा की तरह इस बार भी दिशा की ये लेटेस्ट तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वालीं दिशा पाटनी ने अब तक अपनी कमाल की अदाकारी से हर किसी को प्रभावित किया है।

# शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो ने 50 करोड़ क्लब में ली एंट्री, अस्सी-दो दीवाने शहर में कांटे की टक्कर, बॉर्डर 2 रह गई पीछे

शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म ओ रोमियो को लेकर खबरों में हैं. इस एक्शन ड्रामा में शाहिद कपूर के अपोजिट तृप्ति डिमरी हैं. फिल्म थिएटर में लगी है और 52 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. आइए जानते हैं फिल्म के 9 दिनों के कलेक्शन के बारे में.



सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 3.99 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 3.35 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म के टोटल शोज 2689 थे. फिल्म को 15.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. इसी के साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 52.60 करोड़ हो गया है.

दो दीवाने शहर में ने दूसरे दिन 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन और 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 1649 शो मिले हैं. इसी के साथ फिल्म को 13.4 करोड़ की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने पहले दिन1.50 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था. वहीं 1.25 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. फिल्म ने टोटल 3.43 करोड़ का ग्रॉस और 2.85 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया. इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। अस्सी की बात करें तो फिल्म ने टोटल 3.12 करोड़ का ग्रॉस और 2.60 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है. फिल्म ने शनिवार को 1.92 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 1.60 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. इस फिल्म के शनिवार को 1719 शोज थे. फिल्म में तापसी पन्नू लीड रोल निभा रही हैं। बॉर्डर 2 ने शनिवार को 65 लाख का ग्रॉस और 55 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 520 शोज मिले थे. फिल्म का टोटल कलेक्शन ग्रॉस 388.53 करोड़ और नेट 325.25 करोड़ हो गया है. बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह ने बनाया. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे स्टार्स थे। चौथे शनिवार को फिल्म ने 60 लाख का ग्रॉस कलेक्शन और 50 लाख का नेट कलेक्शन किया. फिल्म को 560 शोज मिले. फिल्म को 20.7 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने टोटल 55.88 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया. वहीं 47.05 करोड़ का नेट कलकेक्शन किया. मदार्नी 3 में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं।

# श्रीनिवास मंगपुरम से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक जारी

श्रीनिवास मंगलापुरम से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सुपरस्टार कृष्णा के पोते, जया कृष्णा आरएक्स100 और मंगलावरम फेम के अजय भूपति के डायरेक्शन में ऑन-स्क्रीन डेब्यू कर रहे हैं।


फिल्म का नाम श्रीनिवास मंगलापुरम है और आज मेकर्स ने फर्स्ट लुक रिलीज किया। महेश बाबू ने फिल्म से जया कृष्णा का फर्स्ट लुक रिलीज किया और मेकर्स को शुभकामनाएं दीं। फर्स्ट लुक में जया कृष्णा एक स्टाइलिश अवतार में बाइक चलाते हुए और अपनी बंदूक से अपने दुश्मनों पर फायर करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। अपने घुंघराले बालों के साथ वह हैंडसम लग रहा था और हालात के हिसाब से उसके इंटेंस एक्सप्रेशन खतरनाक हो जाते थे। उसने रिस्ट बैंड और ब्लैक टी-शर्ट पहनी हुई थी। इस फिल्म में पुरानी एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फीमेल लीड रोल में हैं। यह राशा की टॉलीवुड में पहली फिल्म है। जीवी. प्रकाश



कुमार म्यूजिक डायरेक्टर हैं और फिल्म को पी. किरण ने अपने चंदमामा कथालू बैनर तले प्रोड्यूस किया है। अश्विनी दत्त फिल्म को प्रेजेंट कर रहे हैं।

# भूत बंगला, में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी मिथिला पालकर, बहन के किरदार में आएंगी नजर

भूत बंगला 2026 की उन फिल्मों में से है जिसका दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार है. इसकी सबसे बड़ी वजह है बॉलीवुड की ओजी जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 16 साल बाद हो रही धमाकेदार वापसी. बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म ने उन फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्में देख-देखकर बड़े हुए हैं. हर कोई उस सिग्नेचर ह्यूमर और हंसी के जादू को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब है जिसने पिछली कई फिल्मों को यादगार बनाया था। इस इंतजार



को और बढ़ाते हुए अक्षय कुमार ने हाल ही में फिल्म की कास्ट में एक नया नाम जोड़ा है, मिथिला पालकर. अक्षय ने बताया कि मिथिला फिल्म में उनकी बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी. इस फ्रेश कास्टिंग ने कहानी में एक नया एंगल जोड़ दिया है, और अब फैंस बस इस जोड़ी के ऑन-स्क्रीन मैजिक का इंतजार कर रहे हैं।

अक्षय कुमार ने खुद इस बारे में बताते हुए कहा, मिथिला ने अपना सफर इंटरनेट से शुरू किया था और आज वह कई फिल्मों में काम कर रही हैं. और जल्द ही, वह एक ऐसे एक्टर के साथ नजर आएंगी जिसे मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं, गेस कीजिए कौन? मैं खुद! भूत बंगला में मिथिला भूत का नहीं, बल्कि मेरी बहन का किरदार निभाती दिखेंगी। फैंस भूत बंगला के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। यह फिल्म न केवल अक्षय और प्रियदर्शन की ओजी जोड़ी को 16 साल बाद वापस ला रही है, बल्कि यह एक कम्पलीट फैमिली एंटरटेनर होने वाली है. इसमें भरपूर कॉमेडी, मजेदार अफरा-तफरी और दिल को छू लेने वाले पल देखने को मिलेंगे. दर्शक अक्षय कुमार को उनके पुराने अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग में देखने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं प्रियदर्शन वही पुराना जादू और कहानियों का वो देसी तड़का वापस ला रहे हैं जिसने उनकी पिछली फिल्मों को यादगार बनाया था।

बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे. फिल्म के प्रोड्यूसर अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर हैं।

# रोजाना 5 मिनट का ध्यान जीवन को बनाता है बेहतर,इस तरह करें दिनचर्या में शामिल

ध्यान एक ऐसा अभ्यास है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना केवल 5 मिनट का ध्यान करते हैं तो इससे आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। यह न केवल आपको तनाव मुक्त करता है, बल्कि आपके मन को भी शांत करता है और आपको अधिक केंद्रित रहने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि कैसे 5



मिनट का ध्यान आपके जीवन को बेहतर बना सकता है।

**ध्यान लगाने से करें सुबह की शुरूआत**

सुबह का समय सबसे अधिक सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। जब आप सुबह उठते हैं तो आपका मन शांत और ताजगी से भरा होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करना आपके दिन की शुरूआत को बेहतर बना सकता है। यह आपको पूरे दिन ऊर्जा और उत्साह से भर रख सकता है। इसके अलावा यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित और सकारात्मक महसूस करवाता है।

**खाने के दौरान लगाएं ध्यान**

खाने का समय भी ध्यान लगाने का एक अच्छा अवसर हो सकता है। जब आप खाना खा रहे हों तो हर निवाले को ध्यानपूर्वक चखें और उसका आनंद लें। इससे न केवल आपका भोजन अधिक स्वादिष्ट लगेगा, बल्कि आप अधिक संतुष्ट भी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको अपने भोजन के प्रति जागरूक बनाता है और खाने की आदतों को सुधारने में मदद करता है। इससे आप अधिक संतुलित और सेहतमंद भोजन का अनुभव कर पाएंगे।

**चलने के दौरान लगाएं ध्यान**

चलना एक प्राकृतिक गतिविधि है, जिसे हम सभी करते हैं। अगर आप चलते समय 5 मिनट का ध्यान लगाते हैं तो यह आपके मन को स्थिर करता है और आपको अधिक केंद्रित बना सकता है। आप अपने कदमों पर ध्यान दें, सांसों की आवाज सुनें और अपने आस=पास की प्रकृति का आनंद लें। इससे न केवल आपका मन शांत होगा, बल्कि आप अधिक ऊर्जा और उत्साह से भरपूर महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखेगा।

**सोने से पहले लगाएं ध्यान**

सोने से पहले का समय भी बहुत अहम होता है। इस समय 5 मिनट का ध्यान करने से आपका मन शांत हो सकता है और नींद जल्दी आ सकती है। आप अपने दिनभर के अनुभवों पर विचार करें, सकारात्मक सोचें और नकारात्मक विचारों को दूर करें। इससे आपकी नींद गहरी होगी और आप सुबह ताजगी महसूस करेंगे। यह अभ्यास आपको मानसिक शांति और शारीरिक आराम प्रदान करेगा, जिससे आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**काम करने के दौरान लगाएं ध्यान**

काम करते समय भी छोटे-छोटे ब्रेक लेकर आप ध्यान लगा सकते हैं। जब भी आपको लगे कि आप थक रहे हैं या आपका ध्यान भटक रहा है, थोड़ी देर रुके, गहरी सांस लें और अपने मन को स्थिर करें। इससे आपकी उत्पादकता बढ़ेगी और आप अधिक केंद्रित रहेंगे। इन सरल तरीकों से आप अपने रोजमर्रा के जीवन में आसानी से ध्यान को शामिल कर सकते हैं और इसके फायदों का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

# हर महिला के पास होने चाहिए ये 5 सिल्क स्कार्फ,साधारण आउटफिट को बना देंगे खास

एक अच्छा सिल्क स्कार्फ न केवल आपके लुक को निखारता है, बल्कि इसे पहनने से आप हमेशा स्टाइलिश भी दिखती हैं। यह एक सदाबहार फैशन एक्सेसरी है, जो हर मौसम में आपके कपड़ों को खास बना सकती है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, सिल्क स्कार्फ हर बार एक नया अंदाज देता है। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपके पास किन रंगों वाले सिल्क स्कार्फ होने चाहिए।



**सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ**

सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी कपड़े के साथ आसानी से मेल खाता है। यह रंग न केवल साफ-सुथरा दिखता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ताजगी महसूस कर सकती हैं। सफेद रंग का सिल्क स्कार्फ आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, यह हर बार एक नया अंदाज देता है।

**काले रंग का सिल्क स्कार्फ**

काले रंग का सिल्क स्कार्फ एक बेहतरीन विकल्प है, जो हर मौके पर खास लुक देता है। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह हर तरह की स्टाइलिंग में अच्छा लगता है। काले रंग का सिल्क स्कार्फ आपके व्यक्तित्व को निखारता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कराता है। आप इसे पार्टी में जाते समय भी पहन सकती हैं और ऑफिस के कपड़ों पर भी स्टाइल कर सकती हैं।

**लाल रंग का सिल्क स्कार्फ**

लाल रंग का सिल्क स्कार्फ हर महिला की अलमारी का हिस्सा होना चाहिए, जो जीवंत लगता है। यह रंग न केवल ध्यान खींचता है, बल्कि इसे पहनकर आप हमेशा ऊर्जा से भरी महसूस कर सकती हैं। लाल रंग का सिल्क स्कार्फ किसी भी मौके पर अच्छा लगता है, फिर चाहे वह शादी समारोह हो या डेट नाइट। आप इसे कुर्ती या साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों के ऊपर भी स्टाइल कर सकती हैं।

**नीले रंग का सिल्क स्कार्फ**

नीले रंग का सिल्क स्कार्फ एक नरम और सादा विकल्प है, जो हर मौके पर अच्छा लगेगा। इसे आप किसी भी रंग के कपड़े के साथ पहन सकती हैं और यह आपके व्यक्तित्व को निखारने में योगदान देगा। खास तौर से इस रंग वाला स्कार्फ ऑफिस जाने वाली महिलाओं के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। इस रंग के स्कार्फ को आप काले, नीले, ग्रे और सफेद जैसे सदाबहार रंगों वाले कपड़ों के साथ पेयर करें।

**हरे रंग का सिल्क स्कार्फ**

हरे रंग का सिल्क स्कार्फ ताजगी और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक हो सकता है। इसे आप चुनिंदा रंगों वाले कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, लेकिन यह आपको एक जीवंत लुक देगा। इस रंग वाला स्कार्फ पारंपरिक परिधानों के ऊपर बहुत अच्छा लगता है, चाहे आप कुर्ती पहन रही हों या सूट। चाहे आप इसे किसी पारंपरिक कपड़े के साथ पहनें या आधुनिक कपड़ों के साथ, हरे रंग का सिल्क स्कार्फ हर बार एक नया अंदाज देता है।

# लखनऊ में गूंजा बिजुरिया फिल्म का नाम–भव्य अंदाज में हुआ टीजर लॉन्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज भारत की पहली एआई-लाइव एक्शन संयुक्त महिला सुपरहीरो फिल्म बिजुरिया का आधिकारिक टीजर लॉन्च भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह फिल्म एक साधारण लड़की दिव्या की असाधारण यात्रा की कहानी है, जो आत्मविश्वास की कमी और सामाजिक भेदभाव से जूझते हुए अपनी पहचान तलाशती है। फिल्म उन महिलाओं की हकीकत को उजागर करती है, जो रोजाना उत्पीड़न और भेदभाव का सामना करती हैं। कहानी में दिव्या की मुलाकात तेज नाम की एक बहादुर और वैज्ञानिक सोच रखने वाली युवती से होती है, जो उसकी जिंदगी बदल देती है। यह मुलाकात दिव्या को एक अनोखी सुपरहीरो में परिवर्तित कर देती है, जो समाज में व्याप्त कुरीतियों और अपराध के खिलाफ खड़ी होती है तथा महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश करती है। फिल्म के निर्देशक शारिब रजा ने बताया कि बिजुरिया महिला सशक्तिकरण को एक नए और आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक और लाइव-एक्शन के संयोजन से यह फिल्म भारतीय सिनेमा में एक नई दिशा स्थापित करेगी। फिल्म में मुख्य भूमिका लखनऊ की प्रतिभाशाली अभिनेत्री



कंचन अवस्थी निभा रही हैं। थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली कंचन ने गन वाली दुल्हनिया, भूत वाली लव स्टोरी, चापेकर ब्रदर्स तथा टीवी सीरियल अम्मा में अपनी दमदार अदाकारी से पहचान बनाई है। कंचन ने कहा कि ह्लबिजुरियाह्व उनके करियर की सबसे अलग और खास फिल्म है। उन्होंने साझा किया कि शुरूआती दौर में परिवार ने बाहर जाकर काम करने की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन उनके जुनून और मेहनत ने सबका नजरिया बदल दिया। आज उनका परिवार उनका सबसे बड़ा सहारा है।

कार्यक्रम में इंडियन फिल्म अकादमी के सह-संस्थापक दिनेश सहगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने फिल्म की परिकल्पना और विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि बिजुरिया तकनीकी नवाचार और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संगम है। निमार्ताओं ने जानकारी दी कि फिल्म की शूटिंग 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। कुल 30-35 दिनों का शूटिंग शेड्यूल निर्धारित है, जिसमें अत्याधुनिक एआई तकनीक का उपयोग किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में लगभग 20 दिनों तक फिल्मांकन होगा। लखनऊ, आगरा एवं अन्य प्रतिष्ठित स्थानों पर फिल्म के महत्वपूर्ण दृश्य शूट किए जाएंगे। फिल्म का निर्माण फुल फ्रेम फिल्म्स और जय श्री माधव क्रिएशन्स के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। निमार्ताओं के अनुसार, फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर ली जाएगी और उसी अवधि में रिलीज की तैयारी की जाएगी। बिजुरिया केवल एक सुपरहीरो फिल्म नहीं, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने का संदेश देने वाली प्रेरणादायक कहानी है।

# आगामी होली पर्व खुद दृष्टिगत रखते हुए जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 07 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए



बताया कि विगत दिवस देर रात्रि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा सेक्टर-12 नोएडा सब्जी मंडी स्थित प्रतिष्ठा द डेयरी से खोया का 01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविन्द्र नाथ वर्मा, विजय बहादुर पटेल की टीम द्वारा सेक्टर 143 नोएडा स्थित बी टी डब्लू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से 01 चमचम व 01 पनीर का नमूना लिया गया तथा इसी टीम द्वारा देर रात्रि में 16 किलोमीटर यमुना एक्सप्रेसवे पर सबलपुर अलीगढ़ की सुशील की डेयरी से वाहन संख्या वढ 81ऋ5028 से दिल्ली एवं एन सी आर में सप्लाई के लिए ले जा रहे पनीर की गाड़ी को रोक कर चेक किया गया और उससे पनीर का 01 नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पांडेय एवं ओ पी सिंह की टीम द्वारा सेक्टर-37 नोएडा स्थित सोहो किचेन एंड कंपनी से पिज्जा सॉस का 01 नमूना लिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य '' गोरखपुर के नेतृत्व में अंतर्जनपदीय टीम द्वारा के -51 साइट 5 यू पी एस आई डी सी कासना ग्रेटर नोएडा स्थित खाद्य तेल निर्माण इकाई अल्टीमेट सॉल्यूशन से 01 सरसों के तेल का व 01 नारियल तेल का नमूना लिया लिया गया। इस प्रकार कुल 07 नमूनें लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गये।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# एयरटेल ने बड़े पैमाने पर डिजिटल एनबीएफसी प्लेटफॉर्म स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी टेलीकम्युनिकेशंस सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल ने आज अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) इकाई एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा की।

यह कदम भारत में ऋण उपलब्धता की कमी को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनबीएफसी सहायक कंपनी को आने वाले कुछ वर्षों में कुल 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी से सशक्त किया जाएगा। इसमें एयरटेल 70 प्रतिशत निवेश करेगी, जबकि शेष 30 प्रतिशत राशि प्रमोटर समूह के माध्यम से भारती एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा निवेश की जाएगी।

भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, पिछले दो वर्षों में हमारे एलएसपी प्लेटफॉर्म की सफलता इस बात का प्रमाण है कि हम तकनीक, डेटा और ग्राहकों के भरोसे को जोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

हमने देश के सबसे भरोसेमंद और विस्तार योग्य डिजिटल क्रेडिट इंजनों में से एक तैयार किया है, जो लाखों लोगों तक उच्च गुणवत्ता वाला ऋण पहुंचा रहा है और यह उद्योग के उच्च मानकों पर खरा उतरा है।

हमारा एनबीएफसी विस्तार इस मजबूत नींव को और मजबूत करेगा।

यह दिखाता है कि हम एक अलग पहचान वाला और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल लोन कारोबार बनाना चाहते हैं, जो भरोसे, नई सोच और ज्यादा लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने पर आधारित होगा।

# जिन्दगी बदलने वाले रहस्यों की कहानी है फिल्म 'द वार्डरोब': ज्योति राज गवाली

## सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'द वार्डरोब' 24 अप्रैल को रिलीज होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** राज गवाली प्रोडक्शन ने बॉलीवुड सुपरनैचुरल थ्रिलर द वार्डरोब का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया, जो आगामी 24 अप्रैल को रिलीज होगी सौरभ चौबे द्वारा निर्देशित हॉरर-आधारित फिल्म में दिव्या अग्रवाल और रजनीश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण ज्योति राज गवाली ने किया है, जबकि सह-निमार्ता राज गवाली हैं।



अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल इस फिल्म के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। वह बिग बॉस ओटीटी और एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस की विजेता रह चुकी हैं। दिव्या ने कहा कि फिल्म मेरे लिए एक अभिनेत्री के रूप में चुनौतीपूर्ण रही। इसकी कहानी बेहद रोमांचक और रहस्यमयी है, और मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर अनुभव करें। पोस्टर में फिल्म का शीर्षक द वार्डरोब गहरे लाल रंग में उभरकर सामने आता है, जो इसकी हॉरर थीम को और मजबूत बनाता है। साथ ही पोस्टर में फिल्म की रिलीज डेट 24 अप्रैल, 2026 की घोषणा भी की गई है अभिनेता रजनीश दुग्गल ने कहा कि जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मुझे लगा इसमें कुछ अलग है। यह फिल्म सस्पेंस और मनोवैज्ञानिक तत्वों का अनोखा मेल है, और पोस्टर सिर्फ इसकी एक झलक भर है।

निमार्ता ज्योति राज गवाली ने बताया कि द वार्डरोब केवल डर की कहानी नहीं है, बल्कि उन रहस्यों की कहानी है जो जिंदगी बदल सकते हैं। हम चाहते थे कि फर्स्ट लुक में ही इसकी तीव्रता और रहस्य झलकें।

## विचारों की भागीरथी: सामाजिक यथार्थ का दर्पण: डॉ.सविता चढ़ा

# हिंदी भवन में विचारों की भागीरथी का भव्य लोकार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आईटीओ स्थित हिंदी भवन में स्नेह चैरिटेबल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक एवं लेखक ज्योति स्वरूप गौड की नवीन कृति विचारों की भागीरथी का भव्य लोकार्पण समारोह सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार और शिक्षाविदों और समझती चिंतन की उल्लेखनीय की जिसने समारोह को विशिष्ट ऊंचाइयां प्रदान की।कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार उमंग सरीन की मधुर सरस्वती वंदना से हुआ, संचालन डॉ.वर्षा सिंह ने किया।

समारोह की अध्यक्षता कर रही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा ने अपने उद्बोधन में पुस्तक के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लेखक ने ऑनर किलिंग,लिव- इन रिलेशनशिप, बुलिंग और गलत खानपान से बढ़ते मोटापे जैसे संवेदनशील एवं अपेक्षित विषयों को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया है। मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य अकादमी के पूर्व उप सचिव ऋषिकुमार शर्मा ने हिंदी हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार में सोशल मीडिया की भूमिका पर बल देते हुवे, पुस्तक के सारगर्भित अंशु को संक्षिप्त रिल्स के जरिए युवाओं तक पहुंचाने का सुझाव दिया। लेखक ज्योति स्वरूप गौड ने अपने उद्बोधन में कहा कि "विचारों की



भागीरथी"का उद्देश्य समाज को सकारात्मक दिशा देना है।उन्होंने छोटे-छोटे, व्यवहारिक बदलावों जैसे-जन्मदिन पर वृक्षारोपण, जूट के थैले का उपयोग,युवाओं में असावधान डिजिटल प्रवृत्तियों पर संयम और माता पिता द्वारा बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय को सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बताया।बतौर अति विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक-पत्रकार एवं विचारक डॉ. शंभु पवार ने कहा कि ज्योति प्रकाश गौड केवल दिल्ली पुलिस के एक जाबांज अधिकारी ही नहीं, बल्कि संवेदनशील लेखक और विचारक भी हैं। उनकी कृति यह सिद्ध करती है कि वर्दी के भीतर भी एक भावनाशील हृदय और रचनात्मक मन बसता है। उन्होंने कहा कि ऐसे साहित्यिक प्रयास पुलिस की मानवीय छवि को सशक्त बनाते हैं तथा आमजन और पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करते हैं। डॉ. सुधा शर्मा 'पुष्प' ,वरिष्ठ कवि आमोद कुमार ने लेखक के समाधानपरक दृष्टिकोण की सराहना की। प्रकाशक डॉ. सुमन मोहिनी सलोनी ने लेखक को शुभकनाएं दी। कार्यक्रम मे गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ लेखिका,साहित्यकार डॉ.गीतांजली नीरज अरोड़ा ने लेखक ज्योति स्वरूप गौड को पुष्प गुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में डॉ.कविता मल्होत्रा, मीनाक्षी शर्मा, रंजना अग्रवाल, रंजना मजूमदार, संतोष पटेल, विकाश मिश्रा, अशोक भारद्वाज, शिल्पा राजपूत, एडवोकेट सुशीला, अनिका, रवि कुमार सहित साहित्यकारों की उपस्थिति रही।इस अवसर पर रचनाकारों ने बेहतरीन काव्य प्रस्तुति भी दी। अंत में आयोजक ज्योति पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संदिग्ध हालात में 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत, जांच मे जुटी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद में मंगलवार को एक 38 वर्षीय व्यक्ति की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया गया है कि घर पर अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

प्राथमिक जांच में विषाक्त पदार्थ सेवन की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। गांव में पारिवारिक विवाद की चर्चा भी सामने आ रही है, हालांकि पुलिस ने किसी भी दावे की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सुरेविन इंटरनैशनल स्कूल में रोबोटिक्स नेशनल चैंपियनशिप आयोजित

# सीनियर रोबो मिशन में सुरेविन स्कूल ने लहराया परचम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारत एआई लैब्स के तत्वावधान में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल नेशनल है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की समझ विकसित करते हैं। विद्यालय प्रबंधक तुषार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को आनंद, आशुतोष, रश्मि, शांभवी पांडे, इशिका, जाह्नवी, अनुराग, अक्षय, कुणाल, अंकुर, प्रिंस और अमन आदि अतिथियों के अलावा शिवांश शर्मा, दीपक कुमार, अश्विनी शर्मा, भावना, जया कौशिक,



रोबोटिक चैंपियनशिप में मेजबान शिक्षण संस्थान सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने सीनियर वर्ग के रोबो मिशन में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई। एक दिवसीय आयोजन में एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने तकनीकी स्पधाओं में भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इंजीनियरिंग रुचिर गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक डॉ शिखा दरबारी और सुरेविन फेडरेशन अध्यक्ष डॉ रीता वार्ष्णेय उपस्थित रहीं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डॉ रीता वार्ष्णेय ने अपने संबोधन के जरिए तकनीकी शिक्षा को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सराहा। डॉ शिखा दरबारी ने कहा कि नवाचार आधारित शिक्षा ही वर्तमान समय की आवश्यकता व्यवहारिक और तकनीकी शिक्षा से जोड़ना है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर देती हैं। प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु ने कहा कि तकनीकी युग में रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। प्रतियोगिताएं उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को सशक्त बनाती हैं। इस दौरान रोबो मिशन, रोबो गेम्स, रोबो सुमो, रोबो रेस, रोबो टेबल टेनिस, रोबो फंक्शन, रोबो सॉकर और रोबोटिक प्रोग्रामिंग श्रेणियों में प्रतिस्पधाएं आयोजित की गई थी। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरुणिमा रघुवंशी, नरेश कुमार, मीनाक्षी सिरोही, केपी जयंत, उमाशंकर, आकाश वैशाली त्यागी, ज्योति पांचाल सहित मेंटर्स की सक्रिय भूमिका रही।

**प्रतिस्पर्धाओ में इन स्कूलों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन**

रोबो मिशन के सीनियर वर्ग में सुरेविन स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इनोवेशन जंक्शन में जीएस मॉडर्न स्कूल अव्वल रहा। रोबो टेबल टेनिस व रोबो सुमो में एलन हाउस पब्लिक स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय व सुरेविन स्कूल तृतीय रहा। रोबो रेस में डीपीएस एचआरआईटी (बालक वर्ग) प्रथम, सुरेविन स्कूल द्वितीय तथा डीपीएस एचआरआईटी (बालिका वर्ग) तृतीय स्थान पर रहा। रोबो फंक्शन में महिमा पब्लिक स्कूल प्रथम रहा व रोबो सॉकर में जीएस मॉडर्न स्कूल प्रथम रहा। एलिमेंट्री रोबो मिशन में महिमा पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी।

# कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी 26 फरवरी को आएंगे भारत,पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक अनिश्चितता के बीच कनाडा की नई सरकार अपने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को मजबूत और संतुलित बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। इस दौरे का पहला और अहम पड़ाव भारत होगा, जिसे कनाडा अपने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के प्रमुख साझेदारों में गिनता है।

प्रधानमंत्री कार्नी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इस रिलीज के अनुसार, कार्नी पहले मुंबई और फिर नई दिल्ली पहुंचेंगे, जहां उनकी मुलाकात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निर्धारित है। बैठक का मुख्य फोकस कनाडा-भारत संबंधों को नए सिरे से मजबूती देना और व्यापारिक सहयोग को विस्तार देना होगा।

दोनों नेता व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), टैलेंट मोबिलिटी, सांस्कृतिक सहयोग और रक्षा क्षेत्र में संभावित नई साझेदारियों पर चर्चा करेंगे।



कनाडा, जो प्राकृतिक संसाधनों, स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों से समृद्ध है, भारत जैसे तेजी से उभरते बाजार के साथ दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारी को प्राथमिकता दे रहा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग, डिजिटल अर्थव्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार कनाडाई निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री कार्नी भारतीय और कनाडाई व्यापारिक नेताओं से भी मुलाकात करेंगे, ताकि दो-तरफा निवेश और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक सप्लाई चेन, ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों को लेकर देशों के बीच नए समीकरण बन रहे हैं। कनाडा की नीति स्पष्ट है–अपने पारंपरिक व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता कम करते हुए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विविधता लाना। भारत के साथ सहयोग इस रणनीति का केंद्रीय हिस्सा माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्नी का मानना है कि कनाडा के पास वह सब कुछ है जिसकी दुनिया को जरूरत है–स्वच्छ ऊर्जा, जरूरी मिनरल्स, उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता और विश्वस्तरीय प्रतिभा। भारत के साथ मजबूत साझेदारी न केवल व्यापार बढ़ाएगी, बल्कि दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच रणनीतिक विश्वास और क्षेत्रीय स्थिरता को भी सुदृढ़ करेगी। इस यात्रा को कनाडा-भारत संबंधों में संभावित रीसेट के रूप में देखा जा रहा है, जो भविष्य में आर्थिक, तकनीकी और रक्षा सहयोग के नए अध्याय खोल सकता है।

## धरना प्रदर्शन | चिकित्सक के खातों से 32 लाख की रकम निकालने का मामला

# दूसरे दिन भी किया बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थानीय शाखा में जमा 32 लाख रुपये कथित रूप से गायब होने के मामले में मंगलवार को दूसरे दिन भी बैंक के बाहर धरना जारी रहा। पीड़ित डॉ एसके शर्मा ने आरोप लगाया है कि 17 से 19 फरवरी के बीच उनके बैंक के दो खातों से 35 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 32 लाख रुपये यूपीआई और आईएमपीएस के माध्यम से निकाल लिए गए। डॉ एसके ने बैंक कर्मियों पर मिली भगत का आरोप लगाया है। डॉ एसके शर्मा के अनुसार यह धनराशि बेटी की शादी



के लिए जमा की गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया। लेकिन प्रारंभिक स्तर पर प्रक्रिया में विलंब हुआ। बाद में मामला साइबर क्राइम प्रकोष्ठ में दर्ज किए जाने की पुष्टि हुई। मंगलवार को साइबर क्राइम टीम और सिविल पुलिस ने शाखा पहुंचकर बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से पूछताछ की। हालांकि प्रथम दृष्टया किसी निष्कर्ष पर आधिकारिक रूप से कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। डॉ एसके शर्मा का कहना है कि जब तक पूरी रकम की वापसी नहीं होती है विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बैंक प्रबंधन की ओर से तीन दिन में स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिए जाने की बात भी सामने आई है। धरने में बबीता शर्मा, चमन जहां, रेखा, सुमन, सुषमा, आरती, भावना शर्मा, रमेश प्रजापति, रामाश्रय शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, रतन सिंह यादव, रामकिशन शर्मा, बबली गुर्जर, नंदकिशोर शर्मा, गजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, चांदवीर चौधरी, बी.के. शर्मा, महेश चंद शर्मा, लोकेश कुमार गुप्ता, जानी चौधरी, डॉ जाहिद अली, जेड अब्बासी, आसिफ अली, सचिन, दिनेश शर्मा, विनोद, विकास यादव, राहुल राणा, राजीव त्यागी, पुष्पेंद्र आर्य, बाबूराम शर्मा, डॉ जमील खान, जगदीश शर्मा, सुमन, सुबे सिंह, ताराचंद, प्यार चंद, संजय बब्बर, कार्तिक, बिट्टू शर्मा, पप्पू शर्मा, अमन शर्मा, अमित चौधरी, बिरजू गर्ग, मोनू पंडित, तरुण शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक, किसान, छात्र और अधिवक्ता संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267